

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



वर्ष 03 : अंक : 266 | ग्वालियर, गुरुवार 29 अक्टूबर 2020 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य : 01, रुपए, पृष्ठ 8


## न्यूज ट्रैक

### बिग बॉस में जान कुमार सानू के मराठी लैंग्वेज पर किए गए कमेंट से मचा बवाल, वायाकॉम ने मांगी माफी



**मुंबई।** बिग बॉस के कंटेस्टेंट जान कुमार सानू के मराठी लैंग्वेज वाले कमेंट पर बवाल मचने के बाद वायाकॉम मीडिया प्राइवेट लिमिटेड ने माफी मांगी है। रियलिटी शो बिग बॉस को वायाकॉम कंपनी ही ब्रॉडकास्ट करती है। शिवसेना और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) ने शूटिंग रोकने की धमकी देते हुए माफी की मांग की थी। इस मुद्दे पर महाराष्ट्र के गृहमंत्री अनिल देशमुख ने कहा कि आज किसी भी इंसान पर इस बात पर रोक नहीं लगाई जा सकती कि उसे किस भाषा में जवाब देना चाहिए या प्रश्न करना चाहिए। जब बिग बॉस में एक कंटेस्टेंट ने मराठी में उत्तर देने की कोशिश की तो उसे रोकना सरासर गलत था। महाराष्ट्र पुलिस इसके ऊपर जरूरी कानूनी कार्रवाई करेगी। विवाद शुरू होने के महज कुछ ही घंटों बाद कलर टीवी का संचालन करने वाली वायाकॉम मीडिया प्राइवेट लिमिटेड ने कहा हे कि वह सभी भाषओं का सम्मान करती है। कंपनी ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे को लिखे पत्र में कहा, हमने इन आपत्तियों पर ध्यान दिया है और भविष्य के प्रसारण से ऐसे हिस्से को हटाने के उपाय किए हैं। पत्र में कहा गया कि अगर मराठी भाषा से संबंधित कंटेंट को ब्रॉडकास्ट करके महाराष्ट्र के लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंची है तो फिर हम क्षमा चाहते हैं। बॉलीवुड सिंगर कुमार सानू के बेटे जान ने कथित तौर पर अपने साथी कंटेस्टेंट से शो में मराठी में बात नहीं करने के लिए कहा था, जिसके बाद मराठी मानवाधिकार के अधिकारों की रक्षा के लिए बनी दो राजनीतिक पार्टियों ने कार्रवाई की मांग की थी।

### किसने बनाया आरोग्य सेतु ऐप? सरकार को नहीं जानकारी, आरटीआई बॉडी ने जारी किया नोटिस

**नई दिल्ली।** कोरोना संक्रमण की ट्रेसिंग के लिए आरोग्य सेतु ऐप को सरकार की तरफ से आवश्यक टूल करार देते हुए कोरोना वायरस के खिलाफ इसे एक बड़ा हथियार माना गया। लाखों भारतीयों ने इस ऐप को अपने मोबाइल में डाउनलोड किया। लेकिन, अब इस ऐप को आखिर किसने बनाया इस बात पर सस्पेंस पैदा हो गया है। एक तरफ जहां आरोग्य सेतु वेबसाइट में यह कहा गया है कि इसे नेशनल इन्फॉर्मेटिक सेंटर और इन्फॉर्मेशन टेक्नॉलोजी मिनिस्ट्री की तरफ से तैयार किया गया है तो वहीं दूसरी तरफ सूचना के अधिकार के तहत दोनों ने इस बात से इनकार किया है कि आखिर इस ऐप को किसने डेवलप किया। एनडीटीवी की खबर के मुताबिक, केन्द्रीय सूचना आयोग ने आरोग्य सेतु ऐप बनाने पर जानकारी न होने को लेकर सरकार को नोटिस जारी किया है। शीर्ष आरटीआई बॉडी ने नोटिस में कहा- अथॉरिटीज की तरफ से जानकारी न होने की दलील देना स्वीकार्य नहीं है। इसमें कहा गया- कोई भी चीफ पब्लिक इन्फॉर्मेशन ऑफिसर्स इस बात का जवाब देने में असक्षम थे कि किसने ऐप डेवलप किया, कहां पर फाइल्स हैं और यह बेहद ऊटपटांग है। संबंधित विभाग से केन्द्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) ने संबंधित विभागों को 24 नवंबर को पेश होने को कहा है। दरअसल, सामाजिक कार्यकर्ता सौरभ दास ने सूचना आयोग से यह शिकायत की थी कि आरोग्य सेतु ऐप किसने बनाया इस बारे में कई मंत्रालय जवाब देने में विफल रहे।

### खुदरा व्यापारियों और आढ़तियों के लिए घातक हैं नये कृषि कानून, बढ़ेगा शोषण : रामगोविंद

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश विधानसभा में विपक्ष के नेता रामगोविंद चौधरी ने केंद्र के तीन नये कृषि कानूनों को किसानों, खुदरा व्यापारियों और आढ़तियों के लिए घातक करार दिया है। चौधरी ने बुधवार को एक बयान में कहा कि यह विभिन्न उद्योगों में लगे लोगों को व्यापारी का दर्जा देकर उन्हें आयकर के दायरे में लाने की साजिश है। उन्होंने कहा कि कृषक उपज व्यापार एवं वाणिज्य (संवर्धन और सरलीकरण) विधेयक-2020 के अध्याय-एक में दिए गए प्रावधानों के मुताबिक कृषि उपज को खरीदने वाले व्यक्ति को व्यापारी कहा गया है।

# यूपी में बसपा के छह विधायकों की बगावत, अखिलेश यादव से की मुलाकात

**लखनऊ।** बसपा के छह विधायकों ने राज्यसभा की 10 सीटों के लिए हो रहे चुनाव में पार्टी हाईकमान से मतभेद के चलते बुधवार को बगावत कर दी। बसपा प्रत्याशी रामजी गौतम की राज्यसभा उम्मीदवारी में प्रस्तावक बने छह विधायकों ने प्रस्ताव पर अपने हस्ताक्षर के फर्जी होने का आरोप लगाया और पीठासीन अधिकारी को शपथ पत्र देकर नाम वापस लेने की बात कही। इसके बाद सभी छह विधायक समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव से मिलने सपा मुख्यालय पहुंच गए। विधायकों के इस रूख से हतप्रभ बसपा में हड़कंप मच गया। पूरे घटनाक्रम के पीछे समाजवादी पार्टी की सोची-समझी रणनीति मानी जा रही है। फिलहाल, बसपा के वरिष्ठ नेताओं ने पूरे मामले पर चुप्पी साध रखी है। मान-मनौव्वल का दौर जारी है। उधर, पीठासीन अधिकारी सभी विधिक पहलुओं पर विचार कर रहे हैं।

### रामजी गौतम के 10 प्रस्तावक

बसपा के वरिष्ठ नेताओं में से एक और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं। बिहार और मध्य प्रदेश राज्य के प्रभारी रामजी गौतम



ने बीते सोमवार को राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन किया था। उनके प्रस्ताव पत्र पर 10 बसपा विधायकों असलम राईनी, असलम अली चौधरी, हरगोविंद भार्गव, सुषमा पटेल, मुजतबा सिद्दीकी के अलावा लालजी वर्मा, रामअचल राजभर, उमाशंकर सिंह, आजाद अरिमर्दन और शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली के नाम हैं। इनमें से छह ने अपने हस्ताक्षर फर्जी होने का आरोप लगाते हुए नाम वापस लेने का शपथपत्र दिया है।

### बसपा विधायकों की बगावत का यह होगा असर

छह विधायकों की बगावत या यूं कहें प्रस्तावक के रूप में नाम वापस लेने पर बसपा उम्मीदवार रामजी गौतम का नामांकन खारिज होने की संभावना प्रबल हो गई है। हालांकि अंतिम फैसला विधिक नियमों और पीठासीन अधिकारी पर निर्भर करेगा। इस बात की भी कानूनी जांच की जा रही है कि क्या प्रस्तावकों के हस्ताक्षर वकई में फर्जी हैं? साथ ही उन्हें नाम वापस लेने का क्या विधिक अधिकार है। इसके चलते सपा समर्थित प्रत्याशी प्रकाश बजाज के बतौर 10वें प्रत्याशी निर्विरोध चुने जाने की संभावना बन रही है। वह भी तब जबकि उनके नामांकन पत्र में कोई कमी न पाई जाए और नामांकन खारिज न हो। घटनाक्रम की शुरुआत बुधवार की सुबह 10.45 बजे के करीब हुई। बसपा विधायक असलम राईनी, असलम अली चौधरी, हाकम लाल बिंद, हरगोविंद भार्गव, मुजतबा सिद्दीकी और सुषमा पटेल विधानसभा पहुंचे। वहां उन्होंने पीठासीन अधिकारी को पत्र देकर कहा कि बसपा प्रत्याशी रामजी गौतम के नामांकन पत्र पर उन्होंने हस्ताक्षर नहीं किए हैं। जो भी हस्ताक्षर हैं वे फर्जी हैं। बात यहां तक तो ठीक थी, लेकिन विधानसभा से बाहर निकलते ही दोपहर करीब 12 बजे सभी विधायकों का काफिला बसपा मुख्यालय न जाकर समाजवादी पार्टी मुख्यालय पहुंच गया। इससे बसपा खेमे में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में दिल्ली में मायावती को सूचित किया गया। हंडिया प्रयागराज से बसपा विधायक हाकिम लाल बिंद ने कहा कि सभी विधायकों ने पीठासीन अधिकारी को शपथपत्र दिए हैं। प्रस्ताव पर हमारे हस्ताक्षर नहीं हैं। ऐसा करने वालों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाए।

### अखिलेश से आधे घंटे हुई मंत्रणा

बसपा के सभी छह विधायकों की सपा मुख्यालय में अखिलेश यादव से करीब आधा घंटे तक बातचीत हुई। सूत्रों का कहना है कि इस दौरान सभी विधायकों ने अखिलेश के नेतृत्व में काम करने की इच्छा जताई। अखिलेश यादव की ओर से इसका स्वागत किया गया। साथ ही बसपा विधायकों का अगला कदम क्या हो इसे लेकर रणनीति बनाई गई। माना जा रहा है कि यह विधायक लंबे समय से अखिलेश यादव के संपर्क में थे।

### विधिक पहलुओं पर हो रहा विचार

मुख्य निर्वाचन अधिकारी अजय शुक्ला ने कहा कि राज्यसभा चुनाव में प्रत्याशी के पांच प्रस्तावकों विवाद की स्थिति पैदा हो गई है। यह न्यायिक मामला हो गया है। इसके निस्तारण के लिए पीठासीन अधिकारी सभी विधिक पहलुओं पर विचार कर रहे हैं और विधिक राय ली जा रही है।

महाराष्ट्र के गवर्नर की कॉफी टेबल बुक

# शरद पवार ने चिट्ठी लिखकर जमकर कसे तंज

> शरद पवार अपनी चिट्ठी में लिखते हैं कि कैसे राज्यपाल ने सुबह की शपथ ग्रहण की तस्वीरें लगाने से परहेज किया. पवार यहां पर उन तस्वीरों का जिक्र कर रहे हैं जब महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के बाद सत्ता संघर्ष चल रहा था और शिवसेना से गठबंधन टूटने के बाद बीजेपी नेता देवेंद्र फडणवीस ने मुख्यमंत्री और एनसीपी नेता अजीत पवार ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली थी.

**मुंबई।** राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने कॉफी टेबल बुक नाम से किताब लिखीएनसीपी प्रमुख शरद पवार ने राज्यपाल को लिखी चिट्ठी फडणवीस-अजीत पवार के शपथ ग्रहण की तस्वीरें लगाने से परहेज महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने कॉफी टेबल बुक नाम से एक किताब लिखी है, जिसका 11 सितंबर को विमोचन किया गया. भगत सिंह कोश्यारी ने बतौर राज्यपाल एक साल के अपने कार्यकाल को पूरा करने के बाद ये किताब लिखी है. वहीं, अब राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के प्रमुख शरद पवार ने राज्यपाल पर निशाना साधा है. एनसीपी नेता ने भगत सिंह कोश्यारी को चिट्ठी लिखी है और उनकी किताब पर व्यंग्य किया है. शरद पवार ने चिट्ठी में कहा कि भारत के संविधान में जन राज्यपाल का कोई उल्लेख नहीं है. पुस्तक का शीर्षक था, जो कहता है कि जन राज्यपाल कोश्यारी. एनसीपी के दिग्गज नेता ने अपने पत्र में आगे लिखा कि कॉफी टेबल बुक से गुजरने के बाद एक या दो शपथ ग्रहण समारोह को छोड़कर कॉफी बुक में स्वागत समारोह, दीक्षांत समारोह और गणमान्य लोगों के साथ बैठकों के बारे में



उल्लेख किया गया है.

**शपथ ग्रहण की तस्वीरें लगाने से परहेज**–शरद पवार अपनी चिट्ठी में लिखते हैं कि कैसे राज्यपाल ने सुबह की शपथ ग्रहण की तस्वीरें लगाने से परहेज किया. पवार यहां पर उन तस्वीरों का जिक्र कर रहे हैं जब महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के बाद सत्ता संघर्ष चल रहा था और शिवसेना से गठबंधन टूटने के बाद बीजेपी नेता देवेंद्र फडणवीस ने मुख्यमंत्री और एनसीपी नेता अजीत पवार ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी. इसके अलावा चिट्ठी में वह गवर्नर को यह भी बताते हैं कि किताब में किसी चीज का जिक्र नहीं है. धर्मनिरपेक्षता पर उद्धव ठाकरे को राज्यपाल की सलाह के बारे में नहीं लिखा गया है. दरअसल, महाराष्ट्र में मंदिर खोलने को लेकर राज्यपाल कोश्यारी ने मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को एक तंज भरी चिट्ठी भेजी थी. उन्होंने कहा था कि ये विडंबना ही है कि राज्य में बार और रेस्तरां खुल गए हैं, लेकिन मंदिर अब भी बंद पड़े हैं. कभी हिंदुत्व का कट्टर समर्थन करने वाले आप क्या अचानक सेक्युलर हो गए हैं? राज्यपाल की इस चिट्ठी पर काफी विवाद हुआ था और अब शरद पवार ने अपने पत्र में इसका जिक्र किया है. गौरतलब है कि राज्यपाल ने 11 सितंबर को अपनी कॉफी टेबल बुक का विमोचन किया और इसकी कॉपियां राज्य के विभिन्न गणमान्य लोगों को भेजी गई.

71 सीटों पर मतदान जारी

# अब तक 51 प्रतिशत से अधिक वोटिंग

**बिहार विधानसभा चुनाव में पहले चरण का मतदान आज किया जा रहा है. सुबह सात बजे से ही वोटिंग शुरू हो गई और 16 जिलों की कुल 71 विधानसभा सीटों पर मतदाताओं की लंबी लाइन दिखाई दी.**

**नई दिल्ली।** बिहार विधानसभा चुनाव के महासंग्राम की पहली परीक्षा जारी है. पहले चरण में कुल 71 विधानसभा सीटों पर मतदान हो रहा है. सुबह से ही पोलिंग बूथों पर लोगों की लंबी कतारें लगी हुई हैं, कुछ जगह शुरुआत में ईवीएम और वीवीपैट मशीनों में दिक्कत की खबर आई. लेकिन बाद में फिर वोटिंग ने रफ्तार पकड़ी. शाम 5 बजे तक 51.68 फीसदी मतदान हो गया है.

कोरोना संकट काल में मतदान के लिए विशेष व्यवस्था की गई है, पीएम मोदी, तेजस्वी यादव, नीतीश कुमार ने लोगों से सावधानी बरतते हुए मतदान करने की अपील की है. पहले चरण के लिए कुल 1066 उम्मीदवार मैदान में हैं और 2.14 करोड़ से अधिक मतदाता वोट डाल रहे हैं.

05.50 बिहार में शाम 5 बजे तक 50 फीसदी से ज्यादा मतदान हो चुका है. चुनाव आयोग के मुताबिक, अब तक 51.68 फीसदी मतदान हुआ है.

03.45- बिहार में दोपहर 3 बजे तक 46.29 फीसदी मतदान हुआ है. बक्सर में 51.40 फीसदी मतदान हो चुका है. वहीं, पटना में 45.77 फीसदी वोटिंग हुई है.

03.10- बिहार में दोपहर 3 बजे तक 37 फीसदी से अधिक वोटिंग हो गई है. अभी भी कई पोलिंग बूथ पर लंबी कतार लगी हैं, हालांकि कुछ सीटें नक्सल प्रभावित होने के



कारण वोटिंग का वक्त 4 बजे तक ही है.

01.55- बिहार के गया में बीजेपी नेता और मंत्री प्रेम कुमार ने कमल छाप मास्क पहनकर वोट डाला है. अब रिटर्निंग अफसर उनके खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन को लेकर एफआईआर दर्ज करेंगे.

01.11- बिहार में दोपहर एक बजे तक 25.38 फीसदी मतदान हो गया है. 71 विधानसभा सीटों पर तेजी से मतदान की गति बढ़ रही है. पोलिंग बूथ पर लगातार लोगों की लाइन बढ़ती जा रही है. चुनाव आयोग की ओर से शाम 6.30 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस की जाएगी.

12.30- जमुई से राजद प्रत्याशी विजय प्रकाश ने आरोप लगाया कि करीब 55 बूथ पर ईवीएम काम नहीं कर रही है, ईवीएम बदली भी जा चुकी है फिर भी ऐसा हो रहा है. ऐसे में यहां चुनाव रद्द होना चाहिए. राजद ने केंद्र और बीजेपी पर इसका ठीकरा फोड़ा.

11.36- कांग्रेस नेता राहुल गांधी के ट्वीट के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी चुनाव आयोग जा सकती है. राहुल ने आज ट्वीट कर महागठबंधन के लिए वोट करने की अपील की थी.

# डीयू के वाइस चांसलर योगेश त्यागी निलंबित राष्ट्रपति ने दिए जांच के आदेश

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के वाइस चांसलर प्रोफेसर योगेश त्यागी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है. साथ ही राष्ट्रपति ने डीयू में प्रशासनिक अनियमितताओं को लेकर योगेश त्यागी के खिलाफ जांच के आदेश दिए हैं. केंद्रीय शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने प्रशासनिक स्तर पर अनियमितता के मामले में राष्ट्रपति से योगेश त्यागी के खिलाफ जांच की अनुमति मांगी थी. इसके बाद राष्ट्रपति ने इस मामले में जांच की इजाजत दी है. बताया जा रहा है कि वाइस चांसलर के खिलाफ प्रशासनिक अनियमितताओं की शिकायतों को लेकर शिक्षा मंत्री ने इस मामले में जांच करने का फैसला लिया था. इसके बाद शिक्षा मंत्री ने योगेश त्यागी के खिलाफ शिकायतों की जांच के लिए राष्ट्रपति से अनुमति मांगी थी. शिक्षा मंत्रालय की तरफ से जारी पत्र में कहा गया है कि प्रोफेसर योगेश त्यागी अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने में विफल रहे. उन्होंने वाइस चांसलर के रूप में अपने कर्तव्यों का निर्वहन ठीक से नहीं किया. उनके कार्यकाल के दौरान कई प्रमुख पद रिक्त रहे. इन रिक्त पदों को भरने के लिए मंत्रालय के स्पष्ट मैसेज के बावजूद उन्हें भरा नहीं गया. पत्र में कहा गया है कि शिक्षा मंत्री और उच्च शिक्षा सचिव के साथ कई बैठकों के बावजूद इस दिशा में कोई ठोस प्रगति नहीं हुई.

निकिता हत्याकांड : तौसिफ के विधायक चाचा बोले

# हत्या की वजह लव जिहाद नहीं, पर दोषी को कड़ी सजा मिले

> आज जो कुछ भी लोग कह रहे हैं वो सही है और उनमें गुस्सा है। मैं उन्हें गलत नहीं कह रहा। बता दें कि मुख्य आरोपी तौसिफ राजनीतिक रसूखदार परिवार से संबंध रखता है। तौसिफ के दादा कबीर अहमद विधायक रह चुके हैं, जबकि चाचा खुर्शीद अहमद हरियाणा के पूर्व मंत्री रहे हैं।

**फरीदाबाद।** हरियाणा के बल्लभगढ़ में बीकॉम फाइनल ईयर की छात्रा निकिता तोमर की हत्या के पीछे लव जिहाद का मामला होने से मुख्य आरोपी तौसिफ के परिवार ने इनकार किया है। हालांकि, उन्होंने दोषी को कड़ी सजा देने की बात कही है। मुख्य आरोपी तौसिफ के चाचा और बसपा नेता जावेद ने एक न्यूज चैनल से बात करते हुए कहा कि इस घटना में लव जिहाद का कोई भी मामला नहीं है, लेकिन जो भी दोषी है उसे कानून के अनुसार कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए, क्योंकि गलत काम करने वाला किसी का बेटा नहीं होता, वो सिर्फ एक अपराधी होता है। उन्होंने कहा कि लव जिहाद या धर्म परिवर्तन ऐसी बातें वो लोग कर रहे हैं जिन्हें धर्म के बारे में कुछ पता नहीं है। बसपा नेता ने कहा कि वो उस परिवार से संबंध रखते हैं जहां हिंदू भाइयों का 'यादा सहयोग रहता है। उनका परिवार सारे धर्मों की इ'जत करने वाला परिवार है। वहीं, एक अन्य रिश्तेदार (रिश्ते में भाई)



आफताब अहमद वर्तमान में कांग्रेस के नूंह (मेवात) से विधायक हैं। 21 वर्षीय तौसिफ फिजियो थेरेपिस्ट का कोर्स कर रहा है जोकि थर्ड ईयर में है। वारदात में शामिल दूसरा आरोपी रेहान निवासी रेवासन जिला नूंह का रहने वाला है और वह तौसिफ का दोस्त है।

### पहले भी किया था अपहरण

गौरतलब है कि हरियाणा के फरीदाबाद में सोमवार को दिनदहाड़े कार सवार दो बदमाशों ने मिल्क प्लांट रोड पर अग्रवाल कॉलेज से परीक्षा देकर घर लौट रही बी.कॉम फाइनल ईयर की छात्रा निकिता तोमर (20 वर्षीय) की गोली मारकर हत्या कर दी थी। लहूलुहान हालत में छात्रा को पास के निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हत्या के बाद आरोपी भागने में सफल रहे। हत्या की यह वारदात घटनास्थल के पास लगे एक सीसीटीवी में कैद हो गई। घटना का वीडियो खूब वायरल हो रहा है।


ग्वालियर से प्रकाशित

दैनिक पुष्पांजली टुडे

राष्ट्रीय मासिक पत्रिका, ऑनलाइन न्यूज़ चैंनल, पोर्टल, एंड्रॉयड ऐप

को

सम्पूर्ण भारत में नियुक्त करना है

ब्यूरो चीफ / रिपोर्ट्स

मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, आंध्रप्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, गोआ, कर्नाटक, केरल

आदि राज्यो के जिला एवं तहसील स्तर पर मनोनीत करना है।

संपर्क करें

कार्यालय : ए ब्लॉक, 404 भाऊ साहब पोतनीस एंक्लेव, गोले का मंदिर ग्वालियर मध्यप्रदेश मो. 8269307478, 7999246560

Website - www.pushpanjalitoday.com,
Email - pushpanjalitoday@gmail.com

## एक नजर...



### नागरिकों के बीच हो एकता की भावना

**अमन राय पुष्पांजलि टुडे**

पुलिस स्मरणोत्सव दिवस एवं पुलिस फ्लैग दिवस के उपलक्ष में ग्रुप केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, दुर्गापुर परिसर में सेन्ट्रल जोन एवं पश्चिम बंगाल सेक्टर कार्यालय के मार्गदर्शन में श्री प्रदीप कुमार सिंह पुलिस महानिरीक्षक पश्चिम बंगाल सेक्टर के द्वारा कोलकाता स्थित कार्यालय में वर्चुअल माध्यम से यूनिटी रन को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया गया. इस उपलक्ष में श्री देवव्रत भट्टाचार्य पुलिस उप महानिरीक्षक ग्रुप केन्द्र दुर्गापुर के द्वारा ग्रुप केंद्र दुर्गापुर परिसर में यूनिट रन की अगुवाई की गई एवं यूनिट रन के उद्देश्य संबंध में यह अवगत कराया कि भारतवर्ष के नागरिकों के बीच एकता की भावना के साथ-साथ स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हो एवं अपने दैनिक स्वास्थ्वर्धक गतिविधियों को जैसे कि योग, प्रणायम, व्यायम एवं दौड़ शामिल करें. उक्त यूनिट रन मे ग्रुप केन्द्र रेंज कार्यालय एवं 169 बटालियन के सभी अधिकारियों एवं कार्मिकों ने भाग लिया जो कि ग्रुप केन्द्र के रास्ते अमरावती दुर्गापुर एवं बी - वन दुर्गापुर में होते हुए कैम्प परिसर में समाप्त हुआ.

### काकराडी चिकित्सा अधिकारी को बेरडी सरपंच प्रतिनिधि व समाज सेवक ने सौपा ज्ञापन



**नारायणलाल सैणचा**

बाली विधान सभा क्षेत्र के आदिवासी बाहुल ग्राम पंचायत बेरडी मे लम्बे समय से उप स्वास्थ्य केन्द्र पर डाक्टर के पद रिक्त चल रहे हैं लोगो को भारी परेशानी झेलनी पड रही हैं इधर मौसमी बीमारी का कहर जारी है लोगों को इलाज के लिए मजबूरन झोलाछाप डाक्टरो के पास जाना पड रहा है इस समस्या को देखते हुए समाज सेवक मुकेश गरासिया व बेरडी ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि भगवती लाल ने काकराडी चिकित्सा अधिकारी डाँ रामकिशोर जाट को ज्ञापन सौपकर अवगत करवाया कि जल्द ही बेरडी मे डाक्टर की नियुक्ति दिलाए जाए ।

### सुरेंद्र शर्मा ने दर्जनभर ग्रामों में किया जनसंपर्क



**बैराड़/पोहरी।** पोहरी विधानसभा मे उपचुनाव को लेकर दोनो पार्टियां तैयारा में जुट गई है तो बहीं भाजपा प्रत्यासी सुरेश राठखेड़ा के समर्थन में पोहरा विधानसभा चुनाव प्रभारी व भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुरेंद्र शर्मा ने जनसंपर्क कर भारतीय जनता पार्टी को विजयी बनाने का आग्रह किया। श्री शर्मा ने गोबरा, धींगपुर, बागौदा, हुसैनपुर सहित दर्जनभर ग्रामों में जनसंपर्क किया इस दौरान श्री शर्मा ने शिवराज सरकार की उपलब्धियों व योजनाओ का भी जिक्र करते हुये पोहरी विधानसभा में स्वीकृत हुआ 120 करोड़ रूपय के कार्यो का भी उल्लेख श्री शर्मा क्षेत्र में जनसंपर्क के दौरान किया।

### डॉ.लवलेश कुमार के नेतृत्व में भाजपा मण्डल की बैठक हुई बैठक

**जितेंद्र सिंह परमार चीफ रिपोर्टर खेरागढ़**



जगनेर-जगनेर में सरस्वती शिशु मंदिर में भाजपा मण्डल अध्यक्ष डॉ.लवलेश कुमार के नेतृत्व में भाजपा मण्डल की बैठक हुई बैठक में 1 व 2 नवम्बर को होने वाले भाजपा के प्रशिक्षण शिविर को लेकर बैठक हुई भाजपा मण्डल अध्यक्ष डॉ.लवलेश कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर के लिए सभी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दे दी गई है शिविर में मण्डल के पदाधिकारी,सेक्टर सयोंजक एव सभी बरिष्ठ लोग का प्रशिक्षण जिले से नियुक्त प्रवक्ता देंगे शिविर श्री राम गार्डन में होगा इस मौके पर प्रदीप गर्ग,पंकज शर्मा, सन्तोष माहौर,विनोद परमार,मनोज गर्ग,महेंद्र माहौर,योगेंद्र परमार,मुंशी सिंह,महावीर गौड़,उस्मान अली,योगेश प्रजापति,संदीप परमार आदि मौजूद रहें।

### 15 कंटेनमेंट जोन को किया मुक्त

**भिण्ड।** संचालनालय स्वास्थ्य सेवाऐं म.प्र.भोपाल के निर्देशानुसार कलेक्टर श्री वीरेन्द्र सिंह रावत द्वारा वार्ड क्र.22 मुखर्जी कॉलोनी भिण्ड, ग्राम गेहवद मौजा उमरी, ग्राम रूर मौजा उमरी, ग्राम खरिका तहसील भिण्ड, वार्ड क्र.1 ग्वालियर रोड मेहगांव, अरोरा फार्म भिण्ड, वार्ड नं.09 सीतानगर भिण्ड, ग्राम मुडैना तहसील मौ, मजरा गिरंद कापुरा अकोडा, मजरा गुलालपुरा मौजा सगरा, वार्ड क्र.08 मेहगांव, ग्राम धनौली तहसील मेहगांव, मजरा गुलालपुरा मौजा सगरा, वार्ड क्र.03 पचौरी मोहल्ला कस्बा रौन एवं शास्त्री नगर बी ब्लॉक भिण्ड को कंटेनमेंट जोन से मुक्त किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भिण्ड ने बताया कि कंटेनमेंट एरिया वार्ड क्र.22 मुखर्जी कॉलोनी भिण्ड, ग्राम गेहवद मौजा उमरी, ग्राम रूर मौजा उमरी, ग्राम खरिका तहसील भिण्ड, वार्ड क्र.1 ग्वालियर रोड मेहगांव, अरोरा फार्म भिण्ड, वार्ड नं.09 सीतानगर भिण्ड, ग्राम मुडैना तहसील मौ, मजरा गिरंद कापुरा अकोडा, मजरा गुलालपुरा मौजा सगरा, वार्ड क्र.08 मेहगांव, ग्राम धनौली तहसील मेहगांव, मजरा गुलालपुरा मौजा सगरा, वार्ड क्र.03 पचौरी मोहल्ला कस्बा रौन एवं शास्त्री नगर बी ब्लॉक भिण्ड में विगत 14 दिवस में कोई कोरोना पोजिटिव केस प्राप्त नहीं होने संबंधी तथ्य की पुष्टि के अनुसार घोषित किए गए कंटेनमेंट जोन वार्ड क्र.22 मुखर्जी कॉलोनी भिण्ड, ग्राम गेहवद मौजा उमरी, ग्राम रूर मौजा उमरी, ग्राम खरिका तहसील भिण्ड, वार्ड क्र.1 ग्वालियर रोड मेहगांव, अरोरा फार्म भिण्ड, वार्ड नं.09 सीतानगर भिण्ड, ग्राम मुडैना तहसील मौ, मजरा गिरंद कापुरा अकोडा, मजरा गुलालपुरा मौजा सगरा, वार्ड क्र.08 मेहगांव, ग्राम धनौली तहसील मेहगांव, मजरा गुलालपुरा मौजा सगरा, वार्ड क्र.03 पचौरी मोहल्ला कस्बा रौन एवं शास्त्री नगर बी ब्लॉक भिण्ड को कंटेनमेंट झोन को मुक्त किया जाता है।

## प्रशासन द्वारा हमें अपेक्षाकृत सहयोग नहीं मिल रहा है : यशवंत पटवारी

**गोहद।** बहुजण समाज पार्टी की पत्रकार वार्ता में बसपा प्रत्यासी यशवंत पटवारी ने कांग्रेस व भाजपा पर भ्रामक प्रचार करने का आरोप लगाया है। पटवारी ने भ्रामक प्रचार से बचने की विधानसभा की जनता से अपील की है। बसपा प्रत्यासी ने कहा कि असमाजिक तत्वों द्वारा सदैव गुमराह किया जा रहा है कि बसपा प्रत्यासी भाजपा कांग्रेस से समर्थित है में लगातार जनता के सम्पर्क में हु। 15000 परिवारों से सम्पर्क में हु। डॉ गोविंद सिह ने मुझ पर आरोप लगाया है कि मुझ पर आय के स्त्रोत नही है फिर चुनाव में पैसा कहा से खर्व कर रहा है। में 100 करोड़ में भी विश्वास का सौदा नही करूंगा अगर में बिधायक बना तो अन्याय अत्याचार के खिलाफ़ आपकी आवाज बनूगा देवेंद्र पाठक मुझे वलेकमेल कर रहा है में 25000 मतों से बिजयी होगा 1 नवम्बर को बसपा के राष्ट्रीय कोर्डिनेटर रामजी गीतम व इंजी पिपल आएंगे हमारा प्रचार दिखावा नही है हम बड़ी सभाओ की अपेक्षा नुक्कड़ सभा पर विश्वास करते है।





## प्रशिक्षण शिविर को लेकर मंडलध्यक्ष ने की बैठक

### जगनेर-जगनेर में सरस्वती शिशु मंदिर में भाजपा मण्डल अध्यक्ष डॉ.लवलेश कुमार के नेतृत्व में भाजपा मण्डल की बैठक हुई

**राहुल कुमार रिपोर्टर**

जगनेर बैठक में 1 व 2 नवम्बर को होने वाले भाजपा के प्रशिक्षण शिविर को लेकर बैठक हुई भाजपा मण्डल अध्यक्ष डॉ.लवलेश कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर के लिए सभी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दे दी गई है शिविर में मण्डल के पदाधिकारी,सेक्टर सयोंजक एव सभी बरिष्ठ लोग का प्रशिक्षण जिले से नियुक्त प्रवक्ता देंगे शिविर श्री राम गार्डन में होगा इस मौके पर प्रदीप गर्ग ,पंकज शर्मा, सन्तोष माहौर, विनोद परमार, मनोज गर्ग, महेंद्र माहौर, योगेंद्र परमार, मुंशी सिंह, महावीर गौड़, उस्मान अली, योगेश प्रजापति, संदीप परमार आदि मौजूद रहें।

## जेएंडके के पहलवान बिनिया मिन ने जीता दोमाना केसरी दंगल का खिताब

**रघुवीर ठाकुर**
**रियासी/कटरा**

**कटरा।** जम्मू-कश्मीर पुलिस के बसंतगढ़ के पहलवान बीनिया मिन ने 13 मिनट तक चलने वाले एक बेहद कड़े मुकाबले में डूमचारी (रोपड़) पंजाब के पहलवान लाखा को हराकर ÷18 वां वार्षिक दोमाना केसरी दंगल खिताब हासिल किया। दोमाना दंगल कमेटी के अध्यक्ष राज हुसैन की समग्र देखरेख में जेएंडके इंडियन स्टाइल रेसलिंग एसोसिएशन के सहयोग से दोमाना दंगल समिति द्वारा मेगा ऐतिहासिक और प्रसिद्ध एक दिवसीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। सभी 66 मुकाबलों में एक दिन लंबे दंगल खेले गए थे और रु .363000 / - का खर्च इस विस्सल दंगल के संचालन के लिए किया गया था। शिव कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष भारतीय स्टाइल कुश्ती संघ, जेएंडके इंडियन स्टाइल रेसलिंग एसोसिएशन और पूर्व संयुक्त सचिव, जेएंडके स्पोर्ट्स काउंसिल इस अवसर पर मुख्य अतिथि थे जिन्होंने विजेताओं और उप विजेता पहलवानों के बीच नकद पुरस्कार वितरित किए। राम पॉल शर्मा, सोशल





एक्टिविस्ट, कुश्ती प्रमोटर और उपाध्यक्ष जेएंडके इंडियन स्टाइल रेसलिंग एसोसिएशन इस अवसर पर सम्मानित अतिथि थे। शिव कुमार शर्मा, राम पॉल शर्मा और राज हुसैन ने प्रथम पहलवान पहलवान बिनिय मिन के विजेता को नकद पुरस्कार राशि के रूप में रु .31000 / - दिया, जबकि पहलवान लाखा को उपविजेता के रूप में रु. 20000 का इनाम दिया गया।

दूसरा मुख्य मुकाबला डोडा के पहलवान निसार और कोट भलवाल के पहलवान बाबा के बीच खेला गया। यह मुकाबला 20 मिनट तक चलने वाले ड्रॉ में समाप्त हुआ और दोनों पहलवानों को संयुक्त रूप से रु .21000 / - के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। 3 माली दोमाना अखाड़े के पहलवान राशिद ने आर एस पुरा के पहलवान काका को हराकर जीती। विजेता पहलवान राशिद को 11000 / - नकद पुरस्कार राशि के रूप में दिए गए, जबकि उपविजेता पहलवान काका को 7,000 / - रु। डोमना दंगल कमेटी के सदस्य और तकनीकी कर्मचारी जिन्होंने बहुत ही शानदार तरीके से इस एक दिन के दंगल के संचालन में मदद की, वे थे राज हुसैन (अध्यक्ष), बोध राज भगत, राजिंदर सेठ, कैप्टन (सेवानिवृत्त) गुणी राम, सुभाष सिंह चिब, सूरमा सिंह, बूपिंदर सिंह, डॉ। कुलविंदर चौधरी, मोहम्मद फरीद, ओम प्रकाश शर्मा, दर्शन लाल और सनी शर्मा (एयरटेल) मोहमद फरीद द्वारा खतरे की कार्यवाही का संचालन किया गया, जबकि स्वागत भाषण राज हुसैन द्वारा प्रस्तुत किया गया और धन्यवाद बोध राज भगत द्वारा प्रस्तुत किया गया। अन्य परिणाम- - कोट भवाल के कुलबीर सिंह ने चौड़ी के अकरम को हराया, परगल के संजय ने डोमना के सादिक को, जिंद्र के गोपाल शर्मा ने पठानकोट के परवीन को हराया, डोमना के बलवान सिंह ने बिश्नाह के कालू को हराया, चोपड़ा शॉप के सलमान ने आरएस पुरा के सेठी को हराया। आरएस पुरा के अमित ने बसंतगढ़ के बबलू को, हिमाचल के कालू ने डोडा के नदीम को, नगरोटा के मुनीर ने रियासी के सुरजीत सिंह को और डोमना के शॉटू ने रियासी के मदन सिंह को हराया।

## बीएसपी की ऐतिहासिक आमसभा हजारों की संख्या में विधानसभा के लोग हुए शामिल



**बैराड़**–मध्यप्रदेश में उपचुनाव का दौर चल रहा है जिसमे सबसे रोचक सीट पोहरी विधानसभा की जहाँ प्रत्याशी व पार्टियां पूरी दमखम से चुनाव मैदान में है जिसमे आज बैराड़ में बीएसपी की सभा थी जो ऐतिहासिक रही आज तक किसी भी चुनावी सभा में इतनी भीड़ देखने को नही मिली इस सभा से जनता पोहरी विधानसभा में बीएसपी की जीत के बढ़ते कदम मान रही है। पोहरी विधानसभा के बैराड़ में हुई बीएसपी की इस सभा के बाद पूरे बैराड़ में कई घंटों तक जाम जैसे हालात बने रहे।इस भारी भीड़ से अनुमान लगाया जा रहा है कि बीएसपी प्रत्याशी कैलाश कुशवाह को जनता का भारी समर्थन मिल रहा है।



## संविधान विरोधी ताकत को रोकने के किया गया गठन

**जिला ब्यूरो चीफ शिवपुरी**
**नरेंद्र जाटव**

**शिवपुरी।** जिले के करैरा में सम्बोधी बुद्ध बिहार पर दलित मुस्लिम एकता को देखते हुए और देश में चल रहे संविधान विरोधी की ताकत रोकने के लिए सामाजिक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें कुछ कार्यकारिणी का गठन भी किया गया जिसमें भीम आर्मी के जिला अध्यक्ष रामेश्वर आजाद एवं विधानसभा अध्यक्ष महेन्द्र बौद्ध एवं मुख्य अतिथि के रूप में सुधीर कोडे जी उपस्थित रहे समस्त टीम की अनुशंसा पर करैरा ब्लॉक अध्यक्ष के पद पर जान आसिफ खान जी को नियुक्त किया गया और कहा कि अपने पद की गरिमा रखते हुए पूर्ण ईमानदारी से सभी बहुजन महापुरषों की विचार धारा पर चल कर मिशन को आगे बढाने का कार्य करेंगे जिसमें साथ ही करैरा विधानसभा उपचुनाव को लेकर चर्चा हुई।

## 2 व 3 नवम्बर के अखबारों में प्रकाशन से पहले विज्ञापनों का कराना होगा प्रमाणन

**मुरैना।** भारत निर्वाचन आयोग ने मतदान के मौके पर विद्वेषपूर्ण अथवा भ्रामक राजनैतिक विज्ञापनों के प्रकाशन एवं प्रसारण पर रोक लगाने के उद्देश्य से समाचार पत्रों यथा प्रिंट मीडिया में भी मतदान के दिन और मतदान के 1 दिन पूर्व प्रकाशित कराये जाने वाले राजनैतिक विज्ञापनों का जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन समिति से पूर्व प्रमाणन कराना अनिवार्य किया है। कलेक्टर अनुराग वर्मा ने कहा है कि मुरैना जिले की जौरा, सुमावली, मुरैना, दिमनी और अंबाह विधानसभा उप निर्वाचन के मामले में 2 व 3 नवम्बर के समाचार पत्रों में प्रकाशित होने वाले विज्ञापनों का प्री सर्टिफिकेशन कराना होगा। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देश के मुताबिक कोई भी राजनैतिक दल या उम्मीदवार अथवा अन्य कोई संगठन या व्यक्ति विधानसभा के लिए होने वाले मतदान के दिन तथा उसके एक दिन पहले वाले दिन कोई भी विज्ञापन मीडिया प्रमाणन समिति से बिना पूर्व प्रमाणन कराये प्रकाशित नहीं करा सकेगा। अर्थात ऐसे विज्ञापनों का समाचार पत्रों यथा प्रिंट मीडिया में प्रकाशन कराने के पूर्व राज्य अथवा जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन समिति से प्रमाणन कराना अनिवार्य होगा। निर्वाचन आयोग ने यह निर्देश पूर्व में सामने आये उन मामलों के संदर्भ में जारी किये हैं, जहां अंतिम चरण में भ्रामक, भड़काउ या आक्रामक स्वरूप के विज्ञापन प्रकाशित कराकर चुनावी प्रक्रिया को दूषित करने के प्रयास किये गये थे। आयोग के मुताबिक चुनाव के अंतिम दौर में ऐसे भ्रमित करने वाले विज्ञापनों के प्रकाशन के बाद इनसे प्रभावित दल अथवा प्रत्याशी के पास किसी भी प्रकार की सफाई अथवा खण्डन का अवसर नहीं होता।



## मुस्तेद बडोनी पुलिस सतर्क

**बडोनी।** श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय गुरकरन सिंह,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल सिंह मौर्य के निर्देशन पर चुनाव के मद्देनजर थाना प्रभारी बडोनी रविन्द्र शर्मा द्वारा करेरा विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों को किया चेक साथ ही सनाई , गोंग़्री, नेकोरा, बिल्हारी, भाषडा गांवो में मय बल के रॉड मार्च किया आने जाने वाले सभी वाहनों को चेक किया । जिन गांवों में चुनाव है उन गांवों तथा उनके आस पास के गांवो में गुंडो ओर बदमाशों को चिन्हित कर उनके विरद्ध पुलिस द्वारा शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिये लगतार जिला बदर,प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जा रही है ।

## चिकित्सा विभाग द्वारा सेक्टर प्रभारियों को दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश

**पाली.** नरेश कुमार सीरवी. कोविड-19 के बढ़ते प्रकोप को रोकने के लिए राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार के साथ जिला प्रशासन द्वारा कोविड-19 को रोकने के लिए संपूर्ण प्रयास किया जा रहा है. पाली जिले के चिकित्सा विभाग के अंतर्गत डॉक्टर एवं प्रभारियों द्वारा अपने क्षेत्र के संपूर्ण चिकित्सा विभाग के डॉक्टर एवं प्रभारी एएनएम आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को कोविड-19 को रोकने के लिए महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए जा रहे हैं. पाली पंचायत समिति ग्राम पंचायत मनिहारी सेक्टर के अंतर्गत संपूर्ण उप स्वास्थ्य केंद्र के एएनएम आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं मेल नर्स डॉक्टर को शिक्षा विभाग के डॉक्टरों द्वारा महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए गए. जिसमें स्वच्छता के प्रति एवं अन्य बचाव संबंधित महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए गए

मनिहारी सेक्टर के संपूर्ण उप स्वास्थ्य केंद्र के एएनएम आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रभारी मेल नर्स



डॉक्टर द्वारा दिन-रात मानव जीवन को सुरक्षित रखने के लिए अपने ग्रामीण क्षेत्र में पैदल मार्च करके आम जनता को सामाजिक दूरी एवं मास्कसंबंधित विशेष जानकारी भी दी जा रही है.मनिहारी ग्राम पंचायत सरपंच भैरों सिंह शेखावत के दिशा निर्देशानुसार ग्राम पंचायत के अधीन संपूर्ण विभागीय कर्मियों द्वारा प्रतिदिन कोविड-19 को रोकने के लिए दिशा-निर्देश दिए जा रहे .चिकित्सा विभाग के डॉक्टरों द्वारा अपने संपूर्ण सेक्टर के कर्मियों को बताया कि आम जनता को कोविड-19 के प्रति महत्वपूर्ण बचाव के बारे में सामाजिक दूरी के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी जाए और स्वच्छता के प्रति आम जनता को जानकारी दी जाए जिससे कोविड-19 के बढ़ते प्रकोप को रोका जाए इस प्रकार मनिहारी सेक्टर के संपूर्ण चिकित्सा विभाग के कर्मियों को महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए गए।

# कमलनाथ, इमरती देवी और अपने पद को लेकर क्या बोले ज्योतिरादित्य सिंधिया

**भोपाल।** बीजेपी नेता इमरती देवी को लेकर मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता कमलनाथ द्वारा दिए गए विवादित बयान को बीजेपी मुद्दा बनाने से नहीं चूक रही है। शिवराज सिंह चौहान के बाद बीजेपी नेता और राज्यसभा सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भी कांग्रेस पार्टी पर हमला बोला है। उन्होंने कहा, बचाव में कमलनाथ ने कहा कि वह (इमरती देवी) का नाम भूल गए हैं। जो आपके मंत्रिमंडल में था, उसका नाम आप कैसे भूल सकते हैं? क्योंकि वह एक महिला हैं, दलित हैं? क्या यह उनकी और कांग्रेस की महिलाओं के बारे में सोच है? वह अहंकार से भरे हैं और लोग इसे तोड़ देंगे। सिंधिया ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि भारत के 70 साल के लोकतांत्रिक इतिहास में कहीं भी ऐसी सरकार स्थापित हो और वो भी 15 साल विपक्ष में रहने के बाद, जहां सरकार में आने के बाद 22 विधायक उस सरकार के नेतृत्व




कमलनाथ में पूरी तरह विश्वास खोकर जनता की अदालत में दोबारा कूदना चाहें। कांग्रेस आरोप लगा रही है क्योंकि उन्होंने सत्ता खो दी है। वे एमपी के लोगों से से प्यार नहीं करते और केवल सत्ता की देखभाल करते हैं। कमलनाथ अब प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं, लेकिन सीएम के रूप में वह एक भी जिले का दौरा नहीं किया। उस समय, पैसे की एकमात्र चिंता थी, अब वे सत्ता चाहते हैं जो वोट चाहते हैं। बीजेपी सांसद ज्योतिरादित्या सिंधिया ने कमलनाथ पर निशाना साधना जारी रखा और कहा, सरकार (कमलनाथ सरकार) बनने के बाद, 15 महीनों में इन्होंने एक भ्रष्टाचार की सरकार बनाई, एक ऐसी सरकार बनाई जहां केवल नोटों के आधार पर काम होता था। वल्लभ भवन को भ्रष्टाचार का अड्डा बना कर छोड़ दिया। जब उनसे उनके पद के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, मेरी विचार प्रक्रिया स्पष्ट है। मैंने राजनीति की नहीं, सार्वजनिक सेवा का रास्ता चुना है। 20 साल हो गए हैं और मैं लोगों की सेवा करने के लिए दृढ़ हूं। मैं किसी भी पद के लिए इच्छुक नहीं हूं, केवल विकास के लिए काम करना चाहता हूं।

# सीबीआई आज करेगी आरोपियों के स्कूल के प्रिंसिपल से पूछताछ,सीज हो सकता है प्रवेश रजिस्टर

**हाथरस।** हाथरस के कथित गैंगरेप मामले में आज बुधवार को सीबीआई बूलगढ़ी गांव के परिषदीय विद्यालय के विद्यार्थियों का प्रवेश रजिस्टर सीज कर सकती है। सूत्रों के अनुसार कैम्प ऑफिस पर हेडमास्टर को प्रवेश सत्र 2003 का रजिस्टर लेकर बुलाया गया है। परिजनों ने हाथरस कांड के 4 आरोपियों में से एक को नाबालिग बताया गया है। मंगलवार को सीबीआई टीम के दो सदस्य दिन में करीब पौने 12 बजे गांव पहुंचे। आरोपी संदीप के घर पर पहुंचने पर सबसे पहले उसके परिवार के रिहायश के बारे में जानकारी ली। मकान के प्रथम तल व उस पर बने कमरे की छत पर भी टीम पहुंची। यहां से देखा गया कि खेत की दूरी कितनी है। टीम ने यह पता करने की कोशिश की कि आखिर जब घटना हुई तब इस छत पर कोई था या नहीं। छत पर इधर उधर देखने के बाद टीम घर के बाहर आ गई। यहां घर के पिछवाड़े गई। यहां खेतों में जाकर मौजूद लोगों से बात की। पूछा गया कि जब घटना हुई तो चारों आरोपी भागे होंगे,उनको किसी ने भागते देखा या नहीं। लोगों ने बताया कि उस वक्त बाजरा की फसल खड़ी थी। वैसे आरोपी की मां ने मीडिया को बताया था कि उन्होंने किसी भी थाने या कोर्ट में बेटे के नाबालिग होने सम्बन्धी अर्जी नहीं दी है।

**पुलिस की निगरानी में पीड़िता का परिवार पहुंचा खेत**-हाथरस मामले के पीड़ित परिवार ने मंगलवार को पुलिस व पुलिसकर्मियों की निगहबानी में अपने खेत पर बाजरा की कटी फसल की गहाई की। यांत्रिक गहाई के दौरान खेत व आसपास सुरक्षाकर्मी तैनात रहे। घटना के बाद पहली बार मंगलवार को पूरा परिवार एक साथ अपने खेत पर गया। पीड़ित परिवार के पास करीब पांच बीघा खेत है। यह खेत सरकार से आवंटित हुआ है। इसमें फसल की पैदावार करने के साथ ही परिवार अपने पशुओं के लिए चारा भी उगाता रहा है। अंतिम बार खेत में बाजरा उगाया था। बेटी के साथ दर्दनाक घटना हो गई। खेत की सिंचाई तक न हो सकी। फसल सूख गई। दो दिन पहले ही श्रमिकों से फसल कटवा ली थी। मंगलवार को थ्रेसर मंगवाया गया। पीड़िता के पिता, मां, दोनों भाई, उनके दो रिश्तेदार भी खेत पर जाने के लिए तैयार हुए। पुलिस को खबर दी गई। कुछ देर में चंदपा कोतवाली इंचार्ज लक्ष्मण सिंह गांव में पहुंच गए। पीएसी जवानों को तैयार किया गया। पुलिस भी लग गई। सशस्त्र सुरक्षाकर्मियों की मौजूदगी में परिवार को खेत पर ले जाया गया। यहां करीब एक डेढ़ घंटा तक बाजरा की थ्रेसिंग की गई।

## मप्र उपचुनावः शिवराज सिंह चौहान ने की रानी पद्मावती का स्मारक बनाने की घोषणा

# आज जारी होगा बीजेपी का संकल्प पत्र

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में उपचुनाव के लिए बाजेपी और कांग्रेस के बीच लड़ाई जारी है। इस बीच मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को भोपाल में रानी पद्मावती की याद में एक स्मारक बनाने की घोषणा की। राजपूत समुदाय द्वारा मंगलवार को इंदौर में आयोजित शस्त्र पूजन कार्यक्रम के दौरान सीएम शिवराज ने इसकी घोषणा की। शिवराज का यह बयान बॉलीवुड फिल्म पद्मावत पर प्रतिबंध लगाने और पद्मावती के स्मारक की घोषणा करने के लगभग तीन साल बाद आया। उन्होंने यह भी घोषणा की थी कि रानी पद्मावति पर एक अध्याय राज्य में स्कूल के पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मैंने महारानी पद्मावती के स्मारक के लिए भोपाल में मनुआभान की टेकरी में एक भूमि आरक्षित की है। चौहान ने कहा कि वहां एक भव्य स्मारक बनाया जाएगा। अगली बार से स्कूल सिलेबस में पद्मावती पर एक अध्याय शामिल करने की अपनी घोषणा को दोहराते हुए शिवराज सिंह चौहान ने कहा, इसके अलावा, दो लाख रुपये नकद और दो पुरस्कारों के साथ प्रत्येक पुरस्कार को महान योद्धा महाराणा प्रताप और रानी पद्मावती के नाम पर महाराणा शौर्य



पुरुष और पद्मिनी पुरुस्कार के रूप में स्थापित किया जाएगा।

**उपचुनाव के लिए बीजेपी आज जारी करेगी संकल्प पत्र**-मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान छतरपुर जिले के बड़ा मलहरा, अनूपपुर और रायसेन जिले सांची पार्टी का संकल्प पत्र जारी करेंगे। बड़ा मलहरा में उनके साथ पार्टी की वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती, केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल एवं प्रदेश महामंत्री हरिशंकर खटीक मौजूद रहेंगे एवं सांची में सुश्री भारती उपस्थित रहेंगी। इसी प्रकार पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा अशोकनगर में संकल्प पत्र जारी करेंगे। वहीं, केंद्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर करेरा, पोहरी और सांवेर में मौजूद रहेंगे। तोमर के साथ करेरा में प्रदेश महामंत्री रणवीर रावत, पोहरी में प्रदेश महामंत्री शरतेन्दु तिवारी उपस्थित रहेंगे। मेहगांव में पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती, नेपानगर में राष्ट्रीय महामंत्री कैलाश विजयवर्गीय, केंद्रीय राज्यमंत्री फग्गनसिंह कुलस्ते एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष नंदकुमार सिंह चौहान उपस्थित रहेंगे। सुमावली एवं भांडेर में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं राज्यसभा सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया, आगर में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ सत्यनारायण जटिया पार्टी का संकल्प पत्र जारी करेंगे।

# सिर्फ पुलिस को बुलाने के लिए ही नहीं है डायल यूपी 112

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में डायल यूपी 112 सेवा एक साल में साढ़े 56 लाख लोगों की मददगार बन चुकी है। इस योजना की शुरूआत ठीक एक साल पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की थी। 2019 में 26 अक्टूबर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डायल 100 से यूपी 112 की शुरुआत की थी। इस सफर में यूपी 112 का 1090, 181 व उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के साथ एकीकरण हुआ। दूसरी सरकारी एजेंसियों के साथ एकीकरण के बाद 112 के माध्यम से मदद का दायरा भी बढ़ गया। अब इस एक नंबर (112) पर कॉल कर के प्रदेश के 24 करोड़ लोग विभिन्न तरह की योजनाओं व सेवाओं का लाभ ले रहे हैं। समाज के हर वर्ग के लोगों को ध्यान में रखते हुए 112 की ओर से कई तरह की सेवाएं शुरू की गईं। इसमें महिला पीआरवी, महिला एस्कॉर्ट, बुजुर्गों के लिए सवेरा योजना व घरेलू हिंसा का शिकार महिलाओं का पंजीकरण प्रमुख हैं। महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रदेश भर में 300 महिला पीआरवी संचालित की जा रही है। रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक अकेली महिला को सुरक्षित आवागमन के लिए महिला एस्कॉर्ट की सुविधा शुरू की गई है। सवेरा योजना के तहत प्रदेश भर में 7 लाख बुजुर्गों का पंजीकरण किया गया है। पंजीकृत बुजुर्ग 112 को कॉल कर के कई तरह की सहायता ले रहे हैं।इसी तरह यूपी 112 ने लॉक डाउन के समय 6.57 लाख लोगों तक मानवीय राहत पहुंचाई। इस कार्य में प्रशासन ने 112 का पूरा सहयोग किया।

## एमपी उपचुनाव से पहले सिंधिया का हमला

# कमलनाथ और दिग्विजय सिंह की जोड़ी ने राज्य का कर दिया सत्यानाश

**इंदौर।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह पर सीधा हमला बोलते हुए राज्यसभा सदस्य ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मंगलवार को कहा कि 15 महीने की पिछली कांग्रेस सरकार के दौरान इस जोड़ी ने सूबे का सत्यानाश कर दिया। सिंधिया, राज्य में सात महीने पहले के उस सियासी तख्तापलट के प्रमुख सूत्रधार रहे थे जिसके तहत कांग्रेस के 22 बागी विधायकों के एक साथ इस्तीफा देकर भाजपा के पाले में चले जाने से कमलनाथ सरकार का पतन हो गया था। इसके बाद शिवराज सिंह चौहान की अगुवाई में भाजपा सत्ता में लौट आई थी। सिंधिया ने इंदौर शहर से करीब 50 किलोमीटर दूर चंद्रावतीगंज कस्बे में एक चुनावी सभा में कहा, कमलनाथ और दिग्विजय सिंह की गद्दारों की सरकार को जब हमने धूल चटा दी, तो अब वे (28 सीटों पर तीन नवंबर को होने वाले उपचुनावों में) जनता से वोट मांगने निकले हैं। उन्होंने कमलनाथ और दिग्विजय सिंह पर तीखा प्रहार जारी रखते हुए कहा, इस जोड़ी ने मध्य प्रदेश का सत्यानाश किया है जिन्होंने राज्य में तबादला उद्योग चलवाया है, अवैध रेत उत्खनन चलवाया है और शराब माफिया चलवाया है। राज्यसभा सदस्य ने पूर्ववर्ती कमलनाथ सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए कहा, ÷वे (कांग्रेस नेता) 15 महीने वल्लभ भवन (राजधानी भोपाल स्थित राज्य सचिवालय) में बैठकर केवल नोट कमाने में व्यस्त थे। सिंधिया ने राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ से वर्तमान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की तुलना भी की। उन्होंने कहा, मध्य प्रदेश का मुख्यमंत्री सूबे के साढ़े सात करोड़ लोगों का प्रतिनिधि होता है। लेकिन 15 महीने की पिछली कांग्रेस सरकार के दौरान जनता पर जब भी दुःख की घड़ी आई, तो आम लोगों के बीच मुख्यमंत्री कमलनाथ का चेहरा तक नहीं दिखा। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, ÷दूसरी ओर, शिवराज सिंह चौहान जैसे मुख्यमंत्री हैं जो छोटी-सी दुर्घटना होने पर भी जनता का दुःख-दर्द बांटने के लिए उनके बीच पहुंच जाते हैं। सिंधिया, सांवेर क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार और राज्य के पूर्व जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। हालांकि, इस सभा में सिलावट मौजूद नहीं थे। इस बारे में पूछे जाने पर प्रदेश भाजपा प्रवक्ता उमेश शर्मा ने कहा कि एक दूरस्थ क्षेत्र में जन संपर्क के कारण सिलावट को देरी हो गई और वह सिंधिया की सभा में नहीं पहुंच सके। अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सांवेर सीट पर कांग्रेस ने पूर्व लोकसभा सदस्य प्रेमचंद गुड्डू को बतौर उम्मीदवार मैदान में उतारा है।

# राज्यसभा चुनाव से पहले बीएसपी को झटका, रामजी गौतम के पांच विधायकों ने वापस लिया प्रस्ताव



**लखनऊ।** यूपी राज्यसभा चुनाव से पहले बसपा को जोरदार झटका लगा है। बसपा के प्रत्यशी रामजी गौतम के 10 प्रस्तावकों में से 5 प्रस्तावकों ने अपना प्रस्ताव वापस लिया। इनमें असलम चौधरी ,असलम राईनी, मुज्तबा सिद्दीकी ,हाकम लाल बिंद ,गोविंद जाटव शामिल हैं। कल ही असलम चौधरी की पत्नी ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ली थी। यूपी में दस राज्यसभा सीटों पर चुनाव होना है, जिसके लिए कुल 11 प्रत्याशी मैदान में हैं। भाजपा की ओर से आठ, समाजवादी पार्टी के एक, बहुजन समाज पार्टी के एक और एक निर्दलीय उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं।

**राज्यसभा चुनाव की जंग सपा ने बिछाए बसपा की राह में कांटे**-इससे पहले ऐन मौके पर सपा समर्थित निर्दलीय प्रत्याशी के मैदान में आ जाने से अब राज्यसभा चुनाव की जंग रोचक हो गई थी। अगर सबके पर्चे सही पाए गए तो 11 प्रत्याशियों में से 10 को चुनने के लिए मतदान होगा। विधायकगण वोट डालेंगे। सपा की इस चाल से चुनाव की नौबत आ गई है। इससे बसपा का खेल मुश्किल हो गया है। इससे बड़ी बात यह कि विधायकों में क्रासवोटिंग के आसार भी अब बनेंगे। भाजपा इस स्थिति से बचना चाहती थी। इसलिए उसने अपना नौवां प्रत्याशी नहीं उतारा और एक तरह से उसके इस कदम से बसपा की राह भी आसान हो गई थी।

**भाजपा-बसपा को विधायकों पर रखनी होगी नज़र**-सपा ने भाजपा व बसपा के बीच इस खेल को समझते हुए आनन-फानन में प्रकाश बजाज को निर्दलीय मैदान में उतार दिया। यह निर्दलीय प्रत्याशी किस दल में कितना सेंध लगा पाएंगे यह तो बाद में जाहिर होगा, लेकिन अब बसपा को अपने विधायक भी संभाल कर रखने होंगे। साथ ही भाजपा को भी अपने विधायकों को इधर-उधर जाने से रोकने के लिए विशेष सतर्कता बरतनी होगी। वैसे अब बदले हालात में सभी दलों के विधायकों की अहमियत बढ़ गई है।

**सपा की बढ़ी बेचैनी, तो लगाया एक तीर से दो निशाने**-असल में 18 विधायक होने के बाद भी बसपा ने अपना प्रत्याशी मैदान में उतार दिया और भाजपा ने अपना नौंवा प्रत्याशी नहीं उतारा तो सपा खेमे में बेचैनी बढ़ गई। भाजपा द्वारा बसपा को इस तरह वाकओवर दे देने से सपा के रणनीतिकारों ने भी बसपा की राह में कांटे बोने की तैयारी शुरू कर दी। सपा ने निर्दलीय प्रत्याशी पर दांव लगाकर एक तीर से दो निशाने लगाए हैं। एक तो इससे निर्विरोध चुनाव की संभावना खत्म हो गई और बसपा की जीत भी आसान नहीं रही। दूसरे भाजपा की इच्छा के विपरीत राज्यसभा चुनाव के लिए मतदान की स्थिति बन गई। भाजपा के 8 व सपा का एकमात्र प्रत्याशी का जीतना तय है। सपा के एक वरिष्ठ नेता का कहना है कि बसपा व भाजपा के बीच अंडरस्टैडिंग काफी समय से है और राज्यसभा चुनाव ने इसे सतह पर ला दिया। हम लोग आसानी से जीतने नहीं देंगे।

# सीएम योगी ने बिहार में भरी हुंकार, तेजस्वी के वादे पर साधा निशाना

**पटना।** बिहार में पहले चरण के मतदान के बीच दूसरे चरण के लिए कई दिग्गजों ने रैली की। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरियाकोठी, सिवान, बिहार में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने तेजस्वी और महागठबंधन पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने नीतीश सरकार के काम भी गिनाए। उन्होंने कहा कि आज से 15 साल से पहले बिहार का युवा अपनी पहचान छुपाने के लिए मजबूर



था। ऐसी संकट पैदा करने वाले लोग आज बिहार में फिर से रोजगार का लॉलीपॉप दिखाकर युवाओं को गुमराह कर रहे हैं। इनके लालच में बिहार के युवाओं को नहीं आना चाहिए। आदतें जल्दी जाती नहीं है। भ्रष्टाचार का टैग लगा है उनपर, वो उनमें से जाएगा नहीं। चुनाव में हमको यह देखना होगा। जातिवाद की राजनीति ने बिहार को पीछे करने का काम किया। बिहार चुनाव में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को सीवान में रैली को सम्बोधित करते हुए कहा कि इमरान खान पाकिस्तान का प्रधानमंत्री दुनिया में भीख मांगता फिरता है भारत से बचा लो। उन्होंने कहा यह है न्यू भारत। यह है भारत के युवाओं का शौर्य। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने तो देश में आतंकवाद नक्सलवाद को बढ़ावा दिया है।

## दरभंगा के राज मैदान से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी साधा निशाना

- उन्होंने कहा कि बीते 15 वर्षों में नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार बहुत आगे बढ़ा है। बहुत तपस्या के बाद अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण शुरू हुआ है। अब तो विरोधी भी इसके लिए तालियां बजा रहे हैं।
- एनडीए के लोग जो कहते हैं, वह करके दिखाते हैं। गरीबों, किसानों और महिलाओं के लिए एनडीए सरकार में काफी काम हुए हैं।
- 130 करोड़ के देश में कोरोना काल में कोई भूखा न सोए, हमने इसकी व्यवस्था की। बिहार के लोगों के लिए छठ तक मुफ्त राशन की व्यवस्था की गयी है। बाढ़ में राज्य सरकार ने बहुत अच्छा काम किया।
- बहुत जल्द पूरे बिहार में हर घर नल का जल पहुंचेगा। अब कोई बीमारी नहीं होगी। किसी मां को अपना लाल नहीं खोना पड़ेगा। हमने जो संकल्प लिया है उसे पूरा करके दिखाएंगे।
- इस क्षेत्र के सवर्ण गरीबों को 10 प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिल रहा है। पिछड़ा-अतिपिछड़ा को भी 10 साल तक आरक्षण का लाभ मिलेगा।
- दरभंगा में एयरपोर्ट बनने से मिथिला की कनेक्टिविटी सशक्त होगी। दरभंगा में एम्स बनने से मिथिला के लोगों को बहुत फायदा होगा।
- पहले की सरकार का मंत्र था, पैसा हजम, परियोजना खत्म। उन्हें कमीशन शब्द से इतना प्रेम था कि उन्होंने कनेक्टिविटी पर ध्यान ही नहीं दिया। कोसी महासेतु बनने से 300 किमी की दूरी घटकर 20 किमी रह गयी।
- मिथिला में आत्मनिर्भर भारत को ताकत देने की क्षमता है। समस्तीपुर कृषि और मत्स्यपालन का हब बना है। इस क्षेत्र में कई और प्रोजेक्ट शुरू होंगे जिससे युवाओं को रोजगार मिलेगा।
- बिहार के लोग यह ठान चुके हैं कि वे जंगलराज लाने वाली ताकतों को फिर से परास्त करेंगे।

# यूपी विधानसभा उपचुनाव में मतदान के दिन सार्वजनिक अवकाश

**लखनऊ।** विधान सभा उप चुनाव से सम्बंधित जिले में निर्वाचन के प्रायोजन के लिए 03 नवम्बर को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। सम्बंधित विधान सभा उप निर्वाचन क्षेत्र से सम्बंधित जिले में स्थित कोषागार तथा उप कोषागार भी इस तिथि को बंद रहेंगे। यह जानकारी प्रमुख सचिव सामान्य प्रशासन श्री जितेन्द्र कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि 03 नवम्बर, दिन मंगलवार को अमरोहा के 40-नौगावां सादात, बुलंदशहर के 65-बुलंदशहर, फिरोजाबाद के 95-टूण्डला (अ0जा0), उन्नाव के 162-बांगरमऊ, कानपुर नगर के 218-घाटमपुर (अ0जा0), देवरिया के 337-देवरिया, जौनपुर के 367-मल्हनी विधान सभा में अवकाश घोषित किया गया है।

## बीजेपी विधायक अलका राय ने लिखी प्रियंका गांधी को भावुक चिट्ठी, पूछा

# कांग्रेस क्यों बचा रही मुख्तार को?

**गाजीपुर।** मुहम्मदाबाद से स्वर्गीय कृष्णानंद राय की पत्नी और भाजपा विधायक अलका राय ने कांग्रेस और पंजाब सरकार पर मुख्तार अंसारी को बचाने का आरोप लगाया है। 27 अक्तूबर को कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा को लिखे पत्र में विधायक अलका राय ने मुख्तार मामले में राहुल गांधी और प्रियंका गांधी से खामोशी की वजह पूछी है। साथ ही पत्र का जबाव मांगते हुए अपराधियों पर कार्रवाई और सजा दिलाने में महिला होने के नाते मदद की अपील भी की है। महिला और विधवा की बात करते हुए मुख्तार के पेशी पर नहीं पहुंचने से इंसाफ मिलने से वंचित रहने को चिंताजनक बताया। प्रियंका गांधी वाड्रा को लिखा अलका राय का पत्र सोशल मीडिया पर भी जमकर वायरल हो रहा है और उनके पुत्र ने इसे भेजे जाने की पुष्टि भी की है।

27 अक्तूबर की शाम भाजपा नेता और कृष्णानंद राय की पत्नी विधायक अलका राय ने कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी को पत्र लिखा और मेल-पोस्ट के माध्यम से उन्हें भेजा। पत्र में पंजाब से कई मामलों में वांछित मुख?तार अंसारी के जेल से पेशी के लिए यूपी न भेजे जाने को लेकर आरोप लगाया गया है। आरोप यह भी लगाया गया है कि कुख?यात अपराधी को पंजाब सरकार बचाने की कोशिश कर रही है। अलका राय ने बताया कि वे अपने पति की हत्या के लिए पिछले 14 वर्षों से लगातार संघर्ष कर रही है और अपराधियों के खिलाफ खड़ी हैं। मुख्तार को बचाने का कांग्रेस का प्रयास न्याय की आस में खड़े सैकडों लोगों पर प्रहार की तरह है। पंजाब सरकार पर हर बार बहाना बनाने और मुख्तार को नहीं भेजने का आरोप लगाते हुए कहा कि अगर मुख्तार की पेशी नहीं होगी तो न्याय कैसे मिलेगा। बताते चलें कि मुख्तार अंसारी वर्तमान समय में पंजाब के रोपड़ जेल में निरुद्ध है और उनको उप्र लाने का प्रयास जारी है। पिछले दिनों 21 अक्तूबर को प्रयागराज की एमपी/एमएलए कोर्ट में गाजीपुर के मामले में पेशी थी, जिसके लिए मुख्तार को लेने पुलिस और गाड़ियां पंजाब गई थी। पंजाब सरकार ने मुख्तार के लिए अलग से मेडिकल बोर्ड बनवाकर बीमारी का हवाला दिया और तीन महीने तक बेड रेस्ट की बात कही थी। सरकार



ने बीमारी की हालत में मुख्तार को भेजने से इनकार कर दिया था। इसके बाद गाजीपुर से गए एक इंस्पेक्टर, एक दरोगा समेत 14 सिपाही बैरंग गाजीपुर लौट आए थे, हालांकि तब से फिर कोर्ट स्तर पर प्रयास जारी है।

**विधायक अलका राय ने पत्र में राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के लिए यह लिखा**-आदरणीय महोदया, सादर नमस्कार, मेरा नाम अलका राय है, मैं विधवा हूं और विगत 14 वर्षों से मैं अपने पति व लोकप्रिय विधायक रहे स्वर्गीय श्री कृष्णानंद राय की नृशंस हत्या के विरुद्ध इंसाफ की लड़ाई लड़ रही हूं। उस जुल्मी के खिलाफ जिसे आज आपके पार्टी और पंजाब राज्य में आप की सरकार खुला संरक्षण दे रही है। उत्तर प्रदेश की तमाम अदालतों से मुख्तार अंसारी को तलब किया जा रहा है, परंतु पंजाब सरकार उसे उत्तर प्रदेश भेजने को तैयार नहीं है। हर बार कोई न कोई बहाना बनाकर मुझे और मुझ जैसे सैकड़ों लोगों को हिसाब से वंचित किया जा रहा है। यह बेहद शर्मनाक है कि आप की राजनीतिक पार्टी और उसके नेतृत्व की सरकार इतनी निर्दयता के साथ मुख्तार अंसारी जैसे दुर्दांत अपराधी के साथ खुलकर खड़ी है। कोई भी यह स्वीकार नहीं करेगा कि यह सब कुछ आपकी और राहुल जी की जानकारी के बगैर हो रहा है। मुख्तार अंसारी पेशेवर अपराधी है उसने तमाम निर्दोषों की बेरहमी से हत्या की है। अनेक माताओं बहनों का उसने सुहाग उजाड़ा है तो तमाम बच्चों के सिर से उसने पिता का साया छीना है। प्रत्येक पीड़ित को उस क्षण की प्रतीक्षा है जब मुख्तार जैसे दुर्दांत अपराधी को उसके किए की कड़ी सजा मिलेगी। इंसाफ की आस में हमारा हर दिन और हर रात तिल-तिल कर गुजर रहा है। आप खुद भी एक महिला हैं ऐसे में मेरा आपसे विनम्रता से सवाल है कि आप ऐसा क्यों कर रही है? क्या आपको हम जैसी अबलाओं का दर्द नहीं दिख रहा है। मेरी खुद की कहानी इस बात का प्रमाण है कि कैसे कानून का मजाक उड़ाकर मुख्तार वर्षों से सुरक्षित बचा हुआ है। यह बेहद खेदजनक है कि आप और आपकी पार्टी अपराधियों के साथ खुलकर खड़ी है। मीडिया के माध्यम से मुझे पता चला कि उत्तर प्रदेश की गाड़ियां मुख्तार अंसारी को लेने गईं। सरकार ने उसे बचाने के लिए तीन महीने का बेड रेस्ट दे दिया। मैं और मेरे जैसे लोग इस बात से हताश हैं जिन्हें आज तक इंसाफ का इंतजार है। आज संपूर्ण उत्तर प्रदेश की जनता के मन में यह कौतूहल है कि मुख्तार को लेकर उठ रहे तमाम सवालों पर प्रियंका जी और राहुल जी खामोश क्यों है। मजबूरी में एक कुख्यात अपराधी को बचाने की कोशिश कर रहे हैं। मुझे आप के जवाब का इंतजार रहेगा मुझे विश्वास है कि यदि आपके मन में थोड़ी भी संवेदना होगी तो आप ना सिर्फ मेरे पत्र का जवाब देंगी बल्कि मुख्तार अंसारी को सजा दिलाने में मेरी मदद भी करेंगी।

## सम्पादकीय


# बच्चों से डाटा चोरी

बच्चों के तीन एप को गूगल प्ले स्टोर ने बाहर का रास्ता दिखाकर एक अच्छा काम किया है। इन तीनों एप की पहुंच करीब दो करोड़ मोबाइल या बच्चों तक थी और ये एप बच्चों से संबंधित डाटा को न केवल अपने पास संग्रहित कर रहे थे, बल्कि आरोप है कि व्यावसायिक मकसद से इनका इस्तेमाल भी कर रहे थे। आशंका है, बच्चों से संबंधित डाटा की बिक्री हो रही थी। डाटा संग्रह की नीतियों का उल्लंघन करते हुए ये एप संभावित रूप से उपयोगकर्ताओं के एंड्रॉयड आईडी और एंड्रॉयड विज्ञापन आईडी नंबरों का उपयोग कर रहे थे। बच्चे जब किसी एप का उपयोग करते हैं, तो वे बहुत सावधान नहीं होते और बहुत सारी जानकारियां वे गेम खेलते हुए एप कंपनियों तक पहुंचा देते हैं। विशेष रूप से आजकल के बच्चों के पास बहुत तरह की सूचनाएं रहती हैं और वे अपने मां-बाप से जुड़ी सूचनाओं से भी लैस होते हैं। अत- गेम की सुविधा देने वाले अनेक एप के लिए खेल-खेल में ही बहुत सारा डाटा चुराना आसान हो जाता है। यह सफेदपोश अपराध ही है और केवल गूगल प्ले स्टोर से किन्हीं तीन एप को बाहर कर देने से न्याय का तकाजा पूरा नहीं होता है। केवल गूगल प्ले स्टोर से तीन एप हटा देने से क्या होगा? अन्य प्लेटफॉर्म के जरिए ये एप पहले की तरह ही मौजूद रहेंगे और सक्रिय भी। ऐसे एप और उनकी मालिक कंपनियों पर विशेष रूप से ध्यान रखने की जरूरत है। ऐसी कई कंपनियां हैं, जो एक से अधिक एप बाजार में चला रही हैं और उपभोक्ताओं के लिए यह पता लगाना कठिन है कि वे अपने किस एप का इस्तेमाल डाटा संग्रह के लिए कर रही हैं। अब इस सवाल गंभीरता से विचार करने की जरूरत है कि किसी भी सामान्य एप को किसी फोन के अंदर के कांटेक्ट नंबर, इमेज गैलरी, मैसेज बॉक्स तक पहुंच क्यों चाहिए? ग्राहकों को क्या मजबूर किया जाता है? क्या इसके लिए खुद प्ले स्टोर चलाने वाली कंपनी भी जिम्मेदार नहीं है? इस बार खतरा बड़ा है, बच्चों के गेमिंग एप के जरिए डाटा संग्रह की शिकायत आई है। जब वयस्क लोग ही एप के पूरे विज्ञान और व्यावसायिक उपयोग को ठीक-ठीक समझ नहीं पाते हैं, तब बच्चों के लिए तो यह विषय दूर की कौड़ी है। ध्यान देने की बात है, इंटरनेशनल डिजिटल अकाउंटेबिलिटी कौंसिल ने पाया है कि ये तीन एप बच्चों का डाटा संग्रह कर रहे थे। सवाल कई हैं, क्या केवल यही तीन एप थे, जो ऐसा कर रहे थे? इस कौंसिल को साफ तौर पर जांच करके सबको बताना चाहिए कि किस-किस एप के जरिए जासूसी या डाटा चोरी हो रही है। दूसरी ओर, गूगल या एप्पल जैसी कंपनियों की भी जिम्मेदारी बहुत ज्यादा है। उन्हें जब भी कोई गड़बड़ी दिखती है, तो वे एप को अपने दायरे से बाहर कर देती हैं, लेकिन क्या इतना ही पर्याप्त है? चोरी करने वाले एप या उसकी कंपनी के लिए क्या किसी दंड का प्रावधान नहीं है? गूगल प्ले स्टोर से इस साल अब तक 36 एप को बाहर किया जा चुका है। प्ले स्टोर पर 28 लाख से भी ज्यादा एप हैं, क्या सभी की चौकस निगरानी की जा रही है? क्या गलती या अपराध करने वाले एप की संख्या केवल 36 है? प्रिंसेस सैलून, नंबर कलरिंग और कैट्स ऐंड कॉसप्ले जैसे एप को लेकर जैसी गंभीरता दिखाई गई है, उसे विधिवत रूप से आगे ले जाने की जरूरत है।

# ब्रह्मांड में जीवन का रहस्य

निरंकार सिंह

**हमें यह तो पता है कि डार्क एनर्जी क्या कर रही है, पर यह नहीं पता कि असल में यह है क्या। अगर यह पता चल जाए तो अतीत, वर्तमान और भविष्य की तमाम गुत्थियां खुल सकती हैं। आखिर में इस ब्रह्मांड का क्या होगा, यह इस बात पर तय होगा कि डार्क एनर्जी असल में है क्या। पहला ब्लैक होल कैसे बना? पहली आकाश गंगा कैसे बनी? बिग बैंग से पहले क्या हुआ? ब्रह्मांड शुरू से दार्शनिकों, वैज्ञानिकों के लिए कौतूहल और रहस्य का विषय रहा है। आज कई तरह के वैज्ञानिक उपकरणों, दूरबीनों और कृत्रिम उपग्रहों के जरिए इसके बारे में बहुत-सी जानकारियां प्राप्त हो चुकी हैं। लेकिन इस अनंत ब्रह्मांड की उत्पत्ति और खगोलीय पिंडों की रचना के बारे में बहुत-सी बातें अभी नहीं पता हैं।**



ब्रह्मांड कैसे बना, इस बारे में अंतिम रूप से प्रामाणित तथ्य हमारे पास नहीं हैं। खगोलविदों के अनुसार सबसे स्थापित सिद्धांत बिग बैंग है, जो इस ब्रह्मांड के शुरूआती चरण को दशार्ती है। इसके अनुसार करीब एक सौ चालीस करोड़ साल पहले एक सूक्ष्म बिंदु में महाविस्फोट हुआ। इसे बिग बैंग कहते हैं। विस्फोट से बिंदु टुकड़े-टुकड़े होकर इधर-उधर छिटकने लगा। इसी से ब्रह्मांड की रचना हुई। आकाश गंगाएं, तारे, ब्लैक होल, ग्रह आदि बने। लेकिन ब्रह्मांड के फैलने का सिलसिला अब भी लगातार जारी है। लगता था कि एक समय इसका फैलना बंद हो जाएगा और यह वापस एक बिंदु में समा जाएगा लेकिन 1998 में हबल टेलिस्कोप से पता चला कि ब्रह्मांड तेजी से फैल रहा है। यानी कोई बाहरी ताकत है। वैज्ञानिकों का मानना है कि ऐसा डार्क एनर्जी के कारण हो रहा है। यह डार्क एनर्जी हमारे आसपास हर जगह मौजूद है। पर यह हमें दिखाई नहीं देती। इसीलिए इसे हम डार्क कहते हैं। इसे हम न तो माप सकते हैं और न ही इसकी जांच कर सकते हैं। हां, इसका असर हमें महसूस होता है। यह खाली जगहों पर पाई जाती है। ब्रह्मांड जितना हमें दिखता है, वह समूचे ब्रह्मांड का सिर्फ पांच फीसद हिस्सा है। डार्क एनर्जी अड़सठ फीसद है।

बाकी सत्ताईस फीसद डार्क मैटर है। यह सन 1933 में खोजा गया था। इसे भी देखना मुमकिन नहीं है, लेकिन इसका असर दिखता है। दरअसल, डार्क मैटर ही इतना ताकतवर गुरुत्वाकर्षण पैदा कर रहा है कि आकाश गंगा के सारे तारे एक ही गैलेक्सी में बंधे रहते हैं। वे इधर-उधर नहीं बिखरते। यह डार्क मैटर न तो रोशनी को जज्ब करता है और न ही उसे रिफ्लेक्ट करता है। यह अणु-परमाणु से न बना होकर ऐसे जटिल और अनोखे कणों से बना है, जिनके बारे में हमें अभी तक पता नहीं चला है।

कुल मिलाकर डार्क मैटर ब्रह्मांड को बांधे रखने का काम करता है, जबकि डार्क एनर्जी ब्रह्मांड का लगातार विस्तार करती रहती है, जिसकी वजह से हर गैलेक्सी का एक-दूसरे से फासला बढ़ता जा रहा है। इसी ब्रह्मांड में ब्लैक होल नाम की ऐसी चीज भी है, जो अपने दायरे में आने वाली हर चीज को निगल जाती है। ब्लैक होल सब कुछ खींच लेता है, यहां तक कि रोशनी को भी। खगोलविदों के अनुसार कुछ गलत धारणाएं भी पैदा हो गई हैं। एक तो यह कि इस ब्रह्मांड का कोई केंद्र है। सच्चाई यह है कि ब्रह्मांड का कोई केंद्र नहीं है। दूसरी गलत धारणा यह है कि ब्रह्मांड कुछ और बनने के लिए फैल रहा है, जबकि सच्चाई यह है कि ब्रह्मांड फैल तो रहा है, पर कुछ अलग बनने के लिए नहीं। अकसर एक मिसाल दी जाती है गुब्बारे के फैलने की। ब्रह्मांड वैसे ही फैल रहा है जैसे हवा भरने पर गुब्बारा फैलता जाता है। पर यह तुलना एक सीमा तक ही सही है। गुब्बारा जैसे-जैसे फूलता है, वह बाहर हवा की जगह को घेरता है, पर ब्रह्मांड खुद में फैलता है। उसका विस्तार किसी बाहरी इलाके में नहीं होता। डार्क मैटर की प्रकृति क्या है, यह किस चीज से बना है? डार्क एनर्जी क्या है? यह एक तरह से कार के एक्सेलरेटर की माफिक ब्रह्मांड के फैलने की रफ्तार बढ़ा रही है। हमें यह तो पता है कि डार्क एनर्जी क्या कर रही है, पर यह नहीं पता कि असल में यह है क्या। अगर यह पता चल जाए तो अतीत, वर्तमान और भविष्य की तमाम गुत्थियां खुल सकती हैं।

आखिर में इस ब्रह्मांड का क्या होगा, यह इस बात पर तय होगा कि डार्क एनर्जी असल में है क्या। पहला ब्लैक होल कैसे बना? पहली आकाश गंगा कैसे बनी? बिग बैंग से पहले क्या हुआ? इन सवालों के जवाब अभी वैज्ञानिक खोज रहे हैं। हमारे चारों तरफ पृथ्वी की तरह के करीब पांच हजार ग्रह हैं। कहीं न कहीं जिंदगी होगी और यह जिंदगी जरूरी नहीं कि हमारी तरह हो। बहुत प्राथमिक स्तर का जीवन भी हो सकता है। मछली जैसा या हमसे उन्नत प्राणी भी हो सकते हैं। लेकिन अपने ग्रह के हिसाब से हम कुछ प्रभावी हैं। हमारे पास विनाश की क्षमता है। हम अपने ग्रह को बर्बाद कर रहे हैं। जलवायु परिवर्तन हो रहा है।

वैज्ञानिक धरती से रेडियो तरंगें भेज कर एलियन्स से संपर्क करने की कोशिश करते रहे हैं। मगर अब तक एलियन्स ने इंसान के किसी भी संदेश का जवाब नहीं दिया है। एलियन कहां हैं? हैं भी या नहीं? ये सवाल मशहूर भौतिक विज्ञानी एनरिको फर्मी ने 1950 में अपने एक सहकर्मी से पूछा था। फर्मी का मानना था कि इस ब्रह्मांड में इंसानों जैसी कई और बुद्धिमान सभ्यताएं अलग-अलग ग्रहों पर मौजूद हैं। लेकिन फिर सवाल उठता है कि अगर वे हैं तो उनसे हमारा संपर्क क्यों नहीं हो पाता? वे आखिर हैं कहां? ये सवाल बेहद अहम हैं और इनके कारण पैदा हुए विरोधाभास को फर्मी पैराडॉक्स के नाम से जाना जाता है। एसईटीआई (सेटी) यानी रिसर्च फॉर एक्स्ट्रा टेरेस्ट्रियल इंटेलिजेंस संस्था कई सालों से इस सवाल का जवाब तलाश रही है। हमारी आकाश गंगा में ही करीब सौ अरब तारे हैं। विरोधाभासी फर्मी पैराडॉक्स का ऑक्सफर्ड विश्वविद्यालय के तीन अकादमिकों ने हाल ही में फिर से मूल्यांकन किया। उन्होंने इससे जुड़ा एक अध्ययन किया है, जिसे नाम दिया गया है डिजॉल्विंग द फर्मी पैराडॉक्स स्टडी। इसके मुताबिक इस बात की संभावना ज्यादा है कि इंसान ब्रह्मांड में अकेला जीवित बुद्धिमान प्राणी है। यानी एलियन्स का होना लगभग नामुमकिन है। यह अध्ययन करने वाले तीन विशेषज्ञों में से एक एंडर्स सैंडबर्ग हैं। वे ऑक्सफर्ड विश्वविद्यालय के फ्यूचर ऑफ ह्यूमैनिटी इंस्टीट्यूट के रिसर्चर हैं। दूसरे वैज्ञानिक हैं एरिक ड्रेक्सलर। इनका नैनोटेक्नोलॉजी की अवधारणा खासा लोकप्रिय हैं। इनके अलावा इसी अकादमिक सेंटर में दर्शनशास्त्र के प्रोफेसर टॉड ऑर्ड इस अध्ययन से जुड़े थे। इस अध्ययन में फर्मी पैराडॉक्स के एक गणितीय आधार का विश्लेषण किया गया है, जिसे ड्रेक समीकरण कहा जाता है। ड्रेक समीकरण का पहले इस्तेमाल किया जाता था। इससे उन संभावित जगहों की लिस्ट बनाई जाती थी, जहां जीवन हो सकता है।

अंतरिक्ष वैज्ञानिक इस निष्कर्ष पर पहुंच गए हैं कि पृथ्वी के अलावा दूसरे ग्रहों पर प्राणियों (एलियंस) का अस्तित्व है। एलियंस तकनीकी विकास में मनुष्यों से कहीं आगे हैं और वे हमारी गतिविधियों पर नजर रखे हुए हैं। स्पेन के इंस्टीट्यूट एस्टोफिसिका डेल केनारियास और फ्लोरिडा विवि के अंतरिक्ष वैज्ञानिकों के एक दल का मानना है कि दूसरे ग्रहों के प्राणी पृथ्वी पर मनुष्यों द्वारा विकसित तकनीकों के इस्तेमाल को शायद कौतूहल से देख रहे हैं।

नासा के एक वैज्ञानिक ने अनुमान जताया है कि हो सकता है, एलियंस धरती पर आए हों, लेकिन हमें पता न चला हो। नासा के कम्प्यूटर वैज्ञानिक और प्रोफेसर सिल्वानो पी. कोलंबो ने एक शोध-पत्र में दावा किया है कि हो सकता है कि एलियंस की संरचना परंपरागत कार्बन संरचना पर आधारित न हो, इसलिए हमें इनका पता न चल पाया हो। सिल्वानो ने कहा कि एलियंस संभवत इंसानों की कल्पना से बिल्कुल अलग दिखते हों। एक अध्ययन के अनुसार हमारी आकाश गंगा में एक सौ साठ अरब ग्रह हैं, जहां एलियंस हो सकते हैं।

## गीत



प्रभु जी मुझे रख लो ना तुम दास -3
दास अगर न रख पाओ ....
तो कर दो दासों का दास
जिस पथ तुम जाओगे
जिस पथ तुम आओगे
पथ कोई हो , कैसा हो
हर पथ पर रखना पास
प्रभु जी मुझे रख लो ना तुम दास
जीवन -मरण के सागर से
सुख- दुःख की गागर से
रखना मुझको दूर सदा
बस इतनी सी अरदास
प्रभु जी मुझे रख लो ना तुम दास

**प्रवीण राणा वर्मा।**
**अर्की, हि प्र।**

## लघुकहानी- जिम्मेदार बच्ची





अभी प्रिया चार वर्ष की ही है लेकिन उसको कोई भी जिम्मेदारी मिल जाती है तो वो उस जिम्मेदारी को एक वयस्क पुरुष की तरह सूझबूझ और सावधानी के साथ पुरा करती है। प्रिया अपने हमउम्र के बच्चों से देखने में ज्यादा समझदार लगती है आज सुबह से ही वो खुश नज़र आ रही थी गांव में आज किसी बच्चे के नामकरण का कार्यक्रम था जंहा पर मुझे भी आंमत्रित किया गया था एक अन्य जरुरी काम होने के कारण मेरा मन कार्यक्रम में जाने के लिए थोड़ा कम इच्छुक था लेकिन प्रिया को पता था की हमारे घर भी कार्यक्रम का कार्ड आया हुआ है तो वो तो तैयार हो गई थी लेकिन मुझे देखकर वो सोचने लगी की सवा दस बजने को है और अंकल अभी तैयार ही नहीं हुवे है बाइक भी वंही खड़ी है कहीं प्लान कैंसल तो नहीं हो गया है प्रिया मेरी ओर थोड़ी आँखे कड़क करती हुई आकर झट से बोली की आपको वंहा जाना है या नहीं। मैंने धीरे से गर्दन हिलाकर कहा हाँ चलेंगे, तो थोड़ी सी उसके चेहरे पे मुस्कान आई। कुछ समय पशचात मैं और प्रिया उस कार्यक्रम में चले गए। जाते वक़्त मां ने पीछे से हल्की आवाज़ में कहा था की अपने चप्पल जूतों का ख्याल रखना हम वंहा पहुंचे। पंहुचते ही मुझे वंहा पर मेरे कुछ साहित्यिक मित्र मिल गए और प्रिया को अपने ट्यूशन में साथ पढ़ने वाले कुछ बच्चे मिल गए, थोड़ी देर बाद में अपने मित्रो के साथ खाना खाने लग गया। खाना खाने के पश्चात मैंने इधर उधर नज़रे दौड़ाई कहीं प्रिया नज़र नहीं आ रही थी मैंने वंहा घर, बाहर सब जगह देखा, उसके साथ पढ़ने वाले बच्चों को भी पूछा कहीं प्रिया को देखा क्या। वो भी कुछ नहीं बता रहे थे काफ़ी देर के बाद मैंने सोचा कहीं घर तो नहीं चली गई। मैं अपनी बाइक की तरफ जा रहा था की वंहा एक टेंट के खम्बे के पास प्रिया मेरे जूतों के पास बैठी उनकी रखवाली कर रही थी मैंने प्रिया से कहा यहाँ पर क्या कर रही है। बोली मां ने कहा था जूतों का ख्याल रखना। मैं सोचने लग गया हक़ीक़त में ही बच्चे मन के सच्चे होते है। मैं प्रिया को खाना खिलाकर वापस घर के लिए निकल पड़ा !

**भगवान सिंह चारण**
**अम्बेसुत, डीडवाना राजस्थान**

## यह गूगल तो ऐसे ही चलेगी

कहा जाता है कि हर सफल कारोबार की एक ही मंजिल होती है- मोनोपोली, यानी एकाधिकार। हर कारोबारी यही चाहता है कि सारी दुनिया उसकी मुट्ठी में आ जाए। यहां तक कि वे कारोबारी भी, जो सैद्धांतिक तौर पर यही मानते हैं कि स्पर्द्धा कारोबार के लिए बहुत अच्छी होती है और यह सभी को नया करने व सोचने के लिए बाध्य करती है। लेकिन हकीकत में वे भी स्पर्द्धा को खत्म करके बाजार को अपने कब्जे में लेने की कोशिश में ही जुटे दिखाई देते हैं। कुछ इसमें कामयाब भी हो जाते हैं। लेकिन मोनोपोली की दिक्कत यह है कि यह कुछ लंबी भले खिंच जाए, पर स्थाई कभी नहीं होती। हमारे पास ऐसे कारोबारी तो बहुत हैं, जिनका कारोबार कई पीढ़ियों से कामयाब है, लेकिन इतनी लंबी पारी खेलने वाली मोनोपोली बहुत कम है। किसी भी एकाधिकार का हश्र एक दिन खत्म हो जाना ही होता है। इसका अपवाद बस डाक व्यवस्था और परिवहन जैसे वे एकाधिकार ही हैं, जिनका संचालन सरकारें करती हैं। लेकिन इनकी दिक्कत यह है कि इसमें एकाधिकार की पारी तो लंबी चलती है, लेकिन कोरोबारी सफलता बहुत ज्यादा नहीं टिकती। इस समय गूगल के खिलाफ अमेरिका में मोनोपोली का जो मामला चल रहा है, उसमें इस तरह की कंपनियों की चर्चा करने का बहुत अर्थ भी नहीं है।
जहां तक गूगल का मामला है, तो हमारी दुनिया में एक ऐसी पीढ़ी पैदा होकर जवान भी हो चुकी है, जो गूगल की उंगली पकड़कर इंटरनेट की दुनिया में पहुंची है। बहुत से लोगों के लिए इंटरनेट गूगल से ही शुरू होता है, चाहे वह उनके पास मोबाइल फोन से पहुंचे या फिर लैपटॉप से। वैसे गूगल कंपनी अब सिर्फ इन्हीं तक सीमित नहीं है, वह कार में भी पहुंच चुकी है और टेलीविजन में भी। जल्द ही शायद वह हमारे रेफ्रिजरेटर में भी होगी और वाशिंग मशीन में भी। हो सकता है कि कुछ समय के बाद आपके बिजली के बल्ब में भी। कंपनी ने 22 साल पहले एक मामूली सी सर्च वेबसाइट के साथ इंटरनेट की दुनिया में कदम बढ़ाया था, लेकिन उसने अब तक इस मैदान से बड़े-बड़े खिलाड़ियों के पैर उखाड़ दिए हैं। आज इंटरनेट, और खासकर सर्च के 90 फीसदी से ज्यादा कारोबार पर इसका कब्जा है। पूरी दुनिया ने इसे मौजूदा दौर की एक हकीकत के रूप में स्वीकार कर लिया था और इस पर कुछ लोग भले ही बोलते-लिखते रहे, लेकिन बड़ी आपत्ति कभी नहीं हुई। आपत्ति अब हुई है, तो इसकी वजह गूगल का एकाधिकार नहीं, बल्कि यह है कि अब गूगल कंपनी वे सारे रास्ते बंद करने निकल पड़ी है, जिससे हाल-फिलहाल उसका कोई प्रतिद्वंद्वी बाजार में उतर ही न सके। कोई उसके खिलाफ ताल ठोक सके, वह ऐसी नौबत आने ही नहीं देना चाहती। कई बरस से वह सभी स्मार्टफोन कंपनियों पर अपने सर्च इंजन की निर्भरता थोपती आई है, इसका अपवाद बस एप्पल के आईफोन रहे हैं। और अब जब गूगल ने मोटी रकम के बदले एप्पल को भी इसके लिए राजी कर लिया है, तो कई स्तरों पर उसका विरोध शुरू हो गया है।

## पराकाष्ठा साथ निभाने की



एक कहानी ऐसी भी
जिसमें है प्रेम, त्याग, संघर्ष, तपस्या, वियोग
साथ साथ ही,
गुणों के संपूर्ण मिलान में,अद्भुत तालमेल के होने में परस्पर
दोनों के मध्य में,
समर्पण,सम्मान और इस गहन अनुभूति को पाने में,
जिसका आधार सिर्फ प्रेम ही तो हैं।
साथ-साथ बांधे रखने वाला प्रखर विश्वास
और कर्तव्यों के निर्वाह में,
हर परिस्थिति में फिर चाहे वह जो भी हो
जैसी भी हो,आ जाऐ जो जीवन में
वन वन भटक कर साथ-साथ आत्मज्ञान पाने का आनंद भी जिया दोनों ने।
एक दूसरे के प्रति व्याकुलता और धैर्यता की अनुभूति को जीना एक ही समय पर ही,
इस यात्रा में चलते चलते जब दोनों ने सहा बिछड़ जाने का दर्द भी,
जीते जी ही,
और पुनः मिलन की आस में पल-पल वियोग में कांटा वक्त को दोनों ने ही,
प्रतिज्ञा पूर्ण करने का जहां था संकल्प भी
असत्य पर सत्य की विजय प्राप्त करने का जब सवाल खड़ा हुआ वहां भी,
अपनी स्त्री के मान की रक्षा करना था उद्देश्य ही
और अपने पुरुष के प्रति एक निष्ठ रहना था सकंल्प ही,
जी हां राम ने अपनी सीता की सदैव जीत होने दी,
जब जब उसके सतीत्व की परीक्षा ली गई
तब तब राम ने अकेले ही उसको यह लड़ाई लड़ने दी,
क्योंकी सीता मात्र एक व्यक्ति विशेष ही नहीं अपितु एक आदर्श थीं,
जिसका आधार ही सतीत्व हैं और सत्य ही।
प्रेम पथ की सार्थकता पाने के लिऐ सहा दोनों ने अलगाव भी,
सत्य के मार्ग पर चलना कहां होता हैं इतना आसान ही,
हां एक कहानी ऐसी थी,
जहां जीवन भर एक पुरुष निभाता रहा मर्यादा ही,
परिवार के प्रति, समाज के प्रति, धर्म के प्रति, प्रजा के प्रति,राज्य के प्रति
और स्त्री ने भी साथ दिया जीवन भर ख्याल रखकर उसकी मर्यादा के मान का ही,
यह सत्य हैं कि एक पुरुष ने नहीं छोड़ा मर्यादा को कभी
और ना स्त्री ने छोड़ा सतीत्व को कभी भी
हां यह कहानी थी सियाराम की,
एक दूजे का साथ निभाने की पराकाष्ठा की।।

**दिव्या सक्सेना,कलम वाली दीदी**
**श्री कृष्ण कॉलोनी सिकंदर कंपू**
**लश्कर ग्वालियर(म.प्र)**

## निकिता को न्याय दो

हरियाणा के बल्लभगढ़ में लव जेहाद के केस में बीकॉम की छात्रा निकिता तोमर की हत्या का केस देशभर में चर्चा का विषय बना हुआ है।यहां बता दें कि सोमवार शाम को अग्रवाल कॉलेज के बाहर बीकॉम की अंतिम वर्ष की छात्रा निकिता तोमर की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।फरीदाबाद के सेक्टर-23 के संजय कॉलोनी निवासी निकिता तोमर सोमवार शाम को जब अपनी सहेली के साथ अग्रवाल कॉलेज से बाहर निकल रही थी,तब उसे पहले से ही बाहर खड़े दो युवकों ने अपहरण कर आई20 कार में बैठा कर साथ ले जाने का प्रयास किया था।जब निकिता नहीं मानी तो उन दरिंदो ने उसके सीने पर गोली मार कर हत्या कर दी।यहां बता दें कि मामले में मुख्य आरोपी तौसीफ ने वर्ष 2018 में भी निकिता का अपहरण किया था।जिसके केश थाना सिटी बल्लभगढ़ में दर्ज किया गया था।फरीदाबाद के बल्लभगढ़ की बीकॉम की छात्रा निकिता उर्फ नीतू पर आरोपी तौसीफ़ के परिवार की तरफ से भी धर्म परिवर्तन का दबाब था।दो साल पहले तौसीफ ने शादी की नीयत से भी उसका अपहरण किया था।आरोपी की माँ भी लगातार निकिता के दिमाग मे तौसीफ से शादी करने का दबाब बनाये हुए थे।मृतका निकिता तोमर के परिवारजन बताते गेन की निकिता स्कूल से समय से ही पढ़ने लिखने में बहुत होशियार थी।वह अपने स्कूल की टॉपर भी थी इसके बाद



जब कॉलेज में उसका दाखिला कराया तो उसमें भी वह अब्बल रही।परिवारजन ने बताया कि आरोपी तौसीफ निकिता के स्कूल में 12 वीं तक साथ पढ़ता था।आरोपी लगातार उसे स्किल टाइम से ही परेशान करता था निकिता ने यह बात घर में भी बताई परन्तु यह जाहिर न होने दिया कि बात ज्यादा बड़ी ही इसके बाबजूद भी वह अपनी पढ़ाई में लगाकर करती रही।वहीं बात निकलकर आती है वर्ष 2018 में निकिता के अपहरण की तो मामला यह है कि 2018 में तौसीफ ने शादी की नीयत से निकिता का अपहरण कर लिया था और पुलिस ने उस समय तौसीफ को भी ढूंढ निकाला था बात लड़की से जुड़ी हुई थी इसलिये परिवार वालो ने बदनामी से बचने के लिये बात को आगे नही बढ़ाया।तदोपरांत आरोपी के परिजनो ने निकिता के घर जाकर माफी मांगी और ऐसी गलती दोबारा न करने की बात भी कही।निकिता के पिता ने बताया कि उन्हें यह पता था कि आरोपी के दिमाग मे कुछ उठापठक चल रही है तो वहीं उन्होंने बताया कि तौसीफ की माँ निकिता को लगातार फोन पर दबाब दे थी की तुम तौसीफ से शादी करलो अब तुमसे कौन शादी करेगा।बदनामी से बचना है तो यही सही रहेगा कि तुम यहाँ आ जाओ और धर्म बदल लो। वहीं जब गिरफ्तारी के बाद आरोपी तौसीफ से पुलिस ने पूछताछ की तो उसने बताया कि निकिता किसी और से शादी करने वाली थी इसलिये उसे मार दिया गया।तौसीफ ने बताया कि मैं मेडिकल की पढ़ाई नही कर सका क्यों कि निकिता ने मुझे गिरफ्तार करा दिया रहा जिसका मैंने बदला लिया है।दरअसल 21 वर्षीय आरोपी तौसीफ फिजियोथेरेपिस्ट का कोर्स कर रहा था वहीं दूसरा आरोपी रेहान भी उसके साथ ही फिजियोथेरेपिस्ट का कोर्स कर रहा था। निकिता तोमर भारत की वह बेटी थी जिसने अपनी जान दे दी पर धर्म परिवर्तन के लिए राजी नही हुई।सनातन धर्म तुम्हारे बलिदान को कभी व्यर्थ न जाने देगा।निकिता के हत्यारे तौसीफ और रेहान जैसे कुछ दरिंदे सड़क पर घूमते हुए उस पागल भेड़िये की तरह हैं जो कभी भी किसी पर हमला कर सकते हैं इसलिए इनका इलाज जरूरी है अन्यथा की स्तिथि में हम आये दिन एक न एक निकिता खोते रहेंगे और शोक मनाते रहेंगे।याद रखो कहीं ऐसा न हो कभी आपकी बेटी ने इस्लाम नही स्वीकारा तो उसे भी गोली का शिकार न होना पड़े।लगातार मासूम बच्चियों,बेटियों की मौतों का प्रतिशत बढ़ता जा रहा पर सरकार मुँह पर ताला लगातार तमाशबीन बनी बैठी है। अब सवाल यह उठता है कि क्या वह राजनैतिक दल हरियाणा जाएंगे जैसे वह हाथरस गए थे..? क्या वह राजनैतिक दल इंडिया गेट पर कैंडल मार्च करेंगे जैसे उन्होंने असिफा के लिए किया था..? कुछ नही होने वाला सब दिखावा करते हैं।पर यह भी सत्य है अगर हम लोगो ने कोई ठोस कदम नही उठाया तो आये दिन निकिता जैसी हमारी बहन,बेटियां मारी जाती रहेंगी।

**अर्पित गुप्ता**
**पत्रकार/लेखक**
**ग्वालियर मप्र**

## दिल की बात



मैं तुम्हें भूला ही नहीं पा रही हूँ
गली के मोड़ पर ही तुम ठहर गए
मेरी खुश्बू की तलाश में सदियों से भटकते पर मैं तुम्हें भूल ही नहीं पा रही हूँ,
कुछ कदमों की दूरी तय कर लो ना.. !
मिलूँगी तपस्वी सी, एक धुनी जलती है मेरे आँगन के कोने में,
मखमली सुगंधित धुँआँ बहता है,
ना रहता नहीं कोई यहाँ बस एक आवाज़ बसती है तुम्हें पुकारती,
पता मिटा दिया है मैंने जिस नाम को मिटे ही सदियाँ बीती पर मैं तुम्हें भूल ही नहीं पा रही.. !
मेरी रूह बसती है एक इंतज़ार लिए,
सुनती रहती है हर आहट बेचैन सी पहचानती है तुम्हारे कदमों को,
चले आओ इस धीमी सी बजती साँसों की सरगम सा जो सुनाई दे रहा है उस दिशा में,
तुम्हारे बहुत करीब हूँ... !
देखो आज अद्दल वही नज़ारा शमा बाँधे खड़ा है अमलतास के चार फूल पीपल के पत्ते पर खिलखिला रहे है,
ये नाग नागिन का जोड़ा देहरी पर बैठे क्रिडा में मस्त है,
उस दिन भी तो साक्षी थे यही सब हमारे मिलन की जुदाई के.. !
तुम्हारे आगोश लेते ही मेरी साँसों ने साथ छोड़ा था तन का,
अस्थियाँ बहा दी तुमने गंगा धार में पीछे मूड़कर देखा भी होता एक आस पड़ी थी प्यासी अकुलाती.. !
बस वही तो हूँ में जिसकी तुम्हें तलाश है सदियों से देखो कुछ कदमों की दूरी लाँघकर फासले तय कर लो कहीं इसबार भी ना खो दूँ तुम्हें मान लो मेरी गुहार क्यूँकि मैं तुम्हें भूल ही नहीं पा रही हूँ॥

**(भावना ठाकर, बेंगुलूरु)भावु**

## देश से प्यार




है प्यार मुझको अपार
कहते हैं तुमसे सनम
प्यार इस देश से करना
रहें या ना रहें हम।
मान अपना हो या नहीं
अपना शान तिरंगा
बहती रहे धरती पर ए
पतित पावनी गंगा।
मन होता है आनंदित
तिरंगा सर्वविदित
देख कर सभी डरते हैं
होते सूर्य उदित।
कभी नहीं झुकने देना
तिरंगा को ऐ सनम
प्यार इस देश से करना
रहें या ना रहें हम।

**ज्ञानंद चौबे**
**रेणुकूट, सोनभद्र**
**उत्तर प्रदेश**



## सूरज पे मंगल भारी के साथ वापसी करेगें अभिषेक

फिल्मकार अभिषेक शर्मा अपनी एक नई कॉमिक फिल्म सूरज पे मंगल भारी के साथ वापसी के लिए बिल्कुल तैयार हैं। इस फिल्म की कहानी नब्बे के दशक की पृष्ठभूमि पर आधारित है। इस बारे में उन्होंने कहा कि उनकी आने वाली फिल्म ऋषिकेश मुखर्जी और बासु चटर्जी की हंसाने-गुदगुदाने वाली फिल्मों की श्रेणी में एक साफ-सुथरी कॉमेडी है। इस फिल्म में मनोज बाजपेयी, दिलजीत दोसांझ और फातिमा सना शेख नजर आऐंगे। हाल ही में इस फिल्म के ट्रेलर को रिलीज किया गया, जिसमें नॉन-स्टॉप मस्ती की छाप देखने को मिली। यह फिल्म शादी और दूल्हों की जासूसी के इर्द-गिर्द घूमती है। शर्मा ने बताया कि फिल्म में बीते दिनों की सरलता को ध्यान में रखा गया है। इसकी कहानी में एक सादगी है, जो पहले के जमाने के फिल्मों में देखने को मिलती थी। यह सादगी हमें ऋषिकेश मुखर्जी और बासु चटर्जी के फिल्मों की याद दिलाएगी। यह एक साफ-सुथरी पारिवारिक कॉमेडी फिल्म है।



## आयुष्मान और वाणी की अगली फिल्म का नाम तय

आयुष्मान खुराना और वाणी कपूर अभिनीत बहु चर्चित फिल्म का नाम तय हो गया है। अभिषेक कपूर द्वारा निर्देशित इस फिल्म का शीर्षक 'चंडीगढ़ करे आशिकी' होगा। इस पर आयुष्मान ने खुशी जाहिर करते हुए इंस्टाग्राम पर लिखा कि अगला पड़ावःपहली बार के लिए मेरा होम टाऊन होने जा रहा है। अभिषेक कपूर की इस खुशमिजाज प्रगतिशील लव स्टोरी का हिस्सा बन रोमांचित हूं। हैशटैगचंडीगढ़करेआशिकी। इसके साथ ही उन्होंने एक तस्वीर भी साझा कीं। इस तस्वीर में वह अभिषेक और वाणी संग पोज देते नजर आ रहे हैं। वाणी ने भी इसी तस्वीर को अपने इंस्टाग्राम अकांउट पर साझा किया है। उन्होंने अपने पोस्ट को कैप्शन देते हुए लिखा कि प्यार में पड़ने का वक्त आ गया है। अभिषेक कपूर की इस खुशमिजाज प्रगतिशील लव स्टोरी का हिस्सा बन रोमांचित हूं। हैशटैगचंडीगढ़करेआशिकी।



## मकर संक्रांति पर रिलीज होगी हाथी मेरे साथी मूवी

फिल्म 'हाथी मेरे साथी' अगले साल मकर संक्रांति पर सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में राणा दग्गुबाती और पुलकित सम्राट मुख्य भूमिका नजर आयेंगे। पुलकित ने इंस्टाग्राम पर अपने सत्यापित अकांउट के जरिए इस फिल्म की रिलीज से जुड़ी जानकारी साझा की। उन्होंने लिखा कि आज जिस तरह से हम एक घातक महामारी का सामना कर रहे हैं, हमारे जंगल भी एक ऐसी ही मुसीबत का सामना कर रही है और वह है मानव अतिक्रमण और वनों की कटाई। ये क्रमशः इन पर हावी हो रहे हैं। हैशटैगहाथीमेरेसाथी के साथ इस रोमांचक संघर्ष का हिस्सा बनिए। साल 2021 की मकर संक्रांति पर थिएटर में रिलीज हो रही है। बता दें कि पुलकित ने अपने इस नोट को फिल्म के मोशन पिक्चर के साथ साझा किया, जिसमें जंगल की पृष्ठभूमि में वह और राणा दग्गुबाती हाथियों के झुंड संग नजर आ रहे हैं। यह फिल्म हिंदी, तमिल और तेलुगू भाषाओं में रिलीज होगी।



## नाच मेरी रानी को चंद घंटों में मिले 1.1 करोड़ व्यूज

नोरा फतेही और गुरु रंधावा के नए म्यूजिक वीडियो "नाच मेरी रानी" को यूट्यूब पर रिलीज होने के चंद घंटों के भीतर ही 1.1 करोड़ व्यूज मिल चुके हैं और साथ ही यह वीडियो अभी यूट्यूब पर पहले नंबर पर ट्रेंड भी कर रहा है। इस बारे में नोरा ने बताया कि इस वीडियो की ओवरऑल पैकेजिंग आदर्श है, क्योंकि वीएफएक्स आर्टिस्ट की हमारी एक गजब की टीम रही है और इसके साथ ही (कम्पोजर) तनिष्क बागची ने इसे संगीत दिया है। तनिष्क के साथ मेरा जुड़ाव हमेशा ही हिट साबित हुआ है फिर चाहे वह दिलबर' हो, ओ साकी साकी हो या एक तो कम जिंदगानी हो। इसके अलावा गाने में निकिता गांधी की गायकी भी शानदार रही है। इन सबसे बढ़कर, मैं वीडियो में फैशन सेंस को लेकर बहुत उत्साहित हूं। हेयर, मेकअप, कॉस्ट्यूम पर हमने खूब काम किया है, क्योंकि हम गाने को एक इंटरनेशनल अपील देना चाहते थे।

# मोहब्बतें के 20 साल पूरे

## अमिताभ बोले-मोहब्बतें बहुत कारणों से खास है



**यशराज बैनर तले बनी म्यूजिकल रोमांटिक एवं मल्टीस्टारर फिल्म 'मोहब्बतें' ने आज अपनी रिलीज के 20 साल पूरे कर लिए हैं। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन, शाहरुख खान, ऐश्वर्या राय, उदय चोपड़ा, शमिता शेट्टी, जुगल हंसराज, किम शर्मा, जिमि शेरगिल और प्रीति झिंगानिया मुख्य भूमिका में थे।**

**फिल्म** के 20 साल पूरे होने पर बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने फिल्म से जुड़ी यादें ताजा करते हुए सोशल मीडिया पर फिल्म से जुड़ा एक वीडियो शेयर किया है। इसके साथ ही अमिताभ ने फिल्म के 20 साल पूरे होने का जश्न मनाते हुए लिखा-'परम्परा, प्रतिष्ठा, अनुशासन ..मोहब्बतें बहुत कारणों से खास है...20 साल की यह खूबसूरत प्रेम कहानी, भावनाओं का एक रोलर कोस्टर। आप सभी जो प्यार बरसते रहे हैं उसके लिए सदा आभारी।' फिल्म 'मोहब्बतें' की कहानी एक ऐसे गुरुकुल पर आधारित है, जहां सिर्फ लड़के पढ़ते हैं और उस गुरुकुल के प्रधानाचार्य रहते हैं मिस्टर नारायण शंकर (अमिताभ बच्चन ), जिनके लिए परम्परा, प्रतिष्ठा और अनुशासन ही सब कुछ है। ऐसे माहौल में इस गुरुकुल में इंट्री होती है संगीत शिक्षक राज आर्यन (शाहरुख खान) की, जिसे गुरुकुल की प्रधानाचार्य की बेटी मेघा (ऐश्वर्या राय) से प्यार हो जाता है। लेकिन मेघा एक दिन सुसाइड कर लेती है जिसके बाद राज कसम खाता है कि अपनी कोशिशों से गुरुकुल में प्यार भर देगा और इसमें वह सफल भी होता है। यह फिल्म तीन छात्रों समीर (जुगल हंसराज), विकी (उदय चोपड़ा) और करण (जिमी शेरगिल) पर केंद्रित है जो सभी प्यार में पड़ते हैं। अभिनेत्री किम शर्मा ने संजना, शमिता शेट्टी ने इशिका और प्रीति झिंगानिया ने किरन का किरदार निभाया था। इनके अलावा फिल्म में अनुपम खेर, अर्चना पूरण सिंह, शेफाली शाह और अमरीश पुरी भी नजर आए थे। यश चोपड़ा द्वारा निर्मित इस फिल्म का निर्देशन आदित्य चोपड़ा ने किया था। फिल्म 'मोहब्बतें' 27 अक्टूबर, 2000 में रिलीज हुई थी। फिल्म के सारे गाने और डायलॉग काफी मशहूर हुए थे और यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी।

## 'दुर्गावती' को लेकर उत्साहित भूमि पेडनेकर



**अभिनेत्री भूमि पेडनेकर अपनी आगामी फिल्म 'दुर्गावती' के लिए काफी उत्साहित हैं। फिल्म में वह अकेली ही स्टार हैं**

इस बारे में भूमि ने कहा कि यह पहली बार है कि मैं अकेले किसी फिल्म की शूटिंग कर रही हूं और यह रोमांचक होने के साथ-साथ घबराहट पैदा करने वाला भी है। मुझ पर बहुत सारी जिम्मेदारी है। हॉरर फिल्म में कास्ट किए जाने को लेकर उन्होंने कहा कि मेरी जिम्मेदारी को साझा करने के लिए हमेशा मेरे पास एक सह-कलाकार रहा है और अब मैं अकेले इस फिल्म में हूं। मैं वास्तव में यह देखने के लिए उत्साहित हूं कि लोग इस पर कैसी प्रतिक्रिया देते हैं। मैंने ऐसा कभी नहीं देखा। लोगों ने मुझे कभी इस अवतार में नहीं देखा। बता दें कि भूमि फिल्म 'बधाई दो' की शूटिंग शुरू करने के लिए भी तैयार हैं। यह फिल्म आयुष्मान खुराना-स्टारर 'बधाई हो' का दूसरा हिस्सा है। हालांकि आयुष्मान और भूमि ने दम लगा के हईशा, शुभ मंगल सावधान और बाला जैसी हिट फिल्में दी हैं। भूमि ने कहा कि मुझे लगता है कि मैं कभी भी एक ऐसी फिल्म के सेट पर नहीं आई हूं, जहां मुझे ऐसा महसूस हुआ कि मैं यहां क्यों हूं मैं उस काम को करने से दुखी नहीं होना चाहती, जो कभी हुआ ही नहीं। मैं कभी भी ऐसी फिल्म का हिस्सा नहीं रही, जहां लगा कि यह सही नहीं है।

## घर से निकलने के बाद बिग बॉस को टीवी पर देखना मुश्किलः दिगांगना



अभिनेत्री और बिग बॉस 9 की प्रतिभागी दिगांगना सूर्यवंशी का मानना है कि घर से बाहर निकलने के बाद इस शो को देखना मुश्किल हो सकता है। दिगांगना ने कहा कि मैं उस घर में रह चुकी हूं और ईमानदारी से कहूं तो मुझे लगता है कि एक बार जब आप उस घर में रहने के बाद बाहर आते हैं तो उस शो को देखना बहुत मुश्किल हो जाता है। मैं अक्सर इसे शनिवार और रविवार को सलमान (खान) सर के कारण देखती हूं क्योंकि मुझे उन्हें टेलीविजन पर देखने में मजा आता है। मगर, 'बिग बॉस' के बारे में एक दिलचस्प बात यह है कि आप इसे फॉलो करते हैं या नहीं इससे फर्क नहीं पड़ता लेकिन सोशल मीडिया पर इसकी व्यापक चर्चा होती है, इसलिए आप हमेशा अपडेट रहते हैं। इस सीजन के पसंदीदा प्रतिभागी के बारे में उन्होंने कहा कि शो के मौजूदा सीजन में टेलीविजन इंडस्ट्री से बहुत सारे जाने-पहचाने चेहरे हैं। मैं शो को फॉलो नहीं कर रही हूं, लेकिन मैं सभी प्रतिभागी विशेषकर टेलीविजन इंडस्ट्री के प्रतिभागियों को पसंद करती हूं। अपने अगले प्रोजेक्ट के बारे में उन्होंने कहा कि मैं एक हिंदी फिल्म और कुछ अन्य चीजें कर रही हूं। हम जल्द ही उनके बारे में औपचारिक घोषणा करेंगे। बता दें कि दिगांगना अब तेलुगु स्पोर्ट्स एक्शन फिल्म सीटीमार में टोटमपुडी गोपीचंद और तमन्ना भाटिया के साथ नजर आएंगी।

## मलाइका अरोड़ा ने शेयर की सनकिस्ड सेल्फी, खुद को बोली सनशाइन गर्ल

**बॉलीवुड दीवा मलाइका अरोड़ा ने मंगलवार को अपने प्रशंसकों के साथ अपनी खास तस्वीर शेयर की है। तस्वीर में मलाइका धूप का आनंद लेते नजर आ रही हैं। मलाइका अरोड़ा सोशल मीडिया पर अपने फैंस के साथ तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। इस बार उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी सनकिस्ड सेल्फी शेयर की है।**



तस्वीर में मलाइका को नो मेकअप लुक में देख सकते हैं। हाल में अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा ने अपने खास दोस्तों के साथ अपना 47वां जन्मदिन मनाया है। मलाइका अरोड़ा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। मलाइका अरोड़ा ने इंस्टाग्राम पर अपनी बेहद खूबसूरत सेल्फी को शेयर कर लिखा-'मॉर्निंग आर माई थांग.... सनशाइनगर्ल।' तस्वीर में मलाइका अरोड़ा बेहद खूबसूरत दिख रही हैं। सूरज की किरणें उनके बालों से होते हुए माथे और चेहरे पर बिखर रहा है। उनका चेहरा काफी चमक रहा है। वहीं मलाइका अरोड़ा के पोस्ट पर उनके प्रशंसकों और कई सेलिब्रिटी ने अपनी प्रतिक्रिया दी है और पोस्ट को लाइक कर रहे हैं। मलाइका के पोस्ट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कोरियोग्राफर और निर्देशक फराह खान ने लिखा-'वाह मेरी गोल्डन गर्ल।' रिद्धिमा कपूर साहनी, महीप कपूर सहित 1 लाख से अधिक प्रशंसकों ने मलाइका के पोस्ट को पसंद किया है और कई लोगों ने दिल वाली इमोजी शेयर की है। मलाइका अरोड़ा अक्सर वर्कआउट और योगा करते अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं।



## चॉकलेटी बॉय कार्तिक आर्यन ने साइन की अपनी पहली थ्रिलर फिल्म

बॉलिवुड के चॉकलेटी बॉय और नैशनल क्रश कहे जाने कार्तिक आर्यन अभी तक केवल कॉमिडी और रोमांटिक फिल्मों में ही नजर आए हैं। सुनने में आया है कि कार्तिक आर्यन अब दूसरे जॉनर में भी हाथ आजमाने वाले हैं और उन्होंने अपनी पहली थ्रिलर फिल्म साइन की है। डायरेक्शन नीरजा फेम डायरेक्टर राम माधवानी करेंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कार्तिक आर्यन ने 'नीरजा' जैसी सुपरहिट फिल्म बना चुके डायरेक्टर राम माधवानी की अगली फिल्म साइन की है। यह एक थ्रिलर फिल्म होगी। इस फिल्म की स्क्रिप्ट कार्तिक आर्यन को काफी पसंद आई और वह इस फिल्म को करने के लिए तुरंत राजी हो गए। एक सूत्र ने बताया, फिल्म की शूटिंग मुंबई की कई अलग-अलग लोकेशंस पर होगी और इसे एक ही शेड्यूल में पूरा किया जाएगा। यह फिल्म एक महीने में शूट की जानी है फिर भी मेकर्स ने 2 हफ्ते एक्सट्रा रखे हैं। अभी इस फिल्म का प्री-प्रॉडक्शन चल रहा है। राम माधवानी ने हाल में सुष्मिता सेन की रिलीज हुई वेब सीरीज 'आर्या' का डायरेक्शन किया था जिसे काफी पसंद किया गया था। दूसरी तरफ कार्तिक आर्यन की बात करे तो वह अपनी फिल्म 'भूल भुलैया 2' की शूटिंग कर रहे हैं, जिसमें उनके साथ कियारा आडवाणी नजर आएंगी। इसके अलावा कार्तिक आर्यन 'दोस्ताना 2' की भी शूटिंग कर रहे हैं। अब देखना है कि इस थ्रिलर फिल्म में फैन्स कार्तिक को कब देख पाते हैं।

**फिल्म एक महीने में शूट की जानी है पर मेकर्स ने 2 हफ्ते एक्सट्रा रखे हैं**

## न्यूज. ब्रीफ

### अमेरिकी हवाई हमलों में अलकायदा के सात वरिष्ठ नेता मारे गए

**वाशिंगटन।** अमेरिका का मानना है कि पिछले हफ्ते सीरिया में उसके द्वारा किए गए हवाई हमले में अलकायदा के सात वरिष्ठ नेता मारे गए। हमले के वक्त संगठन के नेता इदलिब के निकट बैठक कर रहे थे। अमेरिकी सेंट्रल कमान की प्रवक्ता मेजर बेथ रिऑर्डन ने बताया कि हवाई हमला 22 अक्टूबर को किया गया। हालांकि उन्होंने मारे गए अलकायदा नेताओं के नाम नहीं जाहिर किए हैं। रिऑर्डन ने कहा,अलकायदा के उन नेताओं के मारे जाने से आतंकवादी संगठन की साजिश रचने की और दुनियाभर में हमले करने की क्षमता प्रभावित होगी। उन्होंने कहा, अलकायदा उत्तरपश्चिमी सीरिया में अस्थिरता का फायदा उठाकर आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए इसका सुरक्षित पनाहगाह के रूप में इस्तेमाल करता है।रिऑर्डन ने कहा,हमारे सहयोगियों और साझेदारों के साथ हम अलकायदा और अन्य आतंकवादी संगठनों को निशाना बनाना जारी रखने वाले है।

### पैगंबर मोहम्मद के कार्टून को लेकर पाक ने फ्रांसीसी राजदूत को तलब किया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने पैंगबर साहब पर कार्टून के प्रकाशन और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के बयान पर तीखा विरोध दर्ज कराने के लिए फ्रांसीसी राजदूत मार्क बरेती को तलब किया। वहीं देश की संसद ने सरकार से पेरिस से अपना दूत वापस बुलाने की मांग की। विदेश कार्यालय ने बताया कि यह रेखांकित किया गया कि इस तरह के गैरकानूनी और इस्लाम विरोधी कृत्य पाकिस्तान सहित दुनिया भर में मुसलमानों की भावनाओं को आहत करते हैं। इस तरह के कदम को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर उचित नहीं ठहराया जा सकता है। पाकिस्तान ने दोहराया कि धार्मिक आस्थाओं को आहत करने और धार्मिक-द्वेष, कटुता और टकराव को हवा देने के लिए अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का दुरुपयोग नहीं किया जाना चाहिए।

### राष्ट्रपति चुनाव के बीच बिकने को तैयार हैं, ट्रंप का खास हेलीकॉप्टर

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का खास हेलीकॉप्टर बिकने को तैयार है। यह हेलीकॉप्टर कोई आम हेलीकॉप्टर नहीं है। ट्रंप के गोल्ड ट्रिम्ड 1989 सिकोरस्की एस-76 बी हेलीकॉप्टर की अनेक खूबियां हैं, इसकी कीमत भी हैरान करने वाली है। ट्रंप की तरह उनका खास हेलीकॉप्टर भी काफी चर्चित रहा है। ट्रंप ने कई बार इसके साथ फोटो शेयर की हैं। हेलीकॉप्टर में बैठने के लिए खास व्यवस्था है, खास डिजाइन और शानदार चमड़े की सीटों के अलावा इसका सबसे बड़ा आकर्षण सोने की ट्रिमिंग है। हेलीकॉप्टर की वास्तविक कीमत 875,000 अमेरिकी डॉलर यानि 6,47,10,625 रुपए है, लेकिन यह 20,71,23,000 रुपए में बिकाऊ है। ट्रंप के हेलीकॉप्टर की बिक्री की बोली की टाइमिंग भी बेहद अहम है।

### नए अध्ययन में दावा, सात महीने बाद तक भी शरीर में मौजूद रहता एंटीबॉडी

**लंदन।** नए अध्ययन में दावा किया गया है, कि किसी व्यक्ति के शरीर में कोरोना संक्रमण से लड़ने वाला एंटीबॉडी तत्व महामारी के लक्षण महसूस होने के बाद, शुरूआती तीन हफ्तों में काफी तेजी से विकसित होता है और बीमारी की चपेट में आने के सात महीने बाद तक भी यह शरीर में मौजूद रहता है। एंटीबॉडी शरीर का वहां तत्व है, जिसका निर्माण हमारे शरीर की रोग प्रतिरोधक प्रणाली वायरस को बेअसर करने के लिए करती है। कोरोना से संक्रमित 300 रोगियों और इससे उबर चुके 198 लोगों पर किए गए अनुसंधान में बात सामने आई है। अनुसंधान में पाया गया कि सार्स-कोव-2 वायरस की चपेट में आने वाले लोगों के शरीर में छह महीने बाद भी एंटीबॉडी तत्व सक्रिय रहा।

| जदयू प्रवक्ता ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर एनडीए सरकार की उपलब्धियों का ब्यौरा दिया |

# नीतीश कुमार के राज में बेटियों ने भयमुक्त हो घर से बाहर निकलना शुरू किया : राजीव रंजन प्रसाद

पटना ■ एजेंसी

जदयू प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि राजद की सरकार में महिलाएं और बेटियां घर से बाहर निकलने में डरती थी लेकिन नीतीश कुमार के राज में बेटियों ने पर्दा प्रथा को तोड़कर घर से बाहर निकलना शुरू कर दिया। बिहार में चुनावी शोर के बीच जदयू प्रवक्ता ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर एनडीए सरकार की उपलब्धियों का ब्यौरा दिया। इस दौरान उन्होंने नीतीश सरकार द्वारा बिहार में किए गए विकास के कार्यों को समझाया और कहा कि एनडीए शासनकाल में सामाजिक और सौहार्द का माहौल रहा है। उन्होंने कहा कि भारत के संविधान ने 18 वर्ष से ज्यादा उम्र के हर नागरिक को वोट देने का अधिकार दिया है। इस बार बिहार विधानसभा का चुनाव बहुत महत्वपूर्ण है और हर मतदाता को तुलनात्मक अध्ययन करने के बाद ही अपना वोट देना चाहिए। कानून के राज



की बदौलत माहौल सुधरा। लेकिन बिहार की जनता कभी नहीं भूल सकती है कि पहले गांव का वातावरण कैसा था सामूहिक नरसंहार बिल्कुल आम थे। लोग भय से पलायन को मजबूर थे। राजद महिला सशक्तिकरण का मतलब था लालू जी के जेल जाने के बाद राबड़ी देवी जी का रबड़ स्टांप की तरह मुख्यमंत्री बन जाना। राजद के लिए महिला सशक्तिकरण के ब्रांड एंबेसडर रहे हैं, राजबल्लभ यादव अरुण यादव और न जाने कितने लोग जिन लोगों पर इतने संगीन आरोप लगे हैं और बहुत मामलों में सिद्ध भी हुए हैं। नितीश कुमार जी ने सरकारी नौकरी में 35 प्रतिशत आरक्षण पंचायत के चुनाव में 50 प्रतिशत आरक्षण बेटियों को पढ़ने के लिए इतनी सुविधाएं देना सायकल योजना पोशाक योजना छात्रवृत्ति योजना से लाभ लेकर आज बिहार के हर थाने में आपको बिहार की बेटियां दिखाई पड़ेगी। राजद 1990 से लेकर 2005 तक के अपने चुनावी अभिभाषण में इस बात पर जोर देता रहा की 1500 से ज्यादा आबादी वाले गांव में जल निकासी स्वच्छ पेयजल और सड़कों का इंतजाम करेंगे इसके बदले किया क्या यह सब लोग जानते हैं नीतीश कुमार जी ने अपने 7 निश्चय में इन कार्यों को पूरा किया है।

# आरोप : बिहार राज्य का चप्पा-चप्पा अपराध के बीहड़ में हो गया है तब्दील : सुरजेवाला

### 14 साल में 14 हजार बेटियों के साथ हुआ दुष्कर्म

बिहार विधानसभा चुनाव में प्रचार चरम पर पहुंच गया है। पक्ष-विपक्ष के बीच आरोप प्रत्यारोप के बीच बढ़ते अपराध को लेकर कांग्रेस ने एनडीए की सरकार पर निशाना साधा है। पार्टी के नेता रणदीप सुरजेवाला ने पटना में प्रेस वार्ता करते हुए नीतीश कुमार को अपराध कुमार और सुशील कुमार मोदी को दुषील मोदी कहा। सुरजेवाला ने कहा कि आज बिहार राज्य का चप्पा-चप्पा अपराध के बीहड़ ने तब्दील हो गया है। नीतीश सरकार ने अपराधियों को संरक्षण दिया तो बच्चों को भी अपराधियों ने नहीं छोड़ा है। बिहार में रोजाना 737 अपराध से जुड़े मामले दर्ज होते हैं।

अपराध कुमार और दु:शील मोदी की सरकार आने से अपराध में वृद्धि हुई है। सुरजेवाला ने कहा कि आज हत्या के मामले



में यूपी के बाद दूसरे नंबर पर बिहार है जहां 44 हजार 271 लोगों की हत्या हुई है। हत्या के प्रयास के मामले में भी बिहार दूसरे नंबर पर है यहां 70 हजार 92 लोगों के खिलाफ हत्या का प्रयास हुआ। कांग्रेस नेता ने कहा कि बिहार के कोने-कोने को दंगे से भर दिया गया है। 14 वर्षों में 1 लाख 45 हजार 494 दंगे हुए हैं। नीतीश कुमार की सत्ता अपराधियों के पोषण और लोगो के शोषण पर आधारित है। बिहार में नीतीश कुमार के आने के बाद 84 प्रतिशत जघन्य अपराधों में वृद्धि हुई है। बिहार में 14 साल में बेटियों, महिलाओं के साथ होने वाले अपराध में 175 प्रतिशत बढ़ोतरी हुई है

आज बिहार में 84 हजार 518 मामले न्यायालय में लंबित हैं। बिहार में बेटियों और महिलाओं के अपहरण 733 प्रतिशत वृद्धि हुई है। नीतीश के 14 साल में 14 हजार 27 बेटियों का बलात्कार हुआ है तो 84 फीसदी महिला अपराध के मामले में सजा नहीं हुई है। सुरजेवाला ने कहा कि बेटियों, महिलाओं के अपहरण में 733 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। 14 हजार 27 बलात्कार के मामले नीतीश सरकार में दर्ज हुए हैं। पूरे देश मे बिहार में सबसे ज्यादा चाइल्ड पोर्नोग्राफी की वारदात होती है। बिहार में दलितों के उत्पीड़न के 20352 मामले सामने आए जिसमें से 90 फीसदी मामले में न्याय नहीं मिला।

# बम विस्फोट से सात बच्चों की मौत, 70 से अधिक घायल



पेशावर ■ एजेंसी

उत्तर पश्चिमी पाकिस्तान के पेशावर के एक मदरसे में मंगलवार को एक शक्तिशाली बम विस्फोट हुआ, जिसमें सात बच्चे मारे गए जबकि 70 अन्य घायल हो गए। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पेशावर शहर के पुलिस अधीक्षक वकार अजीम ने कहा कि पेशावर शहर की दीर कॉलोनी में स्थित मदरसे में सुबह की नमाज के बाद विस्फोट हुआ। पीएमएल-एन की उपाध्यक्ष मरियम नवाज ने इसे दिल दहला देने वाली घटना करार दिया है। उन्होंने बताया कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने विस्फोटक सामग्री से भरा बैग मदरसे की दीवार के पास रख दिया था, जिसके विस्फोट में 7 बच्चे मारे गए और 70 अन्य घायल हो गए। उन्होंने बताया माना जाता है कि बच्चे जब मदरसे में आ रहे थे, विस्फोट उस समय हुआ। अस्पताल के अधिकारियों ने पुष्टि की है कि उन्हें विस्फोट में मारे गए सात बच्चों के शव मिले हैं और 70 लोग घायल हुए हैं। खैबर पख्तूनख्वा के पुलिस प्रमुख सनाउल्लाह अब्बासी ने मरने वालों की संख्या की पुष्टि की है। पुलिस के अनुसार, जब बम विस्फोट हुआ तब लगभग 40-50 बच्चे मदरसे के भीतर मौजूद थे। मदरसा प्रशासन ने कहा कि संस्था में लगभग 1100 छात्र पढ़ते हैं। खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री महमूद खान ने बच्चों पर हमले की निंदा की। मुख्यमंत्री के सूचना सलाहकार कामरान बंगश ने कहा कि विस्फोट की पूरी तरह जांच की जाएगी और अपराधियों को सजा दी जाएगी। उन्होंने कहा जो लोग आतंक फैलाते हैं वे अपने मकसद में कभी कामयाब नहीं होंगे। इलाके की घेराबंदी कर दी गई है और पुलिस की टीमें सबूत इकट्ठा कर रही हैं। अब क किसी भी समूह ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। खैबर पख्तूनख्वा स्वास्थ्य मंत्री तैमूर सलीम झागरा ने घटना स्थल के दौरे के बाद कहा कि घायल लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# लालू राज में बिन पैसे दिए ही शोरूम से घर ले जाए जाते थे वाहन : स्मृति ईरानी

गोपालगंज ■ एजेंसी

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान बुधवार को होगा उसके बाद गोपालगंज में दूसरे चरण में चुनाव होना है। यहां 3 नंवबर को मतदान है। इसको लेकर अब सभी दलों ने गोपालगंज में चुनावी रैलियां और सभाएं तेज कर दी है।
मंगलवार को केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने गोपालगंज विधानसभा के एनडीए के भाजपा प्रत्याशी सुभाष सिंह के लिए शहर के वीएम मैदान में एक चुनावी सभा की और पूर्ववर्ती राजद सरकार पर जमकर हमला बोला। केन्द्रीय मंत्री ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार में जब लालटेन और कांग्रेस की सरकार थी तो तब की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। पहले की सरकार में क्या होता था ये सब जानते हैं। बड़े-बड़े शहरों में शो रूम के शीशे तोड़



दिए जाते थे। गाड़ियां लूट ली जाती थी। कुछ लोग बिन पैसे के ही गाड़ियों को अपने घर लेकर चले जाते था और कहा जाता था कि नेता जी के घर में किसी की शादी है। स्मृति ईरानी ने राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के परिवार पर हमलवार अंदाज में बोल रही थीं। उन्होंने कहा कि एक वो समय था जब दिल्ली से विकास के नाम पर 100 रुपये निकलता था तो बिहार पहुंचते-पहुंचते सिर्फ 5 रुपये बचता था। भ्रष्टाचार की वजह से कोई विकास कार्य नहीं हो पाता था। आज मोदी राज में 100 रुपया आता है तो डायरेक्ट 100 रुपये ही पहुंचता है। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने दावा किया की 40 करोड़ परिवार को जीवन में पहली बार शौचालय मिला है। 80 करोड़ लोगों को मुफ्त में राशन उपलब्ध कराया गया है। तेजस्वी पर निशाना साधते हुए ईरानी ने कहा कि जिसने जीवन भर नौकरी नहीं की वो 10 लाख नौकरी दिलवा रहे हैं। स्मृति ईरानी ने कहा कि बिहार में भाजपा और जदयू की सरकार विकास के उजाले में बिहार को लेकर आई है फिर भी इस चुनावी रणभूमि में चार दिन पहले से जिस तरह से भाजपा के उम्मीदवार के ऊपर हमले किये गए विरोधी दलों के द्वारा इस बात का संकेत है की विरोधी दल पहले ही हार मान चुके है।

# देश में धूमधाम से मनाया गया 'पैदल सेना दिवस'

नई दिल्ली ■ ब्यूरो

देश में मंगलवार को 'पैदल सेना दिवस' मनाया गया। दुनिया की सबसे बड़ी इन्फेंट्री डिविजन भारत में है। भारत के पैदल सैनिकों की संख्या 12 लाख 40 हजार के करीब है। फ्रंटलाइन पर रहकर देश की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालने वाली पैदल सेना के नाम 27 अक्टूबर का दिन निर्धारित किया गया है। सन 1947 में आज के ही दिन भारतीय पैदल सेना ने देश का एक बड़ा भूभाग पाकिस्तान के हाथ में जाने से बचाया था। यह आजाद भारत की पहली ऐसी सैन्य कार्रवाई थी, जिसे सेना ने अंजाम दिया था। इसके बाद से ही इस दिन को 'पैदल सेना दिवस' के रूप में मनाया जा रहा है। देश को पहला परमवीर चक्र विजेता भी 1947 में इन्फैंट्री डिविजन से ही मिला था। अक्टूबर 1947 का महीना था। देश को आजाद हुए कुछ ही महीने हुए थे। तीन देशी रियासतों ने भारत में विलय से इनकार कर दिया था। उनमें से एक रियासत जम्मू-कश्मीर की भी थी, जिसके उस समय शासक महाराजा हरि सिंह थे। मुस्लिमों की बड़ी आबादी होने की वजह से कश्मीर पर जिन्ना की पहले से नजर थी और महाराजा हरि सिंह के इनकार के बाद पाकिस्तान को बड़ा झटका लगा। किस्तान ने कश्मीर को जबरन हड़पने की योजना बनाई। पाकिस्तान ने कबायली पठानों को कश्मीर में घुसपैठ के लिए तैयार किया। कबायलियों की एक फौज ने 24 अक्टूबर, 1947 को तड़के धावा बोल दिया। महाराज हरि सिंह ने भारत को याद किया। भारतीय सेना की सिख रेजिमेंट के एक दस्ते को हवाई जहाज से दिल्ली से श्रीनगर भेजा गया। जिसने कश्मीर को घुसपैठियों से मुक्त करा लिया। स्वतंत्र भारत के इतिहास में यह पहला अभियान था, जिसे भारतीय सेना ने अंजाम दिया था। लगभग 5000 कबायलियों ने एबटाबाद से कश्मीर घाटी पर हमला किया था। भारतीय पैदल सैनिकों ने कश्मीर को कबायलियों के चंगुल से 27 अक्टूबर, 1947 को मुक्त करा लिया। इस सैन्य अभियान में चूंकि सिर्फ पैदल सेना का ही योगदान था, इसलिए इस दिन को भारतीय थल सेना के पैदल सैनिकों की बहादुरी और साहस के दिन के तौर पर मनाने का फैसला लिया गया।

### फर्जी बिलिंग करने वाले गिरोह के 42 ठिकानों पर आयकर विभाग की छोपमारी

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने फर्जी बिलिंग करने वाले गिरोह के दिल्ली एनसीआर, हरियाणा, पंजाब,उत्तराखंड और गोवा में स्थित 42 ठिकानों पर छापेमारी कर 500 करोड़ रुपये की बिलिंग का खुलासा किया है। आयकर विभाग ने मंगलवार को इसकी जानकारी देकर कहा कि कुछ लोग मिलकर नेटवर्क का संचालन कर रहे थे। सोमवार को हुई छापेमारी की कार्रवाई में 2.37 करोड़ रुपये नकद और 2.89 करोड़ रुपये के आभूषण जब्त किए गए हैं। 17 लॉकरी भी मिले हैं,इन्हें अभी खोला जाना है। छापेमारी के दौरान इस नेटवर्क के पूरे तंत्र का खुलासा हुआ है।

# कोर्ट के फैसले से पीड़ित परिवार संतुष्ट

इलाहाबाद ■ एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हाथरस में दलित लड़की से कथित गैंगरेप और मौत के मामले में सीबीआई जांच की अब इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा निगरानी की जाएगी। कोर्ट ने कहा कि जांच की निगरानी और पीड़िता के परिवार तथा गवाहों को सुरक्षा मुहैया कराने समेत मामले के सभी पहलुओं पर उच्च न्यायालय गौर करेगा। प्रधान न्यायाधीश एस ए बोबडे की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि सीबीआई जांच पूरी होने के बाद मामले में सुनवाई को उत्तर प्रदेश से ट्रांसफर करने की याचिका पर विचार किया जाएगा। पीड़ित परिवार को भी सुबह से ही फैसला आने की



जानकारी थी। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद पीड़िता के पिता व भाई ने कहा, निगरानी या जांच कोई करे, उन्हें न्याय चाहिए। बता दें कि सुप्रीम में याचिकाओं में दलील दी गई थी कि उत्तर प्रदेश में निष्पक्ष सुनवाई संभव नहीं है, क्योंकि कथित तौर पर जांच बाधित की गई। पीड़त परिवार की ओर से पेश वकील ने सुप्रीम कोर्ट को बताया था कि इस मामले में जांच पूरी होने के बाद सुनवाई को उत्तर प्रदेश के बाहर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में ट्रांसफर कर दिया जाए। आपकों बता दें कि उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में चार सवर्णों ने 19 वर्षीय दलित युवती के साथ कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म किया था। उपचार के दौरान दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में 29 सितंबर को लड़की की मौत हो गई थी। लड़की के शव का 30 सितंबर को उसके घर के पास रात में अंतिम संस्कार कर दिया गया। लड़की के परिवारवालों ने आरोप लगाया था कि स्थानीय पुलिस ने जल्दबाजी में अंतिम संस्कार के लिए उन्हें मजबूर किया।

### त्यौहारों के समय सब्जियों के दाम आसमान पर

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने त्यौहारों के समय सब्जियों के महंगी होने को लेकर योगी सरकार पर निशाना साधाकर आरोप लगाया कि झूठे प्रचार पर करोड़ों रुपये खर्च करने वाली योगी सरकार जनता की परेशानियों पर चुप है। उन्होंने बाजार में बिक रहीं विभिन्न सब्जियों के दाम का उल्लेख कर ट्वीट किया, पूरे उप्र में त्यौहारों के मौसम में महंगाई आम लोगों पर कहर बनकर टूटी है। सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं। काम धंधे पहले से ठप्प पड़े हैं। कांग्रेस की योगी प्रभारी ने आरोप लगाया, करोड़ों रुपए झूठे प्रचार में खर्च करने वाली भाजपा सरकार जनता की परेशानियों पर चुप है।

# घुसपैठ की घटनाओं में भी आई कमी

**श्रीनगर।** सेना के एक शीर्ष कमांडर ने कहा है कि कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास स्थिति पूरी तरह काबू में है क्योंकि इस साल संघर्ष विराम उल्लंघन की घटनाओं में कमी आई है और घुसपैठ में कमी देखी गई है। हालांकि, श्रीनगर स्थित चिनार कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग, लेफ्टिनेंट जनरल बीएस राजू ने यह भी कहा कि एलओसी के उस पार से अब भी करीब 300 आतंकवादी यहां घुसने की फिराक में हैं। मध्य कश्मीर के बडगाम जिले में एक कार्यक्रम से इतर राजू ने संवाददाताओं से कहा कि एलओसी पर स्थिति नियंत्रण में है। यद्यपि, संघर्ष विराम उल्लंघन के मामले सामने आते हैं, लेकिन इनकी संख्या में कमी आई है।



# कार में आई खराबी तो फूंक डाली सवा करोड़ की मर्सिडीज कार

**नई दिल्ली।** रूस के एक सोशल मीडिया स्टार ने अपनी सवा करोड़ की लग्जरी मर्सिडीज कार जला डाली। जाने-माने यूट्यूबर मिखाइल लिटविन ने अपने इस कारनामे का वीडियो शूट भी कराया। द गाजियन की रिपोर्ट के मुताबिक मिखाइल ने अपनी नई मर्सिडीज-एएमजी जी63 कार सिर्फ 15 हजार किमी ही चलाई थी और इसमें बार-बार आ रही खराबी के चलते वह परेशान हो गए थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक रूसी व्लॉगर मिखाइल अपनी लग्जरी कार को पिछले 10 माह में कई बार ठीक होने के दे चुके थे लेकिन फिर भी उसमें खराबी आ रही थी। आखिरकार मिखाइल इतने तिलमिला गए कि उन्होंने अपनी कार को फूंक डाला। हालांकि बहुत से सोशल मीडिया यूजर्स का मानना है कि यह केवल पब्लिसिटी स्टंट है। यूट्यूब और इंस्टाग्राम पर फोलोवर्स बढ़ाने के लिए ऐसा किया गया है। आपको बता दें कि मिखाइल लिटविन के यूट्यूब पर करीब 50 लाख सब्सक्राइबर हैं। वीडियो को शेयर करते हुए यूट्यूबर ने लिखा, 'मैंने बहुत सोचा कि मुझे इस शार्क के साथ क्या करना हैज्मेरे लिए 'आग' अच्छा आइडिया था। मैं खुश नहीं हूं!' वीडियो में देखा जा सकता है कि यूट्यूबर अपनी नई लग्जरी कार एक खुले मैदान में लाकर खड़ी करता है। उसके बाद डिक्की से तेल निकालकर कार पर डाल देता है। थोड़ा तेल वह घास पर भी डाल देता है। इसके बाद कुछ दूर जाकर वह सॉसेजिस पकाकर खाता है और लाइटर घास में डाल देता है। आग पल भर में घास से होते हुए कार में अपने लपेटे में ले लेती है। सोशल मीडिया पर लोग इस वीडियो पर तरह-तरह की प्रतिक्रिया दे रहे हैं। एक यूजर ने मजाकिया अंदाज में लिखा, आपका वीडियो और मजेदार होता अगर आप हम छात्रों को एक एक कार दान में दे देते। एक अन्य यूजर ने लिखा जलाने के बजाय मुझे ही दे देते। एक यूजर ने लिखा, डीलरशिप से नाराजगी अपनी जगह पर ठीक है लेकिन यह सिर्फ ध्यान खींचने के लिए है।

आत्मकथा — सीएम मोदी के दोषी नहीं पाए जाने पर विरोधी निराश थे

# पूर्व डायरेक्टर राघवन का खुलासा, सीएम मोदी को क्लीन चिट देने से मुझे प्रताड़ित किया गया

नई दिल्ली ■ ब्यूरो

सीबीआई के पूर्व डायरेक्टर आरके राघवन ने अपनी आत्मकथा में सनसनीखेज आरोप लगाकर कहा है कि 2002 गुजरात दंगों में नरेंद्र मोदी को क्लीन चिट देने और उनके खिलाफ कोई सबूत नहीं मिलने के निष्कर्ष को लेकर पीएम के विरोधियों ने उन्हें प्रताड़ित किया। सीबीआई के पूर्व डायरेक्टर राघवन के आरोपों के बाद एक बार फिर गुजरात दंगों को लेकर सियासत तेज हो सकती है।

'ए रोड वेल ट्रैवल्ड' नाम से लिखी आत्मकथा में राघवन ने लिखा है,उन्होंने मेरे खिलाफ याचिकाएं लगाईं, सीएम के पक्ष में काम करने का आरोप लगाया, केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग करते हुए फोन पर मेरी बातचीत की निगरानी की. वे कोई दोष नहीं पाए जाने को



लेकर निराश थे। दरअसल सांप्रदायिक दंगों में मोदी की मिलीभगत के लगे आरोपों की सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच के लिए गठित एसआईटी की अगुआई राघवन ने ही की थी। उन्होंने दावा किया है कि तत्कालीन मुख्यमंत्री के रोल को लेकर एसआईटी का स्पष्ट स्टैंड उनके विरोधियों के लिए अरुचिकर था। उन्होंने पूर्व आईपीएस ऑफिसर संजीव भट्ट की ओर से लगाए गए आरोपों को भी गलत ठहराया। भट्ट ने आरोप लगाया था कि 28 फरवरी 2002 को देर रात हुई बैठक में मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ अधिकारियों को आदेश दिया था कि हिंदुओं को अपनी भावना का इजहार करने से ना रोका जाए। राघवन ने अपनी किताब में दावा किया है कि आरोपों की पुष्टि नहीं हो पाई थी।

राघवन बताते हैं कि एसआईटी जांच के दौरान उस समय सीएम मोदी से पूछताछ एक अहम घटना थी।राज्य प्रशासन पर लगे आरोपों को लेकर हमें सीएम मोदी से पूछताछ करनी थी। हमने उनके स्टाफ तक यह संदेश भेजा कि उन्हें इसके लिए खुद एसआईटी ऑफिस आना पड़ेगा और कहीं और मुलाकात को फेवर के रूप में देखा जाएगा। वह गांधीनर में एसआईटी ऑफिस में पूछताछ के लिए आने को तैयार हो गए। राघवन किताब में लिखते हैं कि उन्होंने मोदी से पूछताछ के लिए एसआईटी के सदस्य अशोक मल्होत्रा को चुना। उनके अलग रहने से कई लोग चकित थे।

राघवन ने लिखा है,मोदी से पूछताछ 9 घंटे तक चली। मल्होत्रा ने मुझे बताया कि देर रात को पूछताछ खत्म होने तक मोदी बेहद शांत रहे। उन्होंने कभी सवालों को टाला नहीं। कांग्रेस के पूर्व सांसद अहसान जाफरी की विधवा जाकिया जाफरी की ओर से सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि मुख्यमंत्री और उनके अधिकारियों की घटना में मिलीभगत थी, के संदर्भ में कहा कि एसआईटी की जांच में यह नहीं पाया गया कि मुख्यमंत्री दोषी थे।

# 2021 आईपीएल में धोनी ही होंगे टीम के कप्तान: सीईओ काशी विश्वनाथन

- आईपीएल 2020 में चैन्नई प्लेऑफ से बाहर
- धोनी की कप्तानी में टीम ने तीन बार खिताब जीता

दुबई ■ एजेंसी

चेन्नई सुपर किंग्स के सीईओ काशी विश्वनाथन ने कहा कि 2021 आईपीएल में महेंद्र सिंह धोनी ही टीम के कप्तान होंगे। एक मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि विश्वनाथन ने कहा- उन्हें पूरा भरोसा है कि 2021 में धोनी ही टीम की कप्तानी करेंगे। उनकी कप्तानी में टीम ने तीन बार खिताब जीता है। यह पहला सीजन है, जब टीम प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई नहीं कर पाई है। ऐसी कोई टीम नहीं है, जिसका प्रदर्शन आईपीएल में चेन्नई की तरह रहा हो। एक खराब सीजन का मतलब यह नहीं है कि हम सबकुछ बदल दें। चेन्नई सुपर किंग्स ने रविवार को रॉयल



चैलेंजर्स बेंगलुरु को 8 विकेट से हरा दिया। लेकिन एक अन्य मैच में राजस्थान रॉयल्स ने मुंबई इंडियंस को आठ विकेट से हराया। इसके साथ ही चेन्नई की प्ले ऑफ में जाने की संभावना पूरी तरह से खत्म हो गई। चेन्नई ने इस सीजन में खेले 12 मैचों में से 8 मैच में हारी है। जबकि उसने चार मैच जीते हैं।

## धोनी का भी प्रदर्शन रहा खराब

वहीं धोनी ने 12 मैचों में 199 रन ही बनाए थे। उनका स्ट्राइक रेट 118.45 प्रतिशत रहा। वहीं 2021 आईपीएल सीजन के शुरू होने में 6 महीने का समय है। चेन्नई सुपर किंग्स के दो बड़े खिलाड़ी आईपीएल शुरू होने से पहले अपना नाम वापस ले लिया था। हरभजन सिंह जहां टीम के साथ यूएई नहीं गए। वहीं सुरेश रैना भी आईपीएल शुरू होने से पहले ही पारिवारिक कारणों से इंडिया वापस लौट आए थे।

## सैनी चोटिल, बचे हुए मैचों में खेलना संदिग्ध

रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के तेज गेंदबाज नवदीप सैनी का इंडियन प्रीमियम लीग (आईपीएल) के बचे हुए मैचों में खेलना तय नही है। चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ रविवार को हुए मैच में सैनी के हाथ का अंगूठा चोटिल हो गया था। चेन्नई के खिलाफ मैच के 18वें ओवर में उनके दाहिने हाथ के अंगूठे में चोट लगी थी। वह उसी समय मैदान से बाहर चले गये थे और एक सर्जन ने उनकी चोट पर पांच टांके लगाये। टीम के फिजियो इवान स्पीचले ने मैच के बाद कहा, हाहा आखिरी (18वां ओवर) गेंद पर चोट के कारण सैनी का अंगूठा फट गया। उन्हें दाहिने अंगूठे पर चोट लगी। हमारे पास एक अच्छे सर्जन थे, जिन्होंने उन्हें टांके लगाये, कुल पांच टांके लगे हैं।

# टेस्ट टीम में लोकेश राहुल के सेलेक्शन को लेकर बीसीसीआई पर भड़के संजय मांजरेकर





नई दिल्ली ■ ब्यूरो

ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए टेस्ट टीम में केएल राहुल को चुने जाने पर पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने अपनी नाराजगी जाहिर की है। बीसीसीआई ने नवंबर के आखिरी सप्ताह से शुरू होने जा रहे आगामी अंतरराष्ट्रीय सीरीज के लिए टी20, टेस्ट और वनडे मैचों के लिए टीम का ऐलान कर दिया है। जहां तक लोकेश राहुल का सवाल है, वे इस वक्त अपने शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2020 में किंग्स इलेवन पंजाब की कप्तानी कर रहे लोकेस फिलहाल ऑरेंज कैप की दौड़ में सबसे आगे हैं। इतना ही नहीं वे टूनार्मेंट में किसी टीम के खिलाफ सर्वाधिक निजी स्कोर बनाने वाले इकलौते कप्तान भी हैं। लोकेश ने यह रिकॉर्ड रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में बनाया था, जहां उन्होंने 132 रनों की नाबाद पारी खेली थी। फिर भी, उनके आईपीएल खेलों को ध्यान में रखते हुए टेस्ट टीम में उनका चुना जाना संजय मांजरेकर को रास नहीं आया। राहुल ने अपना आखिरी टेस्ट मैच जमैका के किंग्स्टन में वेस्टइंडीज के खिलाफ अगस्त 2019 में खेला था। अब तक खेले गए 36 मैचों में उनका औसत सिर्फ 34.58 का है, जो यह दिखाता है कि क्रिकेट के इस लंबे फॉर्मेट में वे अपने बल्ले से कुछ खास नहीं कर सके हैं। 2014 में डेब्यू करने वाले राहुल के नाम पांच शतक और 11 अर्धशतक हैं।

## आईपीएल: तालिका में मुंबई पहले तो तीसरे स्थान पर है आरसीबी

# प्लेऑफ में जगह बनाने उतरेंगी मुंबई इंडियन्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर

अबुधाबी ■ एजेंसी

आईपीएल में बुधवार को मुंबई इंडियन्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के बीच अहम मुकाबला होगा। इसमें जीत दर्ज कर मुम्बई और आरसीबी प्लेऑफ में जगह पक्की करना चाहेंगी। मुम्बई टीम को इस मैच में भी कप्तान रोहित शर्मा के बिन ही उतरना पड़ेगा। रोहित चोटिल होने के कारण पिछले दो मैच से नहीं उतरे हैं। अब उनके लगातार तीसरे मैच से बाहर रहने की संभावना है।

रोहित के नहीं खेलने से जहां मुम्बई को झटका लगेगा वहीं आरसीबी को इसका लाभ मिलेगा। मुंबई को पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स के हाथों आठ विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। उसके 14 अंक हैं। वहीं दूसरी ओर कप्तान विराट कोहली की आरसीबी के भी 14 अंक हैं। आसीबी को भी रविवार को चेन्नई सुपरकिंग्स से हार झेलनी पड़ी थी।

अब बुधवार को जो भी टीम जीत दर्ज करेगी उसकी प्लेऑफ में जगह मिल जाएगी। रोहित की फिटनेस इस मैच से पहले चर्चा का विषय बन गई है। वह हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण पिछले दो मैचों में नहीं खेले थे। रोहित ने हालांकि सोमवार को नेट्स अभ्यास में भाग लिया था। रोहित की अनुपस्थिति में मुंबई को सौरभ तिवारी और इशान किशन से बेहतर खेल की उम्मीदें रहेंगी। इसके अलावा अनुभवी बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक राजस्थान के खिलाफ नाकाम रहे थे और अब वह फिर अच्छी बल्लेबाजी करना चाहेंगे। इसके अलावा इशान और सूर्यकुमार यादव जैसे बल्लेबाजों से भी अच्छी पारी की उम्मीदें रहेंगी। हार्दिक पंड्या ने राजस्थान के खिलाफ आक्रमक बल्लेबाजी कर अपने तेवर दिखा दिये थे। हार्दिक के अलावा कार्यवाहक कप्तान कीरोन पोलार्ड और क्रुणाल पंड्या भी बड़े शॉट खेलने में सक्षम हैं और दोनों टीमों में अंतर पैदा कर सकते हैं। वहीं मुंबई के गेंदबाज पिछले मैच के खराब प्रदर्शन को भुलाकर नई शुरूआत करना चाहेंगे। पिछले मैच में ट्रेंट बोल्ट और जसप्रीत बुमराह राजस्थान के बेन स्टोक्स और संजू सैमसन के सामने नाकाम रहे थे। तीसरे तेज गेंदबाज के लिए मुंबई को जेम्स पैटिनसन और नाथन कूल्टर नाइल में से किसी एक को चुनना होगा। दूसरी ओर आरसीबी की बल्लेबाजी कप्तान कोहली के अलावा आरोन फिंच, युवा देवदत्त पडिक्कल और एबी डिविलियर्स पर आधारित रहेगी।





### दोनों टीमों के खिलाड़ी इस प्रकार हैं

**मुंबई इंडियन्स**

रोहित शर्मा, आदित्य तारे, अनमोलप्रीत सिंह, अनुकुल रॉय, क्रिस लिन, धवल कुलकर्णी, हार्दिक पंड्या, इशान किशन, जसप्रीत बुमराह, कीरोन पोलार्ड, क्रुणाल पंड्या, मिशेल मैकलेनगन, नाथन कूल्टर नाइल, क्विंटन डिकॉक, राहुल चाहर, सौरभ तिवारी, सूर्यकुमार यादव, ट्रेंट बोल्ट।

**रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर**

आरोन फिंच, देवदत्त पडिक्कल, पार्थिव पटेल, विराट कोहली, एबी डिविलियर्स, गुरकीरत सिंह, शिवम दुबे, क्रिस मॉरिस, वाशिंगटन सुंदर, शाहबाज अहमद, नवदीप सैनी, डेल स्टेन, युजवेंद्र चहल, एडम जम्पा, इसुरु उदाना, मोईन अली, जोश फिलिप, पवन नेगी, पवन देशपांडे, मोहम्मद सिराज, उमेश यादव।

### टीम को सकारात्मक क्रिकेट का लाभ मिला: राहुल

किंग्स इलेवन पंजाब के कप्तान केएल राहुल टीम की लगातार जीत से उत्साहित हैं। राहुल ने कहा है कि उनकी टीम ने सकारात्मक क्रिकेट खेलने का प्रयास किया है। वह टीम की जीत से बेहद खुश हैं। शुरूताती मुकाबलों में हार से उबरकर पंजाब ने शानदार वापसी की है। सोमवार को उसने कोलकाता को आठ विकेट से हराया। कोलकाता ने 20 ओवरों में नौ विकेट खोकर 149 रन बनाए। पंजाब ने दो विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। मैच के बाद राहुल ने कहा, हामैं काफी खुश और उत्साहित हूं। पूरी टीम भी होगी। हमने मिलकर फैसला किया था कि हम वहां जाकर सकारात्मक खेल खेलेंगे। चीजें बदल सकती हैं। सारी चीजें अच्छी हो रही हैं, इस बात से मुझे खुशी हो रही है। उम्मीद है कि हम आने वाले मैचों में भी हम जीत हासिल करेंगे। पंजाब की टीम के युवा बल्लेबाज मनदीप सिंह ने केकेआर के खिलाफ टीम की जीत में अहम भूमिका निभाते हुए नाबाद 60 रन बनाए थे।

## न्यूज. ब्रीफ

### अब भी अवसाद से संघर्ष कर रहा हूं



मेलबर्न। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर मिशेल जॉनसन ने कहा है कि वह अब भी अवसाद से जूझ रहे हैं। पूर्व तेज गेंदबाज जॉनसन ने कहा कि वह साल 2018 में खेल के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने के बाव अब भी मानसिक रुप से परेशान रहे हैं। जॉनसन ने कहा, अपने पूरे करियर के दौरान मुझे अवसाद निबटना पड़ा। मैं अब वास्तव में आगे बढ़ रहा हू और कुछ चीजों के साथ अपने को सक्रिय रखने, अपने दिमाग को व्यस्त रखने के प्रयासों में लगा हू। उन्होंने कहा, क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद अवसाद से निपटना मेरे लिए अधिक कठिन रहा क्योंकि अचानक ही आपके पास करने के लिये कुछ खास नहीं होता। आप थोड़ा उद्देश्यहीन हो जाते हैं। जॉनसन ने अपने करियर में 73 टेस्ट मैचों में 313 विकेट लिये। उन्होंने 2015 में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था पर वह अगले तीन वर्षों तक इंडियन प्रीमियर लीग और बिग बैश लीग में खेलते रहे। उन्होंने कहा, कई बार मेरा मनोबल बहुत कम हो जाता था। मैं अब उस बदलाव के दौर में हू जहां मैंने दो साल से क्रिकेट नही खेली है। जॉनसन से पूछा गया कि क्या संन्यास के बाद की स्थिति अधिक मुश्किल है, उन्होंने कहा, हां, कई बार मुझे ऐसा लगा। मुझे लगा कि मैं अवसादग्रस्त हो गया हू लेकिन मेरा मानना है कि युवावस्था से ही अवसाद मेरे साथ जुड़ा हुआ था। जॉनसन के अलावा कई अन्य क्रिकेटर भी अपने करियर के दौरान अवसाद से परेशान रहे हैं।

### धवन के लगातार शतक बड़ा रिकॉर्ड



नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर ने कहा है कि आईपीएल के 13 वें सत्र में शिखर धवन ने शानदार प्रदर्शन कर एक अहम उपलब्धि हासिल की है। गंभीर ने कहा कि आईपीएल में उनका बैक टू बैक शतक लगाने का रिकॉर्ड बेहद खास है। दिल्ली कैपिटल के लिए खेल रहे धवन ने पिछले सप्ताह चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ नाबाद 101 रन बनाए और इसके बाद किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफ 106 रनों की नाबाद पारी खेली। आईपीएल इतिहास में लगातार दो शतक का यह कारनामा करने वाले वह पहले बल्लेबाज हैं। वह 11 मैचों में 471 रन बनाकर टूनार्मेंट में सबसे ज्सादा रन बनाने वालों की सूची में दूसरे स्थान पर है। गंभीर ने कहा- दो बैक टू बैक सैकड़ा, वह भी एक टी 20 प्रारूप में। पहली बात, रिकॉर्ड अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। किसी अन्य भारतीय ने यह नहीं किया है। इन दो शताब्दियों में यह सबसे महत्वपूर्ण है। जिस समय पर वह फॉर्म में आए हैं दिल्ली कैपिटल्स को इसका फायदा लेने की जरूरत है। गंभीर ने कहा, अगर इस समय आपका सबसे अनुभवी बल्लेबाज अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में है, तो यह एक फायदा है। साथ ही कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि दिल्ली कैपिटल, जिनके पास 11 मैचों में 14 अंक है, प्लेऑफ में पहुंच रहे है।

### अभी संन्यास नहीं लेंगे क्रिस गेल



शारजाह। टी-20 क्रिकेट में सबसे अधिक रिकार्ड अपने नाम रखने वाले वेस्टइंडीज के विस्फोटक बल्लेबाज क्रिस गेल ने कहा है कि अभी उनका संन्यास लेने का कोई इरादा नहीं है। 41 साल के गेल का कहना है कि फिट रहने तक वह खेलते रहेंगे। गेल अभी आईपीएल में किंग्स इलेवन पंजाब की ओर से खेल रहे हैं। सोमवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ गेल ने सिर्फ 29 गेंदों पर 51 रनों की तूफानी पारी खेलकर अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। मैच के बाद गेल ने कहा कि फिलहाल वो क्रिकेट से संन्यास के बारे में नहीं सोच रहे हैं। केकेआर के खिलाफ क्रिस गेल और मनदीप सिंह ने दूसरे विकेट के लिए सौ रनों की साझेदारी की। मैच के बाद मनदीप ने काह कि गेले को कभी भी क्रिकेट से रिटायर नहीं होना चाहिये। इसके बाद गेल ने हंसते हुए कहा, 'क्या आपने सुना इन्होंने क्या कहा?' रिटायरमेंट कैंसिल कीजिए। मैं फिलहाल रिटायरमेंट नही ले रहा हूं। मैं युवाओं के साथ खेलता रहूंगा।' गेल 21 साल से लगातार क्रिकेट खेल रहे हैं।

# सोना मजबूत हुआ, तुअर आयात की अंतिम तिथि बढ़ी

नई दिल्ली ■ ब्यूरो

त्योहार की आहट से सोने की चमक तेज हुई और उनकी कीमतों में उछाल देखने को मिल रही है। एमसीएक्स पर सोना फिर 51 हजार के ऊपर निकल गया है। अमेरिका और यूरोप में कोरोना के बढ़ते मामलों से सोने में चमक आई है। चांदी में भी आज अच्छी मजबूती देखने को मिल रही है। एमसीएक्स पर चांदी के दाम 62 हजार के ऊपर हैं। कच्चे तेल में कल की 3 फीसदी की गिरावट के बाद आज बाउंस बैक देखने को मिल रहा है। ब्रेंट के दाम फिर 41 डॉलर के ऊपर निकल गए हैं। हालांकि, कोरोना के बढ़ते मामलों से डिमांड को लेकर चिंता बनी हुई है। वहीं लीबिया की सप्लाई बहाल होने से ओवरसप्लाई के आसार बने हैं। बेस मेटल्स की बात करें इस पैक में ज्यादातर मजबूती है। डॉलर में कमजोरी से मेटल्स को सपोर्ट मिला है। सरकार ने तुअर आयात की डेडलाइन अर्थात अंतिम तिथि को बढ़ा दिया है। अब दाल मिलें 15 नवंबर की



बजाय 31 दिसंबर तक तुअर का आयात कर पाएंगी। पहले तय की गई 1 महीने की छोटी अवधि में आयात संभव ना होने के कारण मिलें लगातार डेडलाइन को बढ़ाने की मांग कर रही थीं जिसे देखते हुए सरकार ने आयात की समय सीमा बढ़ाई है। सरकार ने 4 लाख टन का आयात कोटा जारी किया है।

# एयरटेल ने 1 अरब डॉलर के भारतीय क्लाउड संचार बाजार में एयरटेल आईक्यू के साथ प्रवेश किया

नई दिल्ली। भारत की सबसे बड़ी एकीकृत दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल (एयरटेल) ने आज एयरटेल आईक्यू की लॉन्चिंग के साथ तेजी से बढ़ते क्लाउड संचार बाजार में कदम रखा। एक क्लाउड आधारित ओम्नी-चैनल कम्युनिकेशन प्लेटफॉर्म एयरटेल आईक्यू से ब्रांडों को समय पर एवं सुरक्षित संचार के जरिये ग्राहकों पर गहरी पकड़ बनाने में मदद मिलेगी। उदाहरण के तौर पर अगर कोई ग्राहक एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से खाने का ऑर्डर देता है और अपने ऑर्डर की स्थिति जानने के लिए डिलीवरी एजेंट को फोन करता है तो यह पूरा संचार एयरटेल आईक्यू पर निर्बाध रूप और सुरक्षित ढंग से संचालित होता दिखाई देगा। यह पूरा संचार कूट भाषा में होगा और सभी मोबाइल/टेलीफोन नंबर ढके होंगे। भारत के एंटरप्राइस कम्युनिकेशन सेगमेंट में पासा पलटने वाले एयरटेल आईक्यू में विभिन्न चैनलों के लिए कई संचार प्लेटफॉर्मों की जरूरत खत्म होगी। महज एक कोड के साथ संचार सेवाओं जैसे वॉयस, एसएमएस, आईवीआर को संचालित किया जा सकता है और यह एक एकीकृत प्लेटफॉर्म के जरिये डेस्कटॉप और मोबाइल पर डिजिटल लेनदेन सुलभ बनाता है। एयरटेल आईक्यू को पूरी तरह से एयरटेल के भीतर ही इंजीनियरिंग टीम द्वारा विकसित किया गया है और यह विश्वस्तरीय समाधान उपलब्ध कराने की इस कंपनी की बढ़ती डिजिटल सिद्धि प्रदर्शित करता है।

# रिलायंस के साथ डील नहीं हुई तो लिक्विडेशन में जाएगी फ्यूचर रिटेल





## बंद करने पड़ेंगे 1500 से ज्यादा आउटलेट

- फ्यूचर ग्रुप ने कहा- आउटलेट बंद होने से 29 हजार कर्मचारियों को नौकरी पर संकट आएगा
- रिलायंस और फ्यूचर ग्रुप के बीच अगस्त में हुई थी 24,713 करोड़ रुपए की डील

नई दिल्ली ■ ब्यूरो

यदि रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के साथ डील नहीं हो पाती है फ्यूचर रिटेल लिमिटेड लिक्विडेशन में जाएगी। अमेजन डॉट कॉम की याचिका पर सिंगापुर में मध्यस्थता अदालत में सुनवाई के दौरान फ्यूचर रिटेल ने यह बात कही है। अमेजन डॉट कॉम ने फ्यूचर ग्रुप और रिलायंस सौदे के खिलाफ याचिका दाखिल की थी। रविवार को मध्यस्थता अदालत ने अमेजन के पक्ष में फैसला सुनाते हुए इस डील पर रोक लगा दी थी।

रिलायंस और फ्यूचर ग्रुप के बीच अगस्त में 24,713 करोड़ रुपए की डील हुई थी। इसके तहत फ्यूचर ग्रुप ने अपना रिटेल, होलसेल और लॉजिस्टिक्स कारोबार रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड को बेच दिया था। अगस्त 2019 में अमेजन ने फ्यूचर कूपंस में 49% हिस्सेदारी खरीदी थी। इसके लिए अमेजन ने 1,500 करोड़ रुपए का पेमेंट किया था। इस डील में शर्त थी कि अमेजन को तीन से 10 साल की अवधि के बाद फ्यूचर रिटेल लिमिटेड की हिस्सेदारी खरीदने का अधिकार होगा। अमेजन के मुताबिक, इस डील में एक शर्त यह भी थी कि फ्यूचर ग्रुप मुकेश अंबानी के रिलायंस ग्रुप की किसी भी कंपनी को अपने रिटेल असेट्स नहीं बेचेगा।

### अमेजन ने फ्यूचर ग्रुप पर लगाया समझौते के उल्लंघन का आरोप

जेफ बेजोस की कंपनी अमेजन ने मध्यस्थता अदालत में कहा कि फ्यूचर ग्रुप ने रिटेल असेट्स की रिलायंस को बिक्री करके समझौते का उल्लंघन किया है। उधर, फ्यूचर ग्रुप ने मध्यस्थता अदालत में कहा कि यदि रिलायंस के साथ डील नहीं हो पाती है तो उसे अपने 1500 से आउटलेट्स को बंद करना पड़ेगा। इससे फ्यूचर ग्रुप और वेंडर्स फर्म के करीब 29 हजार कर्मचारियों की नौकरी पर संकट पैदा होगा।

### अंतिम फैसले से साफ होगी स्थिति

मध्यस्थता अदालत के एकमात्र मध्यस्थ वीके राजा ने फिलहाल इस सौदे को रोकने के लिए कहा है। राजा का कहना है कि जब तक इस मामले में मध्यस्थ का अंतिम फैसला नही आ जाता है, तब तक यह सौदा पूरा नही हो सकता है। अब इस मामले में अंतिम फैसला करने के लिए तीन सदस्यीय मध्यस्थता पीठ का गठन किया जाएगा। यह पीठ 90 दिनों में अंतिम निर्णय लेगी। इस पीठ में फ्यूचर और अमेजन की ओर से एक-एक नामित सदस्य होंगे।

### भारत में पकड़ मजबूत करना चाहती है अमेजन

रिलायंस की नजर भारत में ऑनलाइन रिटेल स्पेस पर है, जिसे अमेजन और फ्लिपकार्ट लीड कर रहे हैं। वहीं, अमेजन भारत में मजबूत ऑनलाइन मौजूदगी के चलते ऑफलाइन रिटेल बिजनेस में अपनी पकड़ मजबूत करने पर काम कर रही है। इसके लिए अमेजन ने प्राइवेट इक्विटी फंड समारा कैपिटल के साथ 2018 में आदित्य बिरला ग्रुप के सुपरमार्केट चेन का अधिग्रहण किया था। जानकारों का कहना है कि अमेजन, आरआईएल और फ्यूचर ग्रुप के बीच हुए इस डील चिंतित हुई है। क्योंकि इससे भारत में कंपनी को कड़ी टक्कर मिल सकती है।

# एलपीजी सिलेण्डर ग्राहकों को अपनाना होगा ये तरीका, वर्ना 1 नवंबर से नहीं मिलेगा

नई दिल्ली। 1 नवंबर से एलपीजी सिलेंडर लेने का तरीका बदलने वाला है। अब आपके घरेलू गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी की प्रक्रिया पहले जैसी नहीं होगी। मीडिया रिपोर्टस के मुताबिक चोरी रोकने और सही ग्राहक की पहचान के लिए तेल कंपनियां नया एलपीजी सिलेंडर का नया डिलीवरी सिस्टम लागू करने वाली हैं। इस नए सिस्टम को डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड का नाम दिया गया है। एक नवंबर से सिलेंडर बिना ओटीपी के नहीं मिलेगा। पहले पहले 100 स्मार्ट सिटी में यह सिस्टम लागू होगा। इसके बाद अन्य शहरों में। जयपुर में इसका पायलट प्रोजेक्ट पहले से चल रहा है।



नए सिस्टम से क्या होगा आप पर असर केवल बुकिंग करा लेने भर से सिलेंडर की डिलीवरी नहीं होगी। आपके रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर एक कोड भेजा जाएगा उस कोड को जब तक आप डिलीवरी ब्वाय को कोड नहीं दिखायेंगे तब तक सिलेंडर की डिलीवरी नहीं होगी। अगर किसी कस्टमर का मोबाइल नंबर अपडेट नहीं है तो डिलीवरी ब्वाय के पास के ऐप होगा, जिसके जरिए वह रियल टाइम अपना नंबर अपडेट करवा लेगा और उसके बाद कोड जनरेट हो जाएगा।

इनकी बढ़ेंगी दिक्कतें-नए सिस्टम से उन कस्टमर्स की मुश्किलें बढ़ जाएंगी, जिनका पता और मोबाइल नंबर गलत हैं तो इस वजह से उन लोगों की सिलेंडर की डिलीवरी रोकी जा सकती है। तेल कंपनियां इस सिस्टम को पहले 100 स्मार्ट सिटी में लागू करने वाली हैं। बाद में धीरे-धीरे दूसरी सिटी में भी लागू कर सकती हैं। बता दें कि ये सिस्टम कमर्शियल सिलेंडर पर लागू नहीं होगा।

# 40500 के पार बंद हुआ सेंसेक्स, कोटक बैंक के शेयर चढ़े

नई दिल्ली। कल की गिरावट पर बंद होने के बाद आज शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स 376.60 अंक की बढ़त के साथ 40,522.10 और एनएसई निफ्टी 121.65 अंक मजबूत होकर 11,889.40 अंक पर बंद हुआ। इंडसबैंक खरीदने की खबरों के बीच आज कोटक बैंक के शेयर 12 फीसदी चढ़े। हालांकि, इंडसएंड बैंक ने खरीदने वाली बात का खंडन किया है। सुबह सेंसेक्स 43 अंकों की तेजी के साथ 40188.84 और निफ्टी 15.80 अंकों की बढ़त के साथ 11,783 के स्तर पर खुला लेकिन कुछ समय बाद रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक और इंफोसिस जैसी बड़ी कंपनियों के गिरावट के कारण सेंसेक्स में 100 अंक से अधिक की गिरावट आई। वैश्विक बाजारों की गिरावट का भी घरेलू स्तर पर दबाव देखने को मिला। कोटक महिंद्रा बैंक का जुलाई-सितंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 22 प्रतिशत उछलकर 2,947 करोड़ रुपये रहने के बाद बैंक का शेयर करीब 12 प्रतिशत उछला। बैंक ने इंडसइंड बैंक के विलय को लेकर अटकलों को खारिज नहीं किया है। निजी क्षेत्र के बैंक ने कहा कि हाल में जुटाए गए 7,000 करोड़ रुपये का उपयोग अधिग्रहण समेत अन्य कार्यों में सोच-समझकर किया जाएगा। एमके ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज के अनुसार कर्ज में हल्की वृद्धि के बावजूद कोटक बैंक को अच्छा लाभ हुआ है। इसका कारण ट्रेजरी लाभ (इक्विटी समेत) बेहतर रहना है। लाभ में रहने वाले अन्य प्रमुख शेयरों में नेस्ले इंडिया, एशियन पेंट्स, बजाज फाइनेंस, एनटीपीसी, एलएंडटी, एक्सिस बैंक और बजाज ऑटो शामिल हैं। दूसरी तरफ जिन प्रमुख शेयरों में गिरावट दर्ज की गयी, उनमें टीसीएस, ओएनजीसी, इन्फोसिस, एचडीएफसी और एसबीआई शामिल हैं। वैश्विक मोर्चे पर हांगकांग, सियोल और तोक्यो बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। हालांकि चीन के शंघाई में तेजी रही। यूरोप के प्रमुख बाजारों में भी शुरुआती कारोबार में गिरावट का रुख रहा। इसका प्रमुख कारण कोविड-19 संक्रमण के बढ़ते मामलों के कारण स्पेन और इटली जैसे देशों में आर्थिक गतिविधियों पर पाबंदी है। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.76 प्रतिशत बढ़त के साथ 41.12 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था।



# पेट्रोल और डीजल के दामों में बदलाव नहीं

नई दिल्ली। 19 का अमेरिका और कई अन्य संपन्न देशों में प्रकोप फिर बढ़ने से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल में नरमी से घरेलू बाजार में पेट्रोल और डीजल के दामों में बुधवार को भी कोई घटबढ़ नहीं हुई। डीजल के दाम में अंतिम बार कटौती दो अक्टूबर को हुई थी, जबकि पेट्रोल की कीमत पिछले 35 दिन से स्थिर हैं। पेट्रोल की कीमत में आखिरी बार 22 सितंबर को 7 से 8 पैसे प्रति लीटर की गिरावट देखी गई। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक 28 अक्टूबर 2020 को दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, मुंबई समेत प्रमुख शहरों में डीजल और पेट्रोल के रेट इस प्रकार रहे..

| शहर | डीजल (रुपये/लीटर) | पेट्रोल (रुपये/लीटर) |
|---|---|---|
| दिल्ली | 70.46 | 81.06 |
| मुंबई | 76.86 | 87.74 |
| अहमदाबाद | 75.81 | 78.48 |
| पुणे | 75.45 | 87.46 |
| चेन्नई | 75.95 | 84.14 |
| कोलकाता | 73.99 | 82.59 |
| इंदौर | 78.11 | 88.78 |
| जयपुर | 79.27 | 88.21 |
| आगरा | 70.69 | 81.27 |
| नोएडा | 71 | 81.58 |
| पटना | 76.1 | 83.73 |
| रांची | 74.58 | 80.73 |
| लखनऊ | 70.91 | 81.48 |
| चंडीगढ़ | 70.17 | 77.99 |
| बेंगलुरु | 74.63 | 83.69 |

पेट्रोल व डीजल के दाम में एक्साइज ड्यूटी, डीलर कमीशन और अन्य चीजें जोड़ने के बाद इसका दाम लगभग दोगुना हो जाता है। विदेशी मुद्रा दरों के साथ अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड की कीमत के आधार पर रोज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बदलाव होता है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियां कीमतों की समीक्षा के बाद रोज़ाना पेट्रोल और डीजल के रेट तय करती हैं।

## एक नजर...

विधानसभा उप निर्वाचन-2020

### संभाग आयुक्त ने मतगणना स्थल का किया निरीक्षण

**ग्वालियर।** ग्वालियर संभाग आयुक्त आशीष सक्सैना ने भाण्ड़ेर विधानसभा उपनिर्वाचन हेतु 10 नवम्बर को होने वाली मतगणना के संबंध में मतगणना स्थल का निरीक्षण कर मतगणना कि तैयारियों एवं व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री बी. विजय दत्ता, पुलिस अधीक्षक श्री गुरूकरण सिंह, अपर कलेक्टर श्री सुजान सिंह रावत, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर, उपजिला निर्वाचन अधिकारी श्री अशोक सिंह चैहान, भाण्ड़ेर विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफीसर श्री अरविन्द माहौर सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। संभाग आयुक्त ने स्ट्रांग रूम सहित दो कक्षों में होने वाली मतगणना की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर जानकारी ली। उन्होंने मतगणना स्थल पर वाहन व्यवस्था, उम्मीदवारों एवं, मतगणना एजेन्टों को प्रवेश, मीडिया सेंटर के गठन, आदि की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि मतगणना स्थल के बाहर दो बड़ी स्क्रीन, कैमरे भी लगाए जाए। जिससे सामग्री वितरण एवं प्राप्ति के दौरान किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री बी. विजय दत्ता ने बताया कि 10 नवम्बर को शासकीय पॉलीटैक्निक महाविद्यालय दतिया में मतगणना होगी। मतगणना का कार्य दो कक्षों में किया जायेगा। प्रत्येक कक्ष में मतगणना हेतु 7-7 टेबिल लागई जायेगी। मतगणना कर्मियों के साथ, मतगणना अभिकर्ताओं के बैठने की भी व्यवस्था की जायेगी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक मतगणनरा कक्ष में 1-1 सहायक रिटर्निंग ऑफीसर रहेगा। जिसमें एक कक्ष में रिटर्निंग ऑफीसर के समक्ष डाक मत पत्र की भी गणना होगी।

### खेतों में ही धान की नरवाई जलाई तो अर्थदण्ड के साथ धारा-188 के तहत कार्रवाई होगी

### कलेक्टर ने आदेश जारी कर धान के अवशेष जलाने पर लगाया प्रतिबंध

**ग्वालियर।** जिले में धान के अवशेषों (नरवाई) को खेतों में ही अंधाधुंद तरीके से जलाए जाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा-144 के तहत इस आशय का आदेश जारी किया है । उन्होंने आदेश में स्पष्ट किया है कि जो भी व्यक्ति या संस्था ऐसा करते हुए पाई गईं तो उसे नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देशानुसार निर्धारित पर्यावरण मुआवजा जमा करना होगा। साथ ही इस आदेश का उल्लंघन दण्ड विधान की धारा-188 के तहत दण्डनीय होगा। पर्यावरण मुआवजा निर्धारण तथा अर्थदण्ड के लिये संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय दण्डाधिकारी अधिकृत किए गए हैं। धान के अवशेषो को जलाने पर दो एकड़ या उससे कम जमीन धारक को 2500 रूपए अदा करने होंगे। इसी तरह दो एकड़ से अधिक और 5 एकड़ से कम जमीन वाले धारक को अवशेष जलाने की हर घटना पर 5 हजार रूपए का मुआवजा देना होगा। 5 एकड़ से अधिक भूमि के लिये 15 हजार रूपए का मुआवजा निर्धारित किया गया है। कलेक्टर श्री सिंह ने आदेश में स्पष्ट किया है कि कम्बाइन संचालकों को धान फसल कटाई के समय पूरा एहतियात बरतना होगा। इस अवसर पर अग्निशमन यंत्र, रेत की बाल्टियाँ इत्यादि सहित कर्मचारियों की व्यवस्था भी रखनी होगी। विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों को भी इस आदेश के जरिए हिदायत दी गई है कि धान के खेतों के पास स्थित ट्रांसफार्मर की निरंतर निगरानी रखें, जिससे चिंगारी व शॉर्ट सर्किट की वजह से अग्नि दुर्घटना की संभावना न रहे।

मतदान के दौरान कोविड गाईड लाईन के साथ

# आयोग के निर्देशों का भी सख्ती से पालन हो

## संभाग आयुक्त ने नोडल अधिकारियों की बैठक में दिए निर्देश

**ग्वालियर।** ग्वालियर संभाग आयुक्त श्री आशीष सक्सैना ने दतिया जिले के भाण्ड़ेर विधानसभा (अ.जा.) उपनिर्वाचन 2020 के लिए 3 नवम्बर को होने वाले मतदान हेतु नियुक्त नोडल अधिकारियों के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के तहत कार्य करें। ऐसा कोई भी कार्य न करें जिससे आदर्श आचरण संहिता का उल्लंघन हो। संभाग आयुक्त श्री आशीष सक्सैना ने यह निर्देश आज दतिया में न्यू कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में दिए। दतिया जिले के भाण्ड़ेर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र (अ.जा.) में 3 नवम्बर 2020 को होने वाले मतदान की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री बी. विजय दत्ता, पुलिस अधीक्षक श्री गुरूकरण सिंह, अपर कलेक्टर श्री सुजान सिंह रावत, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर, उपजिला निर्वाचन अधिकारी श्री अशोक सिंह चौहान, भाण्ड़ेर विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफीसर श्री अरविन्द माहौर सहित निर्वाचन कार्य हेतु नियुक्त नोडल अधिकारी आदि उपस्थित थे।



संभागायुक्त श्री आशीष सक्सैना ने नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का भलीभाँति अध्ययन कर लें और उनका सख्ती से पालन करें। उन्होंने कहा कि कोविड-19 की गाइडलाईन का भी पालन किया जाए। मतदान केन्द्रों पर मतदान करने वाले हर मतदाता की थर्मल स्क्रीनिंग की जाए और उनके हाथों को सेनेटाइज कराया जाए। इसके अलावा मास्क नहीं लाने पर मास्क प्रदाय किए जाएँ। साथ ही ग्लब्स भी उपलब्ध कराए जाएँ। मतदाताओं को मतदान केन्द्र पर बैठने की व्यवस्था के लिये शामयाना लगाया जाए, जिसमें बैठने के लिये कुर्सी रहें। साथ ही पेयजल की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि विभिन्न माध्यमों से मतदाताओं से अपील की जाए कि मतदान केन्द्र पर आते समय कोरोना संक्रमण से बचाव के लिये मास्क आवश्यक रूप से लगाकर आएँ और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें। संभागायुक्त श्री सक्सैना ने निर्देश दिए कि उपचुनाव में मतदान का समय प्रातः 7 बजे से शाम 6 बजे तक रहेगा। इसलिये मतदान केन्द्रों पर प्रकाश की भी व्यवस्था की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि मतदान कर्मियों को मिलने वाला मानदेय भी समय पर उपलब्ध हो जाए। उन्होंने मतदान कर्मियों के प्रशिक्षण, डाक मत पत्र, सेक्टर अधिकारियों का प्रशिक्षण, वेबकास्टिंग, पेड न्यूज, उम्मीदवारों के आपराधिक प्रकरणों के विज्ञापन का प्रकाशन, वाहनों की व्यवस्था एवं कम्युनिकेशन प्लान की भी समीक्षा की।

विधानसभा उप निर्वाचन-2020

# लोकतंत्र की मजबूती के लिये खुद वोट डालें और दूसरों को भी प्रेरित करें

## शहर की कॉलोनियों के रहवासी संघों के साथ हुई बैठक में किया गया आग्रह

**ग्वालियर।** लोकतंत्र की मजबूती के लिये अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य करें। स्वयं मतदान करने के साथ-साथ अधिक से अधिक लोगों को मतदान करने हेतु प्रेरित भी करें। विधानसभा उप निर्वाचन-2020 के लिये 3 नवम्बर को मतदान होगा। प्रातः 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान किया जा सकेगा। कोविड-19 के दृष्टिगत सभी मतदान केन्द्रों पर कोविड गाइडलाइन के तहत पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। मतदाता निर्भीक होकर अपने मतदान केन्द्र पर पहुँचें और मतदान करें। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत बुधवार को नगर निगम के बाल भवन में रहवासी संघ के साथ बैठक में सीईओ जिला पंचायत एवं स्वीप कार्यक्रम के प्रभारी श्री शिवम वर्मा एवं नगर निगम आयुक्त श्री संदीप माकिन ने यह बात कही।

मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित करने के विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। रहवासी संघ से भी अपेक्षा की गई है कि वे स्वयं भी मतदान करें और अपने आस-पास रहने वाले लोगों को भी मतदान हेतु प्रेरित करें। नगर निगम आयुक्त श्री संदीप माकिन ने चर्चा के दौरान बताया कि मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा के साथ-साथ कोविड की रोकथाम के लिये भी पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। नगर निगम आयुक्त श्री माकिन ने बताया कि सभी मतदान केन्द्रों पर कोविड-19 की गाइडलाइन के तहत मतदाताओं के लिये सेनेटाइजर, मास्क, ग्लब्स की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही मतदाताओं को बैठने और पेयजल की व्यवस्था भी मुहैया कराई जायेगी। प्रशासन द्वारा इसके लिये मतदान केन्द्र पर कर्मचारियों को तैनात कर जवाबदारी सौंपी गई है। मतदाता के मतदान केन्द्र पर पहुँचने पर उसकी थर्मल स्क्रीनिंग, सेनेटाइजेशन किया जायेगा। इसके पश्चात मतदान करने से पूर्व उसे हाथ के ग्लब्स प्रदान किए जायेंगे। जिन मतदाताओं के पास मास्क नहीं होगा, उन्हें मास्क भी उपलब्ध कराया जायेगा। सीईओ जिला पंचायत श्री शिवम वर्मा ने रहवासी संघ से चर्चा करते हुए कहा कि मतदाताओं को मतदान केन्द्र पर की गई व्यवस्थाओं की जानकारी हेतु कलेक्टर ग्वालियर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह द्वारा भी पत्र लिखकर जानकारी दी गई है। इसके साथ ही मतदान केन्द्रों पर की गई व्यवस्थाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जा रहा है। रहवासी संघ अपने स्तर से भी मतदाताओं को प्रेरित करने का काम करें। बैठक में रहवासी संघ के प्रतिनिधियों द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने हेतु अपने स्तर से भी सहयोग करने का आश्वासन दिया।

### प्रेक्षक श्री झा ने किया वाहन जाँच नाके का निरीक्षण

**ग्वालियर।** प्रेक्षक श्री अजयनाथ झा ने बुधवार को डबरा तिराहे के समीप स्थित कल्याणपुर पिछोर अंतर जिला नाका का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नाके पर तैनात एसएसटी को यहाँ से गुजरने वाले वाहनों की सघन चैकिंग करने के निर्देश दिए। प्रेक्षक श्री अजयनाथ की मौजूदगी में की गई वाहन चैकिंग के दौरान एक वाहन से एक लाख 90 हजार रूपए का नगद कैश बरामद हुआ।



### आपके मान-सम्मान पर कभी आंच नही आने दूंगा:डॉ.सिकरवार

ग्वालियर। ग्वालियर पूर्व विधानसभा क्षेत्र से कॉग्रेस के कर्मठ, जुझारू एवं मृदुभाशी प्रत्याषी डॉ.सतीष सिंह सिकरवार ने कहा कि मैं सभी वर्गों के हितों की रक्षा करते हुए् बिना किसी भेदभाव के क्षेत्र के विकास व प्रगति को गति दूॅगा। आपका एक-एक वोट विकास की नई इवारत लिखेगा। मैं हमेषा आपके दुख-सुख का साथी हॅू। मैनें सर्वहारा वर्ग के उत्थान को एवं सम्मान को दृश्टिगत रखते हुए अनेक सामाजिक कार्य किए हैं और कोरोना काल में आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खडा रहा हॅू, जो भी मुझसे बन पड़ा वो मदद आपकी मैनें की है। यह बात कॉग्रेस प्रत्याषी डॉ. सिकरवार ने आज विभिन्न स्थानों पर जनसम्पर्क एवं बैठकों को संबोधित करते हुए कही है। डॉ. सिकरवार ने कहा मैं आपका सेवक हॅू और हर क्षेत्र में सेवा करने में हर वर्ग समुदाय की सेवा की है। मेरा संकल्प है कि आप सब की सेवा करने के लिए मैं वचन बद्ध हॅू। आपके क्षेत्र की हर समस्या का समाधान कराया है और आगे भी करता रहॅूगा और आपके मान-सम्मान पर कभी आंच नहीं आने दूॅगा। जहां मेरी जनता का पसीना बहेगा, वहां मैं अपना खून बहाने से पीछे नही हटूंगा, साथ ही आपके स्नेह-आर्षीवाद और विष्वास को बिकने नही दूंगा। उन्होने कहा कि 'बिकाऊलाल' भ्रामक प्रचार कर रहे है, इसका मतदाता जबाब देगें। वार्ड 30 के बलवंत नगर कॉलोनी में हुआ जनसम्पर्क:- आज सुबह कॉग्रेस प्रत्याषी डॉ. सतीष सिंह सिकरवार के नेतृत्व में कार्यकर्ता बलवंत गेट पर एकत्रित और बलवंत नगर की समस्त गलियों में घर-घर जाकर जनसम्पर्क किया।कल दिनांक 29 अक्टूबर के कार्यक्रमः- प्रातः 8 बजे भदौरिया मार्केट माता मंदिर से वार्ड 29 में जनसम्पर्क शुरू होगा एवं शाम 5 बजे होटल सेन्ट्रल पार्क से वार्ड 30 में जनसम्पर्क शुरू होगा।

# मतदान दलों को उनकी सीट पर ही मिलेगी मतदान सामग्री, जमा करने के लिये टोकन व्यवस्था

## मतदान सामग्री वितरण व प्राप्ति के लिए तैनात अमले को किया प्रशिक्षित, गैर हाजिर रहे 28 कर्मचारियों के खिलाफ होगी अनुशासनात्मक कार्रवाई

**ग्वालियर।** मतदान सामग्री प्राप्त करने एवं जमा करने के लिये इस बार लम्बी-लम्बी कतारें नहीं लगेंगीं। मतदान दल को वहीं पर मतदान सामग्री प्रदान की जायेगी, जहाँ उसके बैठने का स्थान निर्धारित है। इसलिए मतदान सामग्री प्राप्त करने के लिए मतदान कर्मियों को इधर-उधर भटकने की जरूरत नहीं रहेगी। काउण्टर पर पीठासीन अधिकारी केवल ईवीएम व वीवीपैट लेने जायेंगे। इसी तरह मतदान सामग्री जमा करने के लिए पहली बार टोकन व्यवस्था की गई है। मतदान सामग्री वितरण व वापसी का काम कुल 94 काउण्टर के माध्यम से होगा। इस आशय की जानकारी विधानसभा उप चुनाव के लिये मतदान सामग्री वितरण एवं प्राप्ति के लिए तैनात किए गए अमले को प्रशिक्षण के दौरान दी गई। मतदान सामग्री वितरण एवं प्राप्ति दलों को यह प्रशिक्षण बुधवार को एमएलबी कॉलेज परिसर में विधानसभा क्षेत्रवार दिया गया। कुल 10 प्रतिशत रिजर्व अधिकारी-कर्मचारियों सहित लगभग 890 शासकीय सेवकों ने यह प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण में गैर हाजिर रहे 28 अधिकारी-कर्मचारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रस्तावित की गई है। इन सभी अधिकारी-कर्मचारियों को आगाह किया गया है कि यदि उन्होंने 29 अक्टूबर तक अपनी उपस्थिति दर्ज नहीं कराई तो उनके खिलाफ लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत कार्रवाई कर दी जायेगी।

इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं मतदान सामग्री वितरण व प्राप्ति प्रभारी श्री शिवम वर्मा ने कहा कि सामग्री वितरण एवं प्राप्ति के लिये



तैनात सभी अधिकारी-कर्मचारी स्वयं कोविड गाइडलाइन का पालन करें और मतदान दलों से भी कराएँ। उन्होंने कहा कोविड संक्रमण को ध्यान में रखकर इस बार टोकन व्यवस्था लागू की गई है। चुनाव सामग्री वितरण व वापसी से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी पूरी संजीदगी व मुस्तैदी के साथ अपने कर्तव्य का निर्वहन कर इस काम को अंजाम दें। जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विजय दुबे ने बताया कि मतदान सामग्री वितरण व संकलन के लिए हर विधानसभा क्षेत्र के मान से दो प्रकार के काउण्टर लगाए जायेंगे। एक काउण्टर पर ईवीएम एवं अन्य महत्वपूर्ण प्रपत्र वितरण व प्राप्ति का काम होगा। दूसरे काउण्टर पर शेष सामग्री वितरित और जमा होगी। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 15-ग्वालियर के लिये 16-16 काउण्टर, विधानसभा क्षेत्र 16-ग्वालियर पूर्व के लिये 18-18 काउण्टर एवं विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 19-डबरा (अजा) के लिये 13-13 काउण्टर बनाए गए हैं। हर काउण्टर पर 8 अधिकारी-कर्मचारी सामग्री वितरण व प्राप्ति के लिये तैनात रहेंगे। ज्ञात हो विधानसभा उप निर्वाचन कार्यक्रम के तहत जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों में 3 नवम्बर को मतदान होगा। मतदान सम्पन्न कराने के लिये 2 नवम्बर को एमएलबी कॉलेज से मतदान सामग्री प्रदान कर मतदान दलों को मतदान केन्द्रों के लिये रवाना किया जायेगा। मतदान सामग्री का वितरण इस दिन प्रातः 6 बजे से होगा। मतदान सामग्री की वापसी 3 नवम्बर को मतदान के बाद एमएलबी कॉलेज में ही होगी और स्ट्रांग रूम में कड़ी सुरक्षा के बीच ईवीएम सुरक्षित रखी जायेंगीं। मतगणना 10 नवम्बर को होगी। कोविड-19 से बचाव के लिये मतदान दलों को मिलेगी 6 प्रकार की सामग्री कोविड-19 संक्रमण से बचाव के लिये मतदान दलों को 6 प्रकार की सामग्री प्रदान की जायेगी। जिसमें हैण्ड ग्लब्स, मास्क, फेस सील्ड, शू कवर, गोगल (चश्मा) व सेनेटाइजर शामिल हैं।

### प्रेक्षक श्री सिन्हा ने लिया डाक मत पत्र सुविधा केन्द्रों का जायजा

ग्वालियर। सामान्य प्रेक्षक श्री संजय सिन्हा ने बुधवार को भारतीय पर्यटन एवं यात्रा प्रबंधन संस्थान में पहुँचकर डाक मत पत्र सुविधा केन्द्रों का जायजा लिया। उन्होंने कर्मचारियों द्वारा डाले जा रहे डाक मत पत्रों की प्रक्रिया देखी। भारत निर्वाचन आयोग ने जिले के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 15-ग्वालियर एवं 16-ग्वालियर पूर्व में हो रहे उप चुनाव पर निगरानी रखने के लिये भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी श्री संजय सिन्हा को सामान्य प्रेक्षक की जिम्मेदारी सौंपी है। डाक मत पत्र सुविधा केन्द्रों का जायजा लेने के बाद प्रेक्षक श्री सिन्हा ने विधानसभा क्षेत्र ग्वालियर एवं ग्वालियर पूर्व के मतदान केन्द्रों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के तहत मतदान केन्द्रों पर सभी इंतजाम मुकम्मल करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर संबंधित तहसीलदार एवं अन्य अधिकारी मौजूद थे।

TOMAR ASSOCIATES
शीघ्र करें, ऑफर सीमित समय के लिये
नवरात्री के अवसर पर
विशेष छूट पर प्लॉट उपलब्ध
ग्वालियर शहर में आसान मासिक किस्तों पर प्लॉट उपलब्ध। भिण्ड-ग्वालियर मैन रोड से मात्र 500 मीटर की दूरी पर सर्व सुविधा युवत पक्की कॉलोनी गौरी नगर में प्लॉट उपलब्ध हैं।
500, 600, 800, 1000, 1200 वर्ग फुट
नोट : तुरन्त रजिस्ट्री कराने पर रजिस्ट्रीखर्चे में 25 प्रतिशत का खर्चा TOMAR ASSOCIATES द्वारा दिया जायेगा।
नवरात्री पर विशेष छूट बेटी वाले परिवार को 100 रू वर्गफीट की विशेष छूट रहेगी।
कॉल करें या मिलें 9 से 6 बजे तक
पता : 03 तोमर मार्केट, गायत्री मन्दिर वाली गली, पिन्टो पार्क, ग्वा. म.प्र.
मो.: 9713253992, 9165260261, 9111503705.
मुद्रक : भारत प्रिंटर्स,गिरिज प्लाजा, पिन्टो पार्क, ग्वा. 9644042434

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ
पुष्पांजली टुडे
क्लासिफाइड में अगले दिन प्रकाशित होने वाले विज्ञापन की बुकिंग सुबह 10 बजे से सांय 6 बजे तक
डिस्प्ले क्लासिफाइड 25/ रु Sq.Cm.
(Min. size 5×9)
कोर्ट नोटिस / आम सूचना साइज
12×5 - 2000 रु
नि:शुल्क
बच्चों के बर्थडे एवं शादी की सालगिरह श्रद्धांजलि शोक संदेश उठावनी
संपर्क सूत्र : 8269307478,7999246560

P TV NEWS INDIA प्रतिभा हम निखारेंगे
PUSHPANJALI TODAY न्यूज़ नई सोच नई पहल
अगर आपके अंदर है कोई जज्बा तो उभर कर आइये आगे आपकी लिखी हुई
कहानी, लेख, कविताओं को हम देंगे जगह आपके अंदर की प्रतिभा को हम उभारेंगे ।
तो देर किस बात की हमे भेजें अपनी कविता, लेख, कहानियां फिर देश की आर्थिक स्थति या फिर स्वच्छता के ऊपर अपने विचार
आप हमें व्हाट्सप या मेल भी कर सकते हैं
हमारा उद्देश्य भारत में छिपी प्रतिभाओं को बाहर निकालना।
Whatsapp :- 9425665944,7999246560, 9691270207
gmail - pushpanjalitoday@gmail.com
नोट - व्हाट्सएप या मेल करते समय ध्यान रखे भेजने वाला व्यक्ति अपनी फोटो ओर नाम/ पता / अवश्य भेंजे

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक- भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रॉनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 निकट हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478